सूर्योदय 6:04 सूर्यास्त 6:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.2 न्यू | 21.4 अधि |
| धर्मशाला | 20.2 न्यू | 26.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,380.69 |
| निफ्टी | 25,239.10 |
| सोना 1,10,540 | चांदी 1,28,989 |


# अनंत ज्ञान


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 17 सितंबर 2025 | 2 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 260, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल के दो वरिष्ठ अधिवक्ता बने हाईकोर्ट के न्यायाधीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में दो वरिष्ठ अधिवक्ता जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा को न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 15 सितंबर 2025 को हुई बैठक में दोनों नामों की सिफारिश को मंजूरी दी। केंद्र सरकार की अधिसूचना जारी होने के बाद दोनों अधिवक्ता औपचारिक रूप से हाईकोर्ट जज का पदभार संभालेंगे। कानूनी समुदाय में उनकी प्रतिष्ठा और व्यापक अनुभव को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### असम की अफसर के घर मिले 2 करोड़ के जेवर

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम सिविल सेवा अधिकारी नूपुर बोरा को आय से अधिक संपत्ति रखने और जमीन घोटाले के आरोप में हिरासत में लिया गया है। विजिलेंस टीम ने उनके गुवाहाटी स्थित घर से 92 लाख नकद और 2 करोड़ के जेवर जब्त किए। बारपेटा में किराए के घर से भी 10 लाख नकद मिले। आरोप है कि उन्होंने पैसे लेकर हिंदुओं की जमीन संदिग्ध व्यक्तियों के नाम की। सीएम हिमंता सरमा ने कहा कि छह महीने से उन पर निगरानी रखी जा रही थी। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया मानहानि केस

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर 15 अरब डॉलर का मानहानि केस फ्लोरिडा में दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि यह अखबार वर्षों से उनके, उनके परिवार और राजनीतिक आंदोलन के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स कट्टरपंथी वामपंथी डेमोक्रेट पार्टी का मुखपत्र बन गया है। ट्रुथ सोशल पर उन्होंने कहा कि यह देश का सबसे गिरे हुए अखबारों में से एक है और इसके खिलाफ कार्रवाई जरूरी थी। (अनंत ज्ञान)

### इंटरपोल ने 6.5 बिलियन डॉलर की ड्रग जब्त की

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंटरपोल ने ड्रग्स के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन लायनफिश-मेयाग आईआईआई छेड़ा है। सिर्फ 2 हफ्तों में भारत समेत 18 देशों में यह ऑपरेशन चलाया गया है। इसके तहत 76 टन ड्रग्स बरामद किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत 6.5 बिलियन डॉलर आंकी गई है। इसमें रिकॉर्ड 297 मिलियन नशे की गोलियां जब्त की गई हैं। ऑपरेशन में शामिल एजेंसियों ने फेंटानिल, हेरोइन, कोकीन और प्रीकर्सर का बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस बड़े अभियान में 386 गिरफ्तारियां हुई हैं और डार्कनेट पर इस अवैध कारोबार पर भी कार्रवाई हुई है। ड्रग्स को सर्फबोर्ड, टी बॉक्स, कैट फूड और कॉफी मशीन में छिपाया गया था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भोरंज में दिनदहाड़े महिला की हत्या, सिर पर वार कर उतारा मौत के घाट पेज 2
- बलीरी गांव में खैर के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी, 23 मोछे बरामद -पेज 4
- बिलासपुर में एयरोस्पोर्ट्स और वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां फिर शुरू -पेज 6
- उचित मूल्य की दुकानों व एलपीजी आपूर्ति की जांच के दिए निर्देश -पेज 12
- युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा और सोनू सूद से ईडी करेगी पूछताछ -पेज 13


# जाते मानसून ने हिमाचल में मचाई तबाही

## धर्मपुर में फटा बादल, बस स्टैंड और मुख्य बाजार तबाह

## द्रंग में मंदिर से लौट रहे चचेरे भाई खड्ड में बहे

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात बादल फटने से अचानक आए पानी के सैलाब ने भारी तबाही मचाई। सोन खड्ड के उफान पर आने से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बारिश और बाढ़ की चपेट में आकर धर्मपुर बस अड्डा और मुख्य बाजार पूरी तरह तबाह हो गए। लगभग 70 दुकानें, एचआरटीसी की 23 बसें, निगम की वर्कशॉप, पेट्रोल पंप, जल शक्ति विभाग का उपमंडल कार्यालय, डीएसपी कार्यालय, 33 केवी विद्युत ढांचा, केंद्रीय विद्यालय भवन, वन नर्सरी, शीतला माता मंदिर, लक्ष्मण ब्रिज (फुटब्रिज), कांग्रेस व भाजपा कार्यालय, हरिजन बस्ती के तमाम घर पानी में डूब गए। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल और विजय मेमोरियल स्कूल (साईं फाउंडेशन के अंतर्गत) बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि एक ट्रैवलर गाड़ी भी पानी की चपेट में आई, जिसमें चालक सोया हुआ था। उसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है, वहीं एक अन्य व्यक्ति के भी लापता होने की खबर है। प्रत्यक्षदर्शी राहुल और उदय सकलानी ने बताया की रात 2 बजे भारी बारिश हुई। तमाम लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। देखते ही देखते 20 मिनट में पानी का लेवल 20 फुट ऊपर उठ गया और 2.20 बजे लेवल भी उतर गया। इस दौरान पूरा धर्मपुर पानी में डूब चुका था।

घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरफ की टीमें, मंडी से एसपी, एसडीएम धर्मपुर के अतिरिक्त पुलिस दल, डीएसपी सरकाघाट और धर्मपुर घटनास्थल पर डट गए। पानी में बह गए दोनों व्यक्तियों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन पूरी तत्परता से जारी है। वहीं, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर, उनके बेटे रजत ठाकुर, जिला परिषद वंदना गुलेरिया ने भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया।

उधर, द्रंग विधानसभा क्षेत्र के बदार की शिवा खड्ड में दो चचेरे भाइयों की पानी के तेज बहाव में बहने से मौत हो गई। ये दोनों अपने परिवार के साथ मंदिर में माथा टेकने गए थे।



मंडी जिले के धर्मपुर बस स्टैंड में तबाही का मंजर।

### करोड़ों का नुकसान, बिजली-पानी की आपूर्ति ठप

**लगातार** बारिश से कई बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप है और मोबाइल नेटवर्क भी बाधित हो गया है। अब तक लगभग 50 वाहन पानी के बहाव में बह चुके हैं। अकेले एचआरटीसी को ही करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। धर्मपुर का ऐतिहासिक लक्ष्मण झूला, जो पुराने धर्मपुर को नए धर्मपुर से जोड़ता था, भी पानी के तेज बहाव में बह गया है।

### सुंदरनगर में बारिश से लैंडस्लाइड, तीन की मौत

**सुंदरनगर** विधानसभा क्षेत्र के निहारी तहसील की हाड़ाबाई पंचायत के ब्रागता गांव में भारी बारिश के कारण लैंडस्लाइड में एक घर मलबे के नीचे दब गया, जिसमें पांच लोग फंसे हुए थे। स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों की मदद से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक आठ महीने का मासूम बच्चा शामिल है। घटना की जानकारी मिलते ही सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल सुन्नी अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की और मृतकों के परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

## हिमाचल में सामान्य से 44 प्रतिशत ज्यादा बारिश, अब तक 409 की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विदा होते मानसून ने राहत देने के बजाय हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर कहर बरपा दिया है। सोमवार रात हुई भीषण बारिश ने राजधानी शिमला से लेकर पहाड़ी कस्बों तक तबाही के गहरे निशान छोड़े हैं। पहाड़ों से लगातार गिरते मलबे ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, घरों और गाड़ियों को अपने मलबे में दबा दिया और लोगों की रफ्तार थम गई।

भारी बारिश के चलते राजधानी शिमला की प्रमुख सड़कें खासकर सर्कुलर रोड टालैंड के पास भूस्खलन से पूरी तरह अवरुद्ध हो गई। हिमलैंड, बीसीएस स्कूल और पंजाली क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी दर्जनों गाड़ियां मलबे में दब गईं। यातायात बाधित होने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार इस बार बारिश सामान्य से कहीं अधिक हुई है। एक जून से 15 सितंबर तक राज्य में 991.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से 44 फीसदी अधिक है। शिमला में 105 फीसदी, कुल्लू में 107 फीसदी और मंडी रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में अब तक मानसून से 409 लोगों की मौत हो चुकी है।



शिमला में भारी बारिश से गिरी गाड़ियां।

## देहरादून में भी फटा बादल, 6 की मौत

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के इलाके तपोवन, आईटी पार्क, घंगौरा, घड़ी कैंट इलाकों में पानी भर गया। कई सड़कें बह गईं।

तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया। इस दौरान मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें लगभग 10 लोग सवार थे, जिसमें 6 लोगों के मरने की खबर है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। टपकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी ने बताया कि सुबह 5 बजे नदी में बाढ़ आई, पूरा मंदिर डूब गया, कई मूर्तियां बह गईं। हालांकि, गर्भगृह सुरक्षित है। (अनंत ज्ञान)



बादल फटने के बाद पानी में डूबा मंदिर परिसर।

## हिमाचल सरकार ने किए तीन एचएएस अधिकारियों के तबादले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा (एचएएस) के तीन अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

राकेश कुमार शर्मा को उप विभागीय अधिकारी (नागरिक) नादौन तथा नादौन नगर परिषद के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त वह सहायक आयुक्त (विकास) और अतिरिक्त जिला आयुक्त (विकास), हमीरपुर का भी दायित्व संभालेंगे। डॉ. संजीव कुमार धीमान को सोलन के उप विभागीय अधिकारी (नागरिक) के पद पर कार्यरत डॉ. धीमान को अब उप विभागीय अधिकारी (नागरिक), नालागढ़ का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

घनश्याम दास को सोलन और रिकांगपिओ में क्रमशः परियोजना निदेशक (डीआरडीए) और परियोजना अधिकारी (आईटीडीपी) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वे पूर्व में सहायक आयुक्त (विकास), जिला किन्नौर और सहायक आयुक्त, रिकांगपिओ के पद पर तैनात थे।


## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र पर साधा निशाना, बोले-

## आपदा पर हो रही राजनीति, नहीं मिल रहा विशेष सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिले के निहरी क्षेत्र में हुए भूस्खलन की त्रासदी पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्र सरकार पर राहत पैकेज को लेकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि केंद्र के मंत्री केवल राजनीतिक लाभ के लिए आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, जबकि उन्हें अपने-अपने मंत्रालयों से विशेष वित्तीय पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रधानमंत्री से आग्रह करना चाहिए कि हिमाचल के लिए विशेष पैकेज जारी किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के पीडीएनए के तहत राज्य को 1500 करोड़ रुपए में से केवल 400 करोड़ रुपए ही मिले हैं, जबकि प्रधानमंत्री द्वारा इस वर्ष 1500 करोड़ रुपए की घोषणा का स्वरूप भी अब तक स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और जानकारी दी कि केवल एचआरटीसी को ही छह करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।



शिमला सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### राहत और पुनर्वास कार्य तेज

**मुख्यमंत्री** ने प्रभावित जिलों के उपायुक्तों से स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि असुरक्षित भवनों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर तुरंत स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों और जल योजनाओं को युद्धस्तर पर बहाल करने तथा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने मंडी जिले के निहरी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण तीन लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया।

## भारत ने कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं स्वीकारी : डार

**एजेंसी, दोहा।** पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में स्वीकार किया कि भारत ने कभी भी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की।

डार ने कहा कि पाकिस्तान को कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन भारत का साफ कहना था कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। 7 मई को शुरू हुए संघर्ष के बाद ट्रंप ने 10 मई को सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद डार ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से पूछा कि क्या अमेरिका मध्यस्थता कर रहा है, जिस पर रूबियो ने भारत के इनकार की जानकारी दी। डार ने कहा कि पाकिस्तान बातचीत को समाधान का रास्ता मानता है, लेकिन भारत ने अमेरिका द्वारा प्रस्तावित तटस्थ स्थान पर वार्ता का भी विरोध किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान आज भी बातचीत को तैयार है।

## अमेरिका-भारत ट्रेड वार्ता शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई थी। अब ट्रंप प्रशासन इस स्थिति से निपटने को डैमेज कंट्रोल की कोशिशों में जुटा है। भारत और अमेरिका के वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते पर मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी है।

माना जा रहा है कि वार्ता के दौरान निर्यातकों के लिए अनिश्चितता पैदा करने वाले भारी टैरिफ को लेकर उपजे मुद्दों को सुलझाने के प्रयास किए जाएंगे। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच अमेरिकी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल भारत के मुख्य वार्ताकार हैं। रूसी कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क और 25 प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना लगाए जाने के बाद किसी उच्च पदस्थ अमेरिकी व्यापार अधिकारी की यह पहली यात्रा है। भारत ने 50 प्रतिशत के भारी शुल्क को अनुचित बताया है। (अनंत ज्ञान)

## 16000 विदेशियों को डिपोर्ट करेगी भारत सरकार : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार देश में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ लगातार एक्शन ले रही है और इसके पूरी तरह से खात्मे को लेकर अपने अभियान में जुटी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार देश से हर तरह के ड्रग्स के खात्मे को लेकर प्रतिबद्ध है। सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हरसंभव कोशिश में लगी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, अमित शाह ने यह भी कहा कि मादक द्रव्यों के खतरे के खिलाफ कार्रवाई के पैमाने को बदलने का समय आ गया है, जिससे आने वाले दिनों में और अधिक कामयाबी मिले। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित और महान देश बनाने का लक्ष्य तय किया है। पीएम मोदी के इस सपने को साकार करने के लिए देश को पूरी तरह सुरक्षित होना होगा।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। (अनंत ज्ञान)



## मदर डेयरी ने दूध, पनीर, घी और मक्खन के घटाए दाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मदर डेयरी ने 16 सितंबर को अपने डेयरी प्रोडक्ट्स के दामों में कटौती का ऐलान किया है। यह फैसला हाल ही में जीएसटी दरों में कटौती के बाद लिया गया। प्रोडक्ट्स की कीमतों में 2 रुपए से लेकर 30 रुपए तक की कटौती की गई है। नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी।

इसमें टेट्रा पैक दूध, पनीर, चीज, घी, मक्खन, आइसक्रीम और सफल ब्रांड के प्रोसेस्ड फूड शामिल है। एक लीटर यूएसटी टोंड मिल्क (टेट्रा पैक) अब 77 रुपए के बजाय 75 रुपए में मिलेगा। वहीं, 450 एमएल यूएचटी डबल टोंड मिल्क की कीमत 33 रुपए से घटकर 32 रुपए हो गई है। वहीं, मदर डेयरी का 500 ग्राम बटर पैक अब 305 रुपए के बजाय 285 रुपए में और 100 ग्राम पैक 62 रुपए के बजाय 58 रुपए में मिलेगा। मदर डेयरी के मिल्कशेक, जिनमें स्ट्रॉबेरी, चॉकलेट, मैंगो और रबड़ी फ्लेवर शामिल हैं, उनके 180 मिली पैक की कीमत 30 रुपए से घटकर 28 रुपए हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामला

## निलंबित एएसआई पंकज कुमार को 26 तक भेजा जेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले में गिरफ्तार निलंबित एएसआई पंकज कुमार को कोर्ट ने 26 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने पंकज के पुलिस रिमांड को 5 दिन बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया।

वहीं, आरोपी की जमानत याचिका भी कोर्ट ने नामंजूर कर दी। अब पंकज को 26 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने बीते रविवार को बिलासपुर से पंकज कुमार को गिरफ्तार किया था। सोमवार को कोर्ट में पेश किए जाने के बाद उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। मंगलवार को दोबारा पेशी के दौरान कोर्ट ने उसे जेल भेजने का आदेश दिया। यह विमल नेगी केस में सीबीआई की पहली गिरफ्तारी है।

जांच में खुलासा हुआ है कि पंकज कुमार ने विमल नेगी की जेब से मिली पेन ड्राइव को छिपा दिया था। माना जा रहा है कि इस पेन ड्राइव में मामले से जुड़े अहम सबूत मौजूद थे। एक मछुआरे के बनाए गए वीडियो से इस पूरे मामले का खुलासा हुआ था। पंकज पर सबूत मिटाने और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप हैं।

## पलवल में हेड कांस्टेबल ने गाड़ी से तीन बच्चों को कुचला, दो की मौत

**एजेंसी, पलवल।** हरियाणा के पलवल जिले में एक तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। यहां नशे में धुत बताए जा रहे हेड कांस्टेबल ने स्कूल से लौट रहे 3 बच्चों को कुचल दिया। इनमें से 2 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिसकर्मी जब बच्चों को टक्कर मारकर भागने लगा तो आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी है। हालांकि, पुलिस जब आरोपी को पकड़कर ले जाने लगी तो लोगों ने पुलिस की गाड़ी का भी पीछा किया, क्योंकि लोग चाहते थे कि आरोपी का मेडिकल उनके सामने ही हो। आरोपी नूंह डीएसपी कार्यालय में रीडर है। (अनंत ज्ञान)

### सफलता | बरोट की वादियों में वैज्ञानिक खोज, ऐतिहासिक महत्व के तहत होगा अनोखा उपयोग

## बरोट घाटी में मिली दुर्लभ वनस्पति लाइकोपोडियम जापोनिकल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की बरोट घाटी में प्रकृति का एक अनमोल खजाना खोजा गया है। यहां पहली बार दुर्लभ वनस्पति लाइकोपोडियम जापोनिकल (क्लबमॉस या वुल्फ फट) की प्रजाति पाई गई है। यह पौधा चीन, जापान और दक्षिणी एशिया के देशों में मिलता है और इसका औषधीय महत्व इतना अधिक है कि इसे कई रोगों के उपचार में रामबाण माना जाता है।

डीएवी कॉलेज होशियारपुर के सहायक प्रोफेसर और टेरिडोलॉजिस्ट डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने करीब 20 वर्षों के शोध के बाद इस पौधे के मिलने का दावा किया है। इस खोज की पुष्टि इंडियन फर्न जर्नल और प्रसिद्ध टेरिडोलॉजिस्ट प्रोफेसर एसपी खुल्लर ने भी की है। शिमला में डॉ. वर्मा के अनुसार यह पौधा 1,800 से 2,000 मीटर की ऊंचाई पर ठंडी और नमी वाली जगहों में उगता है। बारिश के मौसम में यह प्रजाति नदी, झील और चट्टानों के पास अम्लीय मिट्टी में विकसित होती है।

जानकारों के अनुसार प्रथम विश्व युद्ध के समय सैनिकों ने रात को रोशनी के लिए इसे जलाया था। बाद में इसके औषधीय महत्व का पता चलने पर मांग तेजी से बढ़ गई। जलवायु परिवर्तन और लगातार घटते प्राकृतिक संसाधनों के कारण यह वनस्पति अब बेहद दुर्लभ हो चुकी है।



### कई रोगों में चमत्कारी असर

**इस** पौधे का प्रयोग विशेष रूप से होम्योपैथी में दवाएं बनाने के लिए किया जाता है। यह चर्म रोगों और पाचन शक्ति बढ़ाने के लिए लाभकारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें पाया जाने वाला पोटेशियम संक्रमण, सूजन और पाचन संबंधी रोगों को दूर करने में सहायक होता है।

### लिवर रोगों के लिए कारगर

**लाइकोपोडियम** जापोनिकल लिवर से जुड़ी बीमारियों के इलाज में भी कारगर है। यही कारण है कि इसे औषधीय दृष्टि से एक बहुमूल्य वनस्पति माना जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी पहचान और संरक्षण भविष्य में चिकित्सा विज्ञान के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल सकती है।

# लगातार बारिश से जाहू-भरेड़ी मार्ग दोबारा ठप

## सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी; खेतों व बगीचों को भी नुकसान, स्थायी समाधान की मांग

सुनील कुमार, अनंत ज्ञान

**जाहू।** भोरंज उपमंडल में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार रात नालटू के पास सड़क का एक हिस्सा बह गया था, जिसके कारण जाहू-वाया भरेड़ी मार्ग पर यातायात ठप हो गया। लोक निर्माण विभाग ने आनन-फानन में मिट्टी डालकर सड़क को दो दिन बाद बहाल कर दिया, लेकिन सोमवार रात को फिर हुई मूसलाधार बारिश से मिट्टी से भरा हिस्सा दोबारा बह गया और मार्ग फिर से बंद हो गया।



लगातार बारिश से जाहू-भरेड़ी मार्ग क्षतिग्रस्त।

सड़क बंद होने से स्थानीय लोगों की आवाजाही पर संकट खड़ा हो गया है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो गया है और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। लगातार बारिश से खेतों और बागीचों को नुकसान पहुंचा है। कई जगहों पर खड़ी मक्की की फसल पानी में डूब गई है। घरों में नमी भरने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क को बार-बार मिट्टी से भरने की बजाय स्थायी समाधान किया जाए। क्षतिग्रस्त पुलिया की तुरंत मरम्मत शुरू करने की भी मांग उठाई गई है।

प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभागीय टीमें मार्ग बहाल करने में जुटी हुई हैं, लेकिन लगातार बारिश से काम में दिक्कतें आ रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि मौसम सुधरते ही क्षति का आकलन कर बहाली कार्य तेज किया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि इस बार मिट्टी डालने से पहले दोनों तरफ कंक्रीट के डंगे लगाए जाएंगे ताकि सड़क पानी के तेज बहाव में सुरक्षित रहे।

### भटेड़ गांव में बारिश से पशुशाला ध्वस्त

संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी। बीते रात हुई मूसलाधार बारिश ने बमसन उपमंडल के भटेड़ गांव में भूमि देव की पशुशाला पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। उनकी पशुशाला में रखा चारा और अन्य सामान भी बर्बाद हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

### टपरे गांव में गोशाला गिरी, भैंस की मौत

अनंत ज्ञान, टौणी देवी। टौणी देवी के टपरे गांव में विजय कुमार लंबरदार पुत्र उद्यम सिंह की गोशाला भारी बारिश से गिर गई। इसमें बंधी एक भैंस की मौत हो गई तथा इसका बच्चा घायल हो गया। परिवार को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### भोरंज के अंबी में भूस्खलन से मकान को खतरा

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत आने वाले गांव अंबी में भारी भूस्खलन से ग्रामीणों के मकानों को खतरा पैदा हो गया है। राज कुमार का घर भूस्खलन की जद में आ गया है। उनके घर के पीछे अचानक बड़ा ल्हासा गिरने से भूमि खिसक गई है, जिससे मकान की नींव प्रभावित हो रही है और परिवार पर संकट मंडराने लगा है।

### चंदरुही बाजार में कच्चा मकान ढहा, परिवार बेघर

अनंत ज्ञान, भोरंज। ग्राम पंचायत कक्कड़ के गांव बाजार चंदरुही में सोमवार रात हुई भारी बारिश से एक परिवार का आशियाना मलबे में तब्दील हो गया। सोमा देवी पत्नी प्रेम चंद का कच्चा मकान बारिश से ढह गया। इस हादसे से घर का सारा सामान भी दब गया। पंचायत प्रधान विनोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रधान ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को तुरंत राहत सामग्री व आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# ढाणा गांव में भूस्खलन से तबाही, डेंजर जोन में 9 घर

## राहत एवं बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम, स्थिति का लिया जायजा

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बड़सर।** प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सोमवार देर रात हुई मूसलधार बारिश के चलते ग्राम पंचायत वाणी के ढाणा गांव में भारी भूस्खलन हुआ, जिससे 9 घर डेंजर जोन में आ गए हैं। इस आपदा में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम राहत एवं बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक आकलन में लगभग 10 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को तिरपाल वितरित किए गए, ताकि उन्हें अस्थायी रूप से राहत मिल सके।

एसडीएम ने बताया कि अब तक क्षेत्र में 31 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जबकि 101 मकान आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। साथ ही 96 पशुपालन संरचनाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रशासन को अब तक 44 आपदा राहत आवेदन प्राप्त हुए हैं।

आपदा से प्रभावित लगभग 20 परिवारों को 5 लाख रुपए की फौरी राहत राशि वितरित की गई है। वहीं, भूस्खलन के कारण अवरुद्ध हुए कुछ रास्तों को अस्थायी रूप से चालू कर दिया गया है। विकास खंड अधिकारी को स्थायी डंगे लगाने के लिए अनुमानित राशि तैयार करने के आदेश दिए गए हैं।

एसडीएम राजेंद्र गौतम ने आश्वासन दिया कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र का पूरा प्रशासन आपदा पीड़ितों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अगर आपदा के समय कोई अधिकारी लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसा नाले का पानी, सारा सामान खराब

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत गांव खुराहल में बीते दिनों हुई बरसात से ग्रामीणों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। गांव के निवासी राकेश कुमार पुत्र कमल देव का मकान बरसाती नाले के पानी की चपेट में आने से बुरी तरह प्रभावित हुआ। जानकारी के अनुसार साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी के नजदीक स्थित राकेश कुमार के घर में नाले का पानी घुस आया। पानी के तेज बहाव के कारण घर के अंदर रखा फर्नीचर, कपड़े, बिस्तर व अन्य घरेलू सामान पूरी तरह से खराब हो गया। ग्रामीण के अनुसार, यह स्थिति हर वर्ष बरसात में उत्पन्न होती है, जिससे परिवार को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। राकेश कुमार ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि नाले के किनारे पक्का डंगा बनाया जाए ताकि भविष्य में घर और जान-माल को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को बताया संचार कौशल का महत्व

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में छह दिवसीय संप्रेषण कौशल के सुधार का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में एनके शर्मा व मुख्य प्रवक्ता चंपा ठाकुर रहे। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम की शुरुआत के लिए सभी प्रवक्ताओं को प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को तथा जीवन में संचार कौशल किस तरह से उपयोगी है उसके महत्व को बताया 'स्वयं को ज्ञान के प्रकाश का पुंज बनाओ'। मंगलवार के रिसोर्स पर्सन चंपा ठाकुर ने बताया कि संचार कौशल सुधारने के लिए, स्पष्ट बोलें, ध्यान से सुनें, शारीरिक हाव-भाव पर ध्यान दें और आत्मविश्वास बढ़ाएं। इसके लिए, अच्छी शब्दावली सीखें, पर्याप्त विचार-विमर्श करें, सार्वजनिक बोलने के अवसर तलाशें और हर बातचीत में सचेत रहें। इस कार्यक्रम में कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्या डॉ. पूनम भारद्वाज, स्टाफ सदस्य तथा डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक उपस्थित रहे।

### शिक्षिका प्रवीण को मिला विद्या रत्न पुरस्कार

वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा। ब्लू स्टार फाउंडेशन द्वारा हिन्दी दिवस पर आदर्श विद्या रत्न सम्मान के लिए ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 10,035 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में से 100 प्रतिभागियों को चयनित कर पुरस्कार एवं सम्मान से अलंकृत किया गया। इन्हीं में से पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बढ़ारन में कार्यरत मैडम प्रवीण कुमारी को भी इस फाउंडेशन द्वारा हिन्दी दिवस पर विद्या रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। मैडम प्रवीण हिंदी विषय की अध्यापिका हैं। हिंदी के प्रति उनके योगदान को देखते हुए मिला यह सम्मान उनके प्रयासों की सच्ची पहचान है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर, उपप्रधानाचार्य विजय सोनी व समस्त अध्यापक वर्ग ने उन्हें बधाई दी।

### पर्यावरण संरक्षण के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर, भूगोल विभाग ने विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ विभा ठाकुर जी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को ओजोन दिवस के महत्व के बारे में बताया और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो राजीव ठाकुर ने ओजोन परत के क्षरण के कारणों और सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों की जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभावों से बचने के लिए पर्यावरण संरक्षण लिए प्रयास बढ़ाने का आह्वान किया। प्रो निर्मला ने ओजोन दिवस के इतिहास और पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 100से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बच्चों को बताए आपदा बचाव के उपाय

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। एनडीआरएफ की टीम ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट में विद्यार्थियों को आपदा सुरक्षा एवं बचाव कार्यों से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की ओर से टौणीदेवी के तहसीलदार सौरव धीमान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इंस्पेक्टर आदेश कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को आपात परिस्थितियों के दौरान बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बचाव के विभिन्न उपायों का प्रैक्टिकल प्रदर्शन किया। इस टीम में एसआई विवेक कौल, एएसआई राजेश कुमार और एनडीआरएफ के अन्य जवान शामिल हैं। प्रधानाचार्य बलवंत सिंह ने कहा कि इससे बच्चों को कई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। इस अवसर पर स्कूल के सीनियर लेक्चरर संतोष कुमार, अन्य शिक्षक, डीडीएमए के अधिकारी अनिल कुमार शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### ऑपरेटरों के 80 पदों के लिए इंटरव्यू कल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला सिरमौर के प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब की कंपनी ब्ल्यू स्टार लिमिटेड ऑपरेटरों के 80 पदों को भरने के लिए 18 सितंबर को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए फिटर, आरएसी, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर और वैल्डर इत्यादि ट्रेड के आईटीआई डिप्लोमाधारक युवक-युवतियां पात्र होंगे। अभ्यर्थी की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कंपनी द्वारा चयनित उम्मीदवारों को 20,800 रुपए मासिक वेतन और अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 16,000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### रविंद्र सिंह सहित 3 को मिला राहवीर पुरस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने, उन्हें अस्पताल पहुंचाने और जानमाल की रक्षा करने वाले स्वयंसेवकों के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की सड़क सुरक्षा सैल ने राहवीर पुरस्कार योजना चलाई हुई है। जिले के समाजसेवी रविंद्र सिंह डोगरा विगत 10 वर्षों से सड़क सुरक्षा के तहत बमसन लगवालती और सुजानपुर में होने वाली दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करते आ रहे हैं। मृतकों को भी स्वयं उठाकर लाते हैं। इस बात की तसदीक स्वयं टौणी देवी पुलिस अपने पत्र द्वारा पूर्व में कर चुकी है। अपने साथ मदद करने वाले दो और युवकों रविंद्र कुमार और राहुल ठाकुर का भी नाम डोगरा ने शामिल किया था, इसलिए तीनों को यह पुरस्कार दिया गया है। इन तीनों को 50,000 इनाम की राशि बराबर बांटी जाएगी।

### अधर में बीआरसीसी भर्ती, शिक्षा विभाग मौन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत खंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) भर्ती को लेकर प्रदेश में असमंजस की स्थिति बनी है। अक्तूबर 2023 के विज्ञापन में 141 खंडों में प्रति खंड एक प्राथमिक व एक उच्च प्राथमिक बीआरसीसी रखने का प्रावधान था, यानी कुल 282 पदों पर भर्ती होनी थी।करीब एक वर्ष तक हाईकोर्ट में स्टे रहने के बाद 2024 में प्रक्रिया फिर शुरू हुई। दिसंबर तक आवेदन, अप्रैल 2025 में लिखित परीक्षा और जून तक साक्षात्कार हो चुके हैं, परंतु अंतिम परिणाम कोर्ट में दायर याचिकाओं के कारण लंबित है। अब चर्चा है कि पद घटाकर 141 कर दिए जाएं, जिससे आरक्षण और मेरिट में असंतुलन की आशंका है। साथ ही, एक ही बीआरसीसी पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर का पूरा कार्यभार आना व्यावहारिक रूप से कठिन होगा।राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि नई शिक्षा नीति व समग्र शिक्षा अभियान में प्रति खंड दो बीआरसीसी का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के बीआरसी मैनुअली बनाम आंध्रप्रदेश (2008) में भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियम बदलने को अवैध बताया है।संघ ने मांग की है कि विभाग लिखित रूप से स्थिति स्पष्ट करे, न्यायालय की अनुमति लेकर शीघ्र अंतिम परिणाम घोषित करे और पदों की संख्या यथावत 282 रखी जाए।

# भारी बारिश से जिले में 32 करोड़ रुपए का नुकसान

## उपायुक्त अमरजीत ने लोगों को सावधानी बरतने व नदी-नालों के पास न जाने की दी सलाह

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**जिले** के अधिकांश क्षेत्रों में सोमवार रात और मंगलवार तड़के हुई भारी बारिश से कई जगहों पर तबाही हुई है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जिला एमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (डीईओसी) में मंगलवार दोपहर तक प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में सार्वजनिक और निजी संपत्ति का लगभग 32.60 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही इस मानसून सीजन में जिलेभर में हुए नुकसान का आंकड़ा 371.15 करोड़ रुपए से भी अधिक हो गया है।

इस दौरान जल शक्ति विभाग को सर्वाधिक 186 करोड़ रुपए, लोक निर्माण विभाग को 171.62 करोड़ रुपए, बिजली बोर्ड को 2.07 करोड़ और शिक्षा विभाग को 1.99 करोड़ रुपए व स्वास्थ्य विभाग डेढ़ लाख और मत्स्य पालन विभाग को 55 हजार रुपए की क्षति हुई है। बागवानी विभाग ने विभिन्न फसलों को हुए 18.06 लाख रुपए और कृषि विभाग ने 35.02 लाख रुपए के नुकसान की रिपोर्ट प्रेषित की है।

77 कच्चे मकान और 5 पक्का मकान ध्वस्त होने से लगभग 2.19 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। 442 अन्य कच्चे मकानों और 39 पक्के मकानों को आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, जिससे 2.84 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। 55 अन्य भवनों को भी लगभग 22.98 लाख रुपए की क्षति पहुंची है। जिलेभर में 144 डंगे गिरे हैं, जिनमें लगभग 1.20 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। 555 गोशालाओं के ध्वस्त होने से लगभग 2.39 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा कि लगातार खराब मौसम को देखते हुए सभी जिलावासी विशेष ऐहतियात बरतें और नदी-नालों के पास न जाएं। भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों से भी दूर रहें। भारी बारिश में घर से बाहर निकलने का जोखिम न उठाएं। खराब मौसम में पेड़ों के नीचे आश्रय न लें तथा बिजली की तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। ब्यास नदी के किनारे वाले क्षेत्रों के लोग नदी के पास न जाएं। उपायुक्त ने किसी भी आपातकालीन स्थिति में स्थानीय प्रशासन या जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के टॉल फ्री नंबर 1077 अथवा दूरभाष नंबर 01972-221277 पर संपर्क करने की अपील भी की है।

### गरसाहड़ गांव में भूस्खलन पीड़ित परिवार ने प्रशासन से डंगा लगाने की लगाई गुहार

अनंत ज्ञान, भोरंज । भोरंज उपमंडल के तहत आने वाले गरसाहड़ गांव में सोमवार रात्रि भारी बारिश होने के कारण भूस्खलन होने से स्थानीय निवासी प्रताप शर्मा पुत्र मथुरा दास का घर खतरे की जद में आ गया है। घर के सामने हुए भारी भूस्खलन के कारण भूमि खिसकने से मकान की नींव को नुकसान पहुंचने का अंदेशा है। हालात ऐसे हैं कि अगर समय रहते रोकथाम के उपाय नहीं किए गए, तो पीड़ित परिवार का घर गिरने के कगार पर आ सकता है। घटना की सूचना मिलने पर उपप्रधान विकास शर्मा और पटवारी भरेड़ी रवि ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग करते हुए घर को सुरक्षित करने के लिए डंगा (सुरक्षा दीवार) लगाने की अपील की है। परिवार का कहना है कि हालात गंभीर हैं और यदि प्रशासन तुरंत कदम नहीं उठाता तो उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से गांव के अन्य घरों को भी बचाया जा सके।

# भोरंज में दिनदहाड़े महिला की हत्या सिर पर वार कर उतारा मौत के घाट

अनंत ज्ञान, भोरंज

- क्षेत्र में दहशत, अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज
- डॉग स्क्वायड जांच में जुटी पुलिस, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**भोरंज** थाना के तहत गांव बैलग में मंगलवार दोपहर के समय एक दर्दनाक वारदात सामने आई, इसमें एक महिला की हत्या कर दी है। महिला की मौत की खबर जैसे ही फैलने से आसपास के गांवों में भी दहशत का माहौल पैदा हो गया। दूसरी तरफ पुलिस हर पहलू से महिला के मौत के मामले की जांच में जुटी हुई है ताकि हमलावरों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस के अनुसार सोमलता पत्नी विपिन कुमार पर उसके घर पर ही अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने महिला के सिर पर किसी नुकीली वस्तु से वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही भोरंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस डॉग स्क्वायड की सहायता भी ले रही है। डीएसपी लालमन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल हमीरपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए हैं और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हत्या किसने और क्यों की, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही हत्यारों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें तैनात कर दी गई हैं और मामले की गहन जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार महिला का पति आर्मी से सेवानिवृत्त है और मौजूदा समय मे ऊना में काम करता है व बेटा भी सोमवार को चंडीगढ़ से घर आया था। हालांकि वारदात के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# सांसद अनुराग ठाकुर ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां, हर बूथ तक पहुंचाने का आह्वान

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा की जिला कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सांसद अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, प्रदेश सचिव सुमीत शर्मा, अमित शर्मा, अजय रिंटू, राकेश सहगल, अरुण धूमल, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक आशीष शर्मा, बलदेव शर्मा, राजिंद्र राणा, विजय अग्निहोत्री, कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान, उर्मिल ठाकुर सहित कई मौजूद रहे। राकेश ठाकुर ने अपनी नवनियुक्त टीम का अतिथियों के साथ परिचय करवाया व आगे की चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया।

अनुराग ठाकुर ने हाल के दिनों में भाजपा की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा इन उपलब्धियों को प्रत्येक बूथ के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और कहा कि इन सुधारों से समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभ होगा। उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक संसदीय क्षेत्र स्तर पर देश भर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की सराहना की, जो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में खेल महाकुंभ की अग्रणी पहल से प्रेरित है। इसके अलावा, उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिवेश में सोशल मीडिया के महत्व पर बल दिया और सभी पार्टी सदस्यों और कार्यकर्ताओं से सामाजिक सुधार-प्रचार और जन-भागीदारी के लिए इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने का आह्वान किया।

### सिद्धार्थन ने कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की



बूथ समितियों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संगठन पर्व 2024-25 में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों के बारे में भी विस्तार से बताया, जो 5 सितंबर से शुरू हो चुका है और 30 सितंबर तक चलेगा।

**प्रदेश** संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने मंच संभाला और आगामी सेवा पखवाड़े के दौरान अपेक्षित कार्यों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। यह सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू होकर गांधी जयंती 2 अक्तूबर तक चलेगा। सिद्धार्थन ने सेवा पखवाड़ा गतिविधियों के सफल संचालन में ग्राम केंद्र प्रमुखों, ग्राम केंद्र संयोजकों और

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं पूर्व सैनिक

## 9वीं कोर के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अनिल चंदेल ने की अपील

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

**थल** सेना की 9वीं कोर (राइजिंग स्टार कोर) और 21 सब एरिया मुख्यालय पठानकोट की ओर से मंगलवार को हमीरपुर में पूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 9वीं कोर के चीफ ऑफ स्टाफ सेना मैडल एवं विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत मेजर जनरल अनिल चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



हमीरपुर में पूर्व सैनिक सम्मेलन में भूतपूर्व सैनिकों व परिजनों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मेजर जनरल ने कहा कि भारतीय सेना अपने पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प है और इसके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी पूर्व सैनिक परिवारों को इनका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में ईसीएचएस, कैंटीन और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। ईसीएचएस अस्पताल में फिजियोथैरेपी एवं फिटनेस सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने 1965 के युद्ध में वीरता पुरस्कार से अलंकृत सूबेदार बलदेव सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। इसी युद्ध में वीरता पुरस्कार प्राप्त लांसनायक दास राम, कैप्टन एससी दीवान, हवलदार रिखी राम और नानक चंद के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

इससे पहले, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) मदनशील शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों व पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का स्वागत किया और सैनिक कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सैनिक कल्याण उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर (सेवानिवृत्त) मनोज राणा ने विभाग की ओर से सभी का धन्यवाद किया। हिम अकादमी स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने समूह गान प्रस्तुत किया। इसके बाद पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के साथ सीधा संवाद भी किया तथा उनकी कई समस्याओं का समाधान किया। पूर्व सैनिक परिवारों के मार्गदर्शन के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित काउंटर भी लगाए गए। कार्यक्रम में 21 सब एरिया मुख्यालय के ब्रिगेडियर संजीव सहारन, 9वीं कोर के ब्रिगेडियर विजय चहर, सेना के अन्य अधिकारी, भूतपूर्व सैन्य अधिकारी एवं सैनिक तथा उनके परिजन भी उपस्थित थे।

# अंतर विद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में शाश्वत और विशेष ने मारी बाजी





हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

विकासनगर स्थित हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर-विद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चार टीमें शामिल हुईं टीम ए में शाश्वत व विशेष, टीम बी में आदित्य व कनिका, टीम सी में नीलाक्षी व सादिक, टीम डी में अनमोल व रिद्धिमा।

कार्यक्रम का संचालन क्विज मास्टर अमृता, शिखा, विकास व क्षितिज ने किया। निर्णायक की भूमिका विकास, दीपशिखा व हरदीप ने निभाई। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकगण रोमांचित रहे व प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। कड़े मुकाबले के बाद परिणाम घोषित किए गए प्रथम स्थान में शाश्वत और विशेष, द्वितीय स्थान में आदित्य और कनिका, तृतीय स्थान में नीलाक्षी व सादिक रहे। विजेता टीम को जोरदार तालियों से सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को ज्ञान, आत्मविश्वास और टीम भावना की सराहना की गई।

यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आलोचनात्मक चिंतन और स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना को प्रोत्साहित करने में सफल रही। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों एवं दर्शकों ने विजेता टीमों को बधाई दी और विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# आरकेजीएमसी हमीरपुर में 4.75 करोड़ रुपए के व्यय को आरकेएस की मंजूरी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज (आरकेजीएमसी) अस्पताल हमीरपुर की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने शिमला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर इस बैठक की अध्यक्षता की।



- स्वास्थ्य मंत्री शांडिल ने वर्चुअल माध्यम से की बैठक की अध्यक्षता

बैठक में अस्पताल के वार्षिक आय-व्यय, विभिन्न सुविधाओं के विस्तार और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस वित्त वर्ष के दौरान समिति को लगभग 5.04 करोड़ रुपए की आय का अनुमान है और अगर इसमें पिछली जमा राशि को मिला दिया जाए तो यह आय 5.07 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है।

समिति ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न सेवाओं, मरम्मत कार्यों, अस्थायी कर्मचारियों के मानदेय और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए कुल 4,75,50,249 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट के आवंटन को मंजूरी प्रदान की। वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के कुछ आवश्यक व्यय को भी एक्स पोस्ट फैक्टो स्वीकृति दी गई। समिति के माध्यम से सेवारत अस्थायी कर्मचारियों के मानदेय को लेकर भी निर्णय लिए गए।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार डॉक्टरों के 200 और नर्सों के 400 पद भरने जा रही है, जिससे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक में एडीसी अभिषेक गर्ग और आरकेजीएमसी के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती ने विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आरकेजीएमसी के अतिरिक्त निदेशक अनुपम ठाकुर, अस्पताल के एमएस डॉ. देशराज शर्मा, सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी, समिति के अन्य सरकारी और गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित थे। जबकि, शिमला से स्वास्थ्य विभाग की सचिव एम सुधा देवी और विशेष सचिव अश्वनी कुमार ने भी वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में भाग लिया।

### डिजिटल पोस्टर में कर्ण, रियल मेकिंग में प्रियांशु प्रथम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में इंजीनियर दिवस पर आयोजित दो दिवसीय 'नवोनमेश 2.0' कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार मुख्यातिथि रहे। उन्होंने दो दिवसीय कार्यक्रम तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक प्रतिभा का समागम के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग की ओर से इंजीनियर दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कर्ण ने पहला, ख़ुशी ने दूसरा और सजल कौंडल ने तीसरा स्थान हासिल किया। कोलाज मेकिंग में एमसीए की ख़ुशी अत्री ने पहला, बीटेक की कृतिका ने दूसरा और एमसीए की सैजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एड/रियल मेकिंग में प्रियांशु ने प्रथम, धनजय ने द्वितीय और नितिन चौधरी ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धर्मेश ने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ की बैठक

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) रोहडू धर्मेश रमोत्रा की अध्यक्षता में सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों की विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया कि वे 20 सितंबर 2025 तक, 2002 की मतदाता सूची से 2025 की मतदाता सूची का मिलन करेंगे और मिलान के उपरांत तैयार की गई लिस्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को आगामी कार्यवाही के लिए भेजा जाएगा। बहुत जल्दी ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शेड्यूल जारी करके विशेष गहन पुनरीक्षण चलाया जाएगा और बीएलओ घर घर जाकर प्रत्येक मतदाता को वेरीफाई करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन कानूनगो प्रणित कुमार ने मौजूद बीएलओ और सुपरवाइजर को प्रेजेंटेशन के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### आरकेएमवी में अभाविप की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय आरकेएमवी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मीनाक्षी देसाई को इकाई अध्यक्ष और स्वीटी शर्मा को इकाई सचिव चुना गया। कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री प्रदीप ठाकुर मुख्य अतिथि रहे, जबकि चुनाव अधिकारी के रूप में पूर्व विभाग संयोजक दुशला संस्टा उपस्थित रहीं। नव कार्यकारिणी में महिमा, सेजल, डिंपल, साक्षी चौहान को उपाध्यक्ष तथा शिवानी, साधना, नीतू और मानसी को सह सचिव की जिम्मेदारी मिली। जिला संगठन मंत्री प्रदीप ठाकुर ने कहा कि परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महायज्ञ है। वहीं, दुशला संस्टा ने छात्राओं से अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष मीनाक्षी देसाई ने छात्राओं की समस्याओं के समाधान और समाजोत्थान में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प जताया, जबकि सचिव स्वीटी शर्मा ने छात्राओं के व्यक्तित्व विकास को प्राथमिकता बताई। छात्राओं ने भी कार्यकारिणी गठन पर हर्ष व्यक्त किया और इसे नेतृत्व तथा नई संभावनाओं का प्रतीक बताया।

### 17 सितंबर से 16 अक्तूबर तक मनाया जाएगा पोषण माह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला में 17 सितंबर से 16 अक्तूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह-2025 आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायतों और विद्यालय स्तर पर विविध गतिविधियां होंगी। इस बार की थीम 'राइट न्यूट्रिशन, हेल्थी लाइफ' रखी गई है। अभियान के अंतर्गत कुपोषण को समाप्त करने और स्वस्थ समाज के निर्माण पर विशेष जोर दिया जाएगा। पोषण माह में शिशु और छोटे बच्चों के आहार अभ्यास, मोटापे पर नियंत्रण के लिए चीनी, नमक और तेल का कम उपयोग, वोकल फॉर लोकल, प्रारंभिक शिक्षा और देखभाल, पुरुषों की भागीदारी और डिजिटलीकरण जैसे बिंदुओं पर विशेष बल रहेगा। जिला की सभी 2154 आंगनबाड़ी केंद्रों में गतिविधियां होंगी। स्थानीय उत्पाद जैसे गुच्छी, लिंगड़ और हरी सब्जियों को बच्चों के आहार में शामिल करने को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में पालक की खेती करने और योगाभ्यास कराने की दिशा में भी कदम उठाए जाएंगे।

### हाईकोर्ट का याचिकाकर्ता को ड्राइंग मास्टर बनाने का निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में राज्य सरकार को आदेश दिया है कि याचिकाकर्ता को ड्राइंग मास्टर के पद पर नियुक्त किया जाए। अदालत ने कहा कि चयन समिति ने गलत तरीके से याचिकाकर्ता के तीन वर्षों के शिक्षण अनुभव को नज़रअंदाज़ कर दिया था, जबकि उसके पास विद्यालय प्रधानाचार्य का प्रमाणित सर्टिफिकेट मौजूद था। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह त्रुटि मेरिट सूची को प्रभावित करती है और याचिकाकर्ता को चयनित किया जाना चाहिए था। न्यायालय ने हालांकि मौजूदा नियुक्त निजी प्रतिवादी को पद से हटाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह आठ वर्षों से सेवा में है और अब नियमित हो चुकी है, इसलिए उसकी नौकरी सुरक्षित रहेगी। याचिकाकर्ता को भविष्य के लिए नियुक्ति, वरिष्ठता और निरंतरता का लाभ मिलेगा, लेकिन उसे पिछली अवधि के लिए वेतन या अन्य आर्थिक लाभ नहीं मिलेंगे।

# शिमला में बारिश से लैंडस्लाइड, कई गाड़ियां दबी

## पंथाघाटी में पांच मंजिला इमारत पर खतरा, सुबह कई जगहों पर लगा जाम, बिजली रही गुल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राजधानी शिमला में सोमवार देर रात बादलों ने कहर बरपाया। रात करीब दो बजे से शुरू हुई भारी बारिश ने देखते ही देखते शहर को थमा दिया। मौसम विभाग के अनुसार महज कुछ घंटों में 141 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जिससे कई जगहों पर हालात आपदा जैसे बन गए। पंथाघाटी इलाके में एक पांच मंजिला इमारत के सामने बनी सेफ्टी वॉल ढह गई। प्रशासन ने एहतियातन इमारत खाली करवाई ताकि हादसा टल सके।

शहर के अलग-अलग हिस्सों में 20 से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। शिमला की लाइफलाइन माने जाने वाले सर्कुलर रोड पर हिमलैंड के पास देर रात हुए भूस्खलन ने छः गाड़ियों को मलबे में दबा दिया। इसके चलते सड़क पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया और लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात बहाल हो सका। शिमला के बीसीएस क्षेत्र में लैंडस्लाइड और पेड़ गिरने से चार गाड़ियां चपेट में आईं। वहीं पांजड़ी इलाके में नाले में मलबा आने से पार्किंग में खड़ी आठ से ज्यादा गाड़ियों को नुकसान हुआ। कई इलाकों में बिजली गुल रही और लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को पैदल स्कूल और दफ्तरों तक पहुंचना पड़ा। मरीजों को अस्पताल तक ले जाने में भी भारी दिक्कतें पेश आईं।



लैंडस्लाइड के कारण मलबे में दबे वाहन।

### मौसम विभाग ने येलो अलर्ट किया जारी

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने बुधवार को भी राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भूस्खलन और पेड़ गिरने की घटनाएं अगले 24 घंटों तक बनी रह सकती हैं। जिला प्रशासन ने आपदा प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू टीमों को तैनात किया है और लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा।

### नुकसान का आकलन जारी

**हालांकि** अब तक जनहानि की सूचना शिमला से नहीं आई है, लेकिन वाहनों और संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन ने कहा है कि नुकसान का आकलन जारी है और प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान की जाएगी। शहर के कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से संचार व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।

### शिमला में आगे भी दिखेगी ऐसी घटनाएं

**इस** बारिश ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि शहरी क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण और कमजोर ढांचागत संरचनाएं प्राकृतिक आपदाओं के सामने कितनी असुरक्षित हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि शिमला जैसे पहाड़ी शहरों में ऐसी घटनाएं आगे भी बढ़ सकती हैं यदि निर्माण और सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया गया।

## प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाए अधिकारी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने भारी बारिश से हुई तबाही की समीक्षा सभी उपमंडल दंडाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की और प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत राहत एवं बहाली कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसपी संजीव कुमार गांधी, एडीसी दिव्यांशु सिंगल, एडीएम ज्योति राणा सहित लोक निर्माण, जल शक्ति और विद्युत बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सड़कों, जल आपूर्ति व विद्युत सेवाओं को प्राथमिकता के साथ बहाल किया जाए और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री व सहायता तुरंत उपलब्ध करवाई जाए।

उन्होंने कि जिला का प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और हर संभव मदद पहुंचाएं। उन्होंने सेब सीजन को देखते हुए सड़कों की शीघ्र बहाली पर विशेष बल दिया, ताकि बागवान अपनी फसल को समय पर मंडियों तक पहुंचा सकें।

## क्यूसीआई सरपंच संवाद में संदीप एडवाइजरी मेंबर नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन।** राजधानी दिल्ली में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सरपंच संवाद नेशनल क्वालिटी कॉन्क्लेव में प्रदेश की थानाधार पंचायत को शामिल होने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री भारत सरकार सी आर पाटिल, पंचायतीराज सचिव भारत सरकार विवेक भारद्वाज तथा जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के सचिव अशोक केके मीणा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



प्रदेश की जिला शिमला की थानाधार पंचायत के प्रधान संदीप शरोल को क्यूसीआई सरपंच संवाद ने एडवाइजरी मेंबर नियुक्त किया है। प्रधान संदीप शरोल ने कहा कि यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरे ग्राम पंचायत थानेधार की है। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से ही यह संभव हुआ है।

## हत्या के प्रयास के जुर्म में दोषी को 10 साल की कठोर कैद

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश किन्नौर स्थित रामपुर की अदालत ने बीते बुधवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए सुनील कुमार (50) पुत्र कर्म चंद निवासी शलोग तहसील ननखड़ी को हत्या के प्रयास के मामले में दोषी ठहराया।

अदालत ने सुनील को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत 10 साल के कठोर कारावास और 25 हजार रुपए का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जुर्माना न चुकाने पर उसे अतिरिक्त एक साल का साधारण कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा धारा 30 शस्त्र अधिनियम के तहत उसे छह महीने की कैद और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसे अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। जिला न्यायवादी लुद्र मणी शर्मा ने बताया कि मामले से जुड़ी घटना 14 अप्रैल 2015 की है, जब सुबह 8 बजे खोलीघाट बाजार में टायर जलाने को लेकर आरोपी सुनील कुमार और अनिल मेहता के बीच विवाद हुआ। झड़प के बाद आरोपी ने डंडे से पिटाई की और फिर अपनी 32 बोर की लाइसेंसी पिस्तौल से अनिल मेहता पर फायरिंग की। गोली अनिल मेहता की बाएं जांघ और पैर पर लगी, जबकि बीच-बचाव करने आए उनके भाई प्रदीप मेहता की गर्दन पर भी गोली मारी गई।

इस मामले की जांच आईपीएस गौरव सिंह ने की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान 21 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला न्यायवादी लुद्र मणी शर्मा ने पैरवी की।

## मैच विवाद का आईसीसी करेगी निपटारा : अरुण

**अनंत ज्ञान, शिमला/हमीरपुर**

- कहा-भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उठे विवाद पर तूल देना गलत
- भारत सरकार द्वारा लिए निर्णय का बीसीसीआई करती है पालन

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा उठाई जा रही आपत्तियों पर स्पष्ट किया है कि यह मामला आईसीसी नियमों के तहत निपटाया जाएगा। हमीरपुर में मंगलवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में धूमल ने कहा कि मैच समाप्त हो चुका है और इस विषय को अब पाकिस्तान बोर्ड को नहीं उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर किसी को इस मुद्दे में कोई गलती नज़र आती है तो आईसीसी निश्चित तौर पर कार्यवाही करेगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड रेफरी को बर्खास्त करने का जो विषय उठा रहा है, उसे आईसीसी नियमों के तहत निपटारा करेगी।

धूमल ने आईसीसी के ऐतिहासिक फैसले का भी स्वागत किया जिसमें महिला चैंपियनशिप में पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल वूमेन लीग पहले से ही महिला खिलाड़ियों को पुरुषों के बराबर राशि दे रहा है और अब आईसीसी ने भी यह मान लिया है। उन्होंने इस कदम को महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उठे विवाद पर धूमल ने कहा कि अब मैच समाप्त हो चुका है और इसे तूल देना गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां तक दोनों देशों के बीच बाइलैटरल सीरीज की बात है, भारत पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगा, लेकिन आईसीसी नियमों के तहत सभी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एक-दूसरे के साथ खेलना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच होने वाले मुकाबलों में वीजा जारी करने का मामला पूरी तरह से सरकार पर निर्भर करता है और भारत सरकार द्वारा लिए गए निर्णय का बीसीसीआई पालन करती है।

## उचित मूल्य की दुकानों में हुई व्यवस्थाओं की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग, ने शिमला के रूलदू भट्टा क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय और उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया। आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी. कत्याल ने विद्यालय के रसोईघर, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। बच्चों, अभिभावकों और मिड डे मील कार्यकर्ताओं से बातचीत कर उनकी राय जानी गई। निरीक्षण में मिली कमियों को सुधारने के लिए विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

विद्यालय स्टाफ को रोजाना भोजन की गुणवत्ता परखने हेतु अभिभावक की उपस्थिति सुनिश्चित करने, भोजन पकाने में स्वच्छता रखने और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश मिले। साथ ही स्थानीय पार्षद सरोज को विद्यालय परिसर के आसपास कूड़ा प्रबंधन और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनसे विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठकों में शामिल होकर बच्चों को संक्रमण से सुरक्षित रखने में सहयोग की अपील की गई।

## कोटखाई में सब-जज कोर्ट खुलने से न्याय को नहीं भटकना पड़ेगा : मोतीलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई ने कोटखाई में सब-जज कोर्ट खोलने की मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का हार्दिक धन्यवाद किया है।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कहा कि यह निर्णय जनता के लिए एक बड़ी राहत है और न्याय दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

मोतीलाल डेरटा ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को यह सौगात मिली है। सब-जज कोर्ट खुलने से लोगों को अब न्यायिक सुविधा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे न केवल उनके समय और धन की बचत होगी, बल्कि गरीब, महिलाएं, बुजुर्ग, किसान और युवाओं को भी सीधा लाभ मिलेगा। यह फैसला दिखाता है कि सरकार जनता की सहूलियत के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में जुब्बल-नावर-कोटखाई में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

क्षेत्र में 400 करोड़ की सड़क परियोजनाएं प्रगति पर हैं और 136 नई सड़कों को पास किया जा चुका है। इसके अलावा, छात्राओं के लिए प्रदेश का पहला स्पोर्ट्स हॉस्टल भी शुरू किया गया है, जहां उन्हें विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान

**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में 21वें स्थान पर था, लेकिन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश ने इस क्षेत्र में एक बड़ी छलांग लगाई है। परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स में उत्कृष्ट रैंक, असर रिपोर्ट में छात्रों की पढ़ने-लिखने की क्षमता में देश में पहला स्थान, और नेशनल अचीवमेंट सर्वे में 21वें से सीधे 5वें स्थान पर पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है।

## शीघ्र भरे जाएंगे चिकित्सकों के 200 पद : शांडिल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़े कदम उठाने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में मंत्रिमंडल ने चिकित्सा अधिकारियों के 200 पद भरने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही 400 नर्सों की भर्ती भी की जाएगी, जिससे प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में पर्याप्त चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

स्वास्थ्य मंत्री आज यहां डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, हमीरपुर की रोगी कल्याण समिति की संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में समिति के बजट व्यय तथा ऑडिट रिपोर्ट को कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। बैठक में स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जबकि कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. (प्रो.) रमेश भारती और समिति के अन्य सदस्य वर्चुअल माध्यम से जुड़े। स्वास्थ्य



रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल।

- स्वास्थ्य संस्थानों में होगी डॉक्टर व नर्सों की तैनाती आपदा में बढ़ी जिम्मेदारी

मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और पड़ोसी राज्य इन दिनों प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हैं। ऐसे कठिन समय में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और रोगी कल्याण समिति जैसी संस्थाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे जरूरतमंदों को अधिक से अधिक राहत और सहयोग प्रदान करने में योगदान दें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जन स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी दिशा में डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### रझाणा में बनेगा राज्य कोली समाज का भवन

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने बताया कि जिला शिमला की रझाणा पंचायत में हिमाचल प्रदेश कोली समाज भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 0.075 हैक्टेयर भूमि चिन्हित कर ली गई है, जिसे हिमुडा को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भूमि हस्तांतरण पूरा होते ही भवन निर्माण कार्य आरंभ होगा। मंत्री ने कहा कि भवन के प्रथम चरण में सामुदायिक हॉल, ठहरने के लिए कमरे और पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भवन का नक्शा तैयार कर लिया गया है और हिमुडा को अनुमानित लागत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए टास्क फोर्स का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर होगा हल

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्य बल समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। यह समिति हिमाचल प्रदेश में चल रही और आने वाली राजमार्ग परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए बनाई गई है।

बैठक के दौरान, भूमि अधिग्रहण, पेड़ों की कटाई, वन मंजूरी, ब्यास नदी की गाद निकालने और यूटिलिटी शिफ्टिंग जैसे कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने सभी विभागों को एनएचएआई और एमओआरह्ल्द्ध के साथ मिलकर काम करने और इन चुनौतियों का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि बेहतर सड़क और बुनियादी ढांचा राज्य में पर्यटन, व्यापार और अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार के पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री ने एनएचएआई/एमओआर के प्रयासों की सराहना भी की, जिन्होंने भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत की है। उन्होंने अधिकारियों को स्थानीय लोगों की शिकायतों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन, उद्योग और लोक निर्माण विभाग) आर.डी. नज़ीम, सचिव (जेएसवी) राखील कहलों, इंजीनियर-इन-चीफ एचपीपी डब्ल्यूडी, मुख्य अभियंता (एनएच) एके कुशवाहा, क्षेत्रीय अधिकारी एमओआर कर्नल अजय बर्गोटी, आरओ, एनएचएआई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेतीबाड़ी

### प्राकृतिक खेती से 38 हजार हेक्टेयर भूमि पर हो रही रसायन मुक्त खेती

# प्राकृतिक खेती से जुड़े दो लाख से अधिक किसान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती अब एक आंदोलन का रूप ले चुकी है। प्रदेश की 3,584 पंचायतों के 2,22,893 किसान 38,437 हेक्टेयर भूमि पर रसायन रहित खेती कर रहे हैं। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित उत्पाद देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।



- सरकार प्रदेश में सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही
- राष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक खेती का मॉडल बन रहा

जानकारी के अनुसार पिछले ढाई वर्षों में सरकार ने 3.06 लाख किसानों और बागवानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया है। लक्ष्य रखा गया है कि वर्ष 2025-26 तक एक लाख नए किसान इस पहल से जुड़ेंगे। अब तक 59,068 किसानों ने कृषि विभाग में पंजीकरण फार्म जमा करवा दिए हैं। इससे साफ है कि किसान बड़ी संख्या में इस पद्धति को अपनाने के लिए उत्साहित हैं।

प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों के लिए आकर्षक न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। मक्की 40 रुपए प्रति किलोग्राम, गेहूं 60 रुपए, कच्ची हल्दी 90 रुपए और पांगी की जौ 60 रुपए प्रति किलोग्राम में खरीदी जा रही है। किसानों को संगठित करने के लिए नाबार्ड के सहयोग से सात किसान उत्पादक कंपनियां बनाई गई हैं।

### प्राकृतिक उत्पाद बाजार में पहुंचने लगे

**सरकार** ने हिम-भोग नाम से ब्रांड शुरू कर प्राकृतिक उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना शुरू किया है। पिछले सीजन में दस जिलों के 1,509 किसानों से 399 मीट्रिक टन मक्की खरीदी गई और 1.40 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसी वर्ष गेहूं और हल्दी की खरीद पर किसानों को सीधा 1.42 करोड़ रुपए उनके खातों में दिए गए हैं।

### पारदर्शिता को सीईटीएआरए एनएफ नामक नई प्रणाली लागू

**प्राकृतिक** उत्पादों की बिक्री में पारदर्शिता के लिए सीईटीएआरए-एनएफ नामक नई प्रणाली लागू की गई है। इसके तहत अब तक 1,96,892 किसान प्रमाणित किए जा चुके हैं। इस तकनीक से पारदर्शिता आई है और किसानों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिल रहा है।

## आपदा प्रभावित विद्यार्थियों को मिलेंगे मुफ्त प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज वरिष्ठ अधिकारियों और स्कूल शिक्षा विभाग की उच्च, प्राथमिक और गुणवत्ता शाखा के उप-निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों और सुधारात्मक कदमों पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा वर्तमान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्राकृतिक आपदा ने इस प्रतिबद्धता को चुनौती दी है, लेकिन सरकार दृढ़ संकल्प के साथ छात्रों और संस्थानों के सहयोग में जुटी है।

शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी कि भारी बारिश और आपदा से अब तक 1,125 शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं, जिससे अनुमानित 59.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में 646 स्कूलों के लिए आपदा राहत मद से 51.13 करोड़ रुपए जारी किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में अब तक 77 स्कूलों को 13.22 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। सबसे अधिक सहायता मंडी जिले को मिली है, जहां 2023 से सितंबर 2025 तक 16.19 करोड़ रुपए जारी किए गए। पुनर्निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर हों और विशेषकर 75 प्रतिशत से अधिक क्षति वाले स्कूलों की मरम्मत में तेजी लाई जाए।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

शिक्षा मंत्री ने यह भी घोषणा की कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित छात्रों को बड़ी राहत प्रदान करेगी। जिन विद्यार्थियों के दस्तावेज नष्ट हो गए हैं, उन्हें हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड नि:शुल्क प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त स्कूलों के लिए भवन किराए पर लेने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो। अनुशासन और जवाबदेही पर जोर देते हुए रोहित ठाकुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पदोन्नत प्रवक्ता 18 सितंबर तक कार्यभार ग्रहण करें, अन्यथा उनकी पदोन्नति रद्द कर दी जाएगी और यह अवसर अगले पात्र उम्मीदवारों को दे दिया जाएगा। विभाग में अनुशासनहीनता और अनुपस्थिति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उप-निदेशकों को निर्देश दिए गए कि वे अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई करें और नियमित रूप से स्कूलों का निरीक्षण करें।

### बैठक में की संवेदनशील मामलों की समीक्षा

**बैठक** में संवेदनशील मामलों की समीक्षा भी की गई। मंत्री ने पॉक्सो, एनडीपीएस अधिनियम और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े लंबित मामलों पर चिंता जताई और कहा कि राज्य सरकार की नीति इन अपराधों के प्रति शून्य सहिष्णुता की है। उन्होंने अधिकारियों को जांच में तेजी लाने और हर स्तर पर जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम तीन से चार स्कूल ऐसे होने चाहिए जहां सभी शैक्षणिक संकायों के विकल्प उपलब्ध हों। उन्होंने अनावश्यक प्रतिनियुक्तियों को रद्द करने पर जोर दिया और विज्ञान विषय में घटते नामांकन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि विज्ञान शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर सुविधाएं और माहौल उपलब्ध कराना आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### समलोटी व सकोट में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सहायक अभियंता नगरोटा बगवां ईशानी भट्टू ने बताया कि 18 सितंबर को 11 केवी टांडा समलोटी फीडर के अंतर्गत आने वाले समलोटी, मुमता, कछरेहड़, अमतराड़, उस्तेहड़, लिल्ली, सकोट, कालिजन, मुंदला इत्यादि में बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी और अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किए जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### नगरोटा सूरियां कॉलेज में हिंदी टंकण कार्यशाला

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय हिंदी टंकण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग की तकनीकी जानकारी देना और उनकी टंकण दक्षता को बढ़ाना था। प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने उद्घाटन भाषण में कहा कि डिजिटल युग में हिंदी टंकण एक अनिवार्य कौशल बन गया है, विशेषकर सरकारी नौकरियों और ऑनलाइन कार्यों में। कार्यशाला का आयोजन सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया, जिसमें कंप्यूटर विज्ञान के प्राध्यापक विकास धीमान और आंग्ल विभाग के प्रो. प्रवीर धीमान ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रों को गूगल हिंदी इनपुट टूल, देवनागरी इनस्क्रिप्ट, मंगल, कृतिदेव जैसे सॉफ्टवेयरों की जानकारी दी और अभ्यास भी करवाया। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी बताया और भविष्य में ऐसे और आयोजन करने की मांग की।

### डीएसपी चंद्र पाल सिंह ने नूरपुर में कार्यभार संभाला

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** डीएसपी चंद्र पाल सिंह ने मंगलवार को नूरपुर में उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह उपमंडल पुलिस अधिकारी घुमारवीं के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करना, अवैध खनन पर अंकुश लगाना और क्षेत्र की जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने बताया कि नूरपुर में कुछ स्थानों पर ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आई है,जिसे शीघ्र ही हल किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की गहन जांच कर उन्हें रोकने की दिशा में काम किया जाएगा। ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों पर सख्ती बरती जाएगी तथा सड़क हादसों के हॉटस्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध किसी भीट स्तर पर सहन नहीं किए जाएंगे और इनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ चंद्र पाल सिंह ने स्थानीय लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया और कहा कि समाज को अवैध धंधों में लिप्त लोगों के खिलाफ भी डटकर खड़ा होना चाहिए।

### अकेलापन करता मानसिक रूप से कमजोर

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के शाहपुरकंडी स्थित सीसे मॉडल स्कूल में आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रिंसिपल अरुणा कुमारी, हेल्थ एंड वेलनेस काउंसलर राजीव गुप्ता और अन्य शिक्षकों की देखरेख में संपन्न हुआ। मनोचिकित्सक डॉ. सुमीत सिंह और उनकी टीम ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों से सकारात्मक रूप से निपटने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्महत्या एक व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्या है। छात्रों को समझाया गया कि संवादहीनता और अकेलापन मानसिक रूप से कमजोर कर सकता है, लेकिन बात करना और साझा करना इससे उबरने का पहला कदम है। सेमिनार के दौरान छात्रों ने खुलकर अपनी भावनाएं और सवाल साझा किए। कुछ छात्रों ने बताया कि उन्हें लगता है कि उनके माता-पिता उनकी भावनाओं को नहीं समझते, जिससे वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। राजीव गुप्ता ने कहा कि हर बच्चे की आवाज सुनी जाए, यही आत्महत्या रोकथाम की सबसे बड़ी दवा है। शिक्षकों ने भी अपने अनुभवों से बच्चों को सकारात्मक सोच की दिशा में मार्गदर्शन दिया।

# बलीरी गांव में खैर के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी, 23 मोछे बरामद

## वन विभाग की टीम को देखकर भागे वनकाटु, दो बाइक कब्जे में ली

**अवैध कटान में सात लोगों के शामिल होने का शक**

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



वन माफिया की ओर से नारायण त्याला के पास अवैध खैर के 23 मोछे बरामद किए।

**इंदौरा।** वन परिक्षेत्र भद्रोआ के तहत बलीरी गांव में सोमवार रात को खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलने का मामला सामने आया है। वन विभाग को सूचना मिली कि कुछ वन माफिया नारायण त्याला के पास अवैध खैर कटान कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही बीओ संजय कुमार और वन अधिकारी सुल्तान सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दो मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध लोग मौके से भाग गए। इस पर तुरंत थाना डमटाल को सूचना दी गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो मोटरसाइकिल एचपी 97 ए 7561 तथा पीबी 36 एल 7820 को मौके से कब्जे में ले लिया। वहीं, खैर के 23 मोछे बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कुल सात लोग इस अवैध खैर कटान में शामिल हैं। पुलिस और वन विभाग की टीम मिलकर मामले की जांच कर रही है। डीएफओ निशांत प्रेशर ने बताया कि कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाना डमटाल में लाया गया है तथा मुख्य सरगना की तलाश जारी है, जिसकी छापेमारी के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। वन माफिया के खिलाफ किसी प्रकार का भी इसमें समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वन माफिया के खिलाफ कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वन क्षेत्र की सुरक्षा और खैर जैसी महत्वपूर्ण वन संपदा को बचाने के लिए वन विभाग तथा पुलिस विभाग पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की कि वे ऐसे अवैध कार्यों की सूचना तुरंत वन विभाग या पुलिस को दें, ताकि जंगल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## सरकार ने आपदा सहायता राशि में की बढ़ोतरी : केवल



राशन डिपो शिफ्ट करने पर स्थानीय लोगों ने जताया आभार।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**प्रदेश** सरकार ने प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण के लिए सहायता राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। अब पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए सहायता राशि 1.30 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपये तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 12,500 से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है।

यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि पंचायत में क्षतिग्रस्त मकानों के मालिकों को शीघ्र ही सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायत में जलशक्ति विभाग द्वारा 18 लाख, लोक निर्माण विभाग द्वारा 35 लाख तथा बिजली विभाग द्वारा 15 लाख रुपए विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च किए गए हैं। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गांव में राशन डिपो को उचित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिए कि पंचायत में शेष पड़ी धनराशि को शीघ्र खर्च करने के लिए कार्य योजना तैयार करें। इस अवसर पर उन्होंने राम श्याम एवं हार महिला मंडल को 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

## बलहार-मूही क्षेत्र में एक हफ्ते से बस सेवा बंद होने से लोगों में आक्रोश

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चेतावनी: दो दिन में रूट बहाल न हुए तो देंगे धरना-प्रदर्शन**

**गरली।** ज्वालाजी से चिंतपूर्णी बाया बलहार-मूही-मणी-परागपुर और देहरा से बलहार वाया मूही-मणी-मसोट रूट पर चलने वाली दो सरकारी बसों को विभाग द्वारा अचानक बंद किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पिछले एक सप्ताह से बस सेवा ठप होने पर लोग अब सड़क पर उतरने को तैयार हैं। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि अगर आगामी दो दिनों में रूट बहाल नहीं किए गए तो देहरा एचआरटीसी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

पूर्व प्रधान मूही (गरली) वीरेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि रोजाना सुबह करीब साढ़े 9 बजे देहरा से बलहार कॉलेज तक चलने वाली बस खासतौर पर केंद्रीय संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की सुविधा के लिए लगाई गई थी, लेकिन विभाग ने बिना किसी कारण के उसे बंद कर दिया। यही नहीं, ज्वालाजी से चिंतपूर्णी वाया मूही-मणी-परागपुर होकर निकलने वाली दूसरी बस भी कई दिनों से बंद है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम के बावजूद सड़कें पूरी तरह ठीक हैं, फिर भी बस सेवा रोकना क्षेत्र की जनता के साथ सीधी नाइंसाफी है। अचानक बसें बंद होने से कॉलेज, स्कूल और अन्य कामकाज के लिए आने-जाने वाले लोग खासतौर पर छात्र-छात्राएं भारी परेशानी झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर विभाग ने तुरंत बस रूट बहाल नहीं किए तो धरना-प्रदर्शन के साथ उग्र आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

## बैजनाथ में 303 .40 ग्राम चरस के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बैजनाथ पुलिस ने चरस बरामद की है। सोमवार रात को थाना बैजनाथ की पुलिस टीम को गुप्त चना मिली कि भट्टू सेहल रोड पर एक ऑल्टो कार में नशे की सामग्री ले जाई जा रही है।

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने गश्त के दौरान कार (एचपी 01डीए-0891) को रोका और जांच की। कार में सवार 29 वर्षीय संजय कुमार निवासी गांव व डाकघर सलियाणा, तहसील पालमपुर तथा 30 वर्षीय संदीप कुमार उर्फ सच्चु निवासी व डाकघर मझैरना, तहसील बैजनाथ के कब्जे से कुल 303.40 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ थाना बैजनाथ में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी नशे के खिलाफ जारी अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता है। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है , ताकि नशा तस्करों के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे नशे के विरुद्ध अभियान में सहयोग करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### भवारना में गाड़ी से शराब की 58 पेटियां बरामद



पंचरुखी पुलिस टीम ने गश्त के दौरान बोलेरो पिकअप से बरामद की अवैध शराब।

**पुलिस** थाना पंचरुखी की टीम ने सोमवार देर रात गश्त के दौरान वाहन चेकिंग करते हुए बोलेरो पिकअप (एचपी-37ई-8105) को रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कृष्ण कुमार निवासी गांव थलेहड़, डाकघर गग्गल खोली तहसील धीरा व साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अजय कुमार पुत्र निवासी गांव व डाकघर वरडाम तहसील जयसिंहपुर बताया। तलाशी लेने पर वाहन से 58 पेटी देसी शराब की बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस थाना भवारना में मामला दर्ज किया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि की है।

## इग्नू में प्रवेश तिथि 30 तक बढ़ाई

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उच्च शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत और सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 सितंबर कर दिया है। स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र अब निर्धारित अवधि तक विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्टडी सेंटर 1187, शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर के समन्वयक डॉ. दीप कुमार ने बताया कि इग्नू द्वारा प्रदत्त पाठ्यक्रम गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं लचीले ढंग से विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के साथ-साथ दिसंबर में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षा प्रपत्र (फॉर्म) भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

# कबीर पंथी समाज सभा ने मांगों को लेकर सीएम को सौंपा मांगपत्र



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सौंपा आपदा राहत कोष के लिए 1,51,000 रुपए का चेक।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** प्रदेश कबीर पंथी समाज सभा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मांगों को लेकर शिमला में मांगपत्र सौंपा।

सभा के राज्य अध्यक्ष मस्त राम व महासचिव देव राज शांडिल ने मुख्यमंत्री को दिए मांग पत्र में कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान कबीर पंथी कल्याण बोर्ड की लगातार बैठकें होती रहीं हैं। सभा की आखिरी बैठक सितंबर 2015 को हुई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि कबीर पंथी कल्याण बोर्ड की अधिसूचना शीघ्र जारी की जाए, ताकि समाज के रुके हुए कामों का निपटारा हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि कबीर पंथी कल्याण बोर्ड की बैठक में गैर सरकारी सदस्य केवल कबीर पंथी समाज से ही लिए जाएं। सभी जिलों के प्रधानों को गैर सरकारी सदस्य बनाने की कृपा करें।

### राहत कोष में सौंपा 1,51,000 रुपए का चेक

कबीर पंथी समाज के राज्य अध्यक्ष मस्त राम की अध्यक्षता में जिला कांगड़ा के अध्यक्ष बीपीओ प्रताप चंद के साथ मिलकर मुख्यमंत्री को 1,51,000 रुपए का चेक राहत कोष के लिए दिया। इस मौके पर जिला कांगड़ा की कार्यकारिणी के प्रधान बीपीओ प्रताप चंद, जोगिंदर पाल, सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर कर्म चंद, विक्रमजीत, सेवानिवृत्त सूबेदार राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ओजोन परत के महत्व व पर्यावरण संतुलन की भूमिका पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन तथा स्मार्ट सिटी धर्मशाला के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होटल भागसू (एचपीटीडीसी), मैक्लोडगंज के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम में विनय धीमान, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, कांगड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में इंजीनियर वरुण गुप्ता (क्षेत्रीय अधिकारी), इंजीनियर रजत (एचपीपीसीबी) और डॉ. अमरीक सिंह (केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला) ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने ओजोन परत के महत्व, इसके क्षरण से उत्पन्न खतरों और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

साथ ही होटल उद्योग के लिए पर्यावरण-अनुकूल एवं टिकाऊ कार्य प्रणालियों को अपनाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में वायु, जल, ध्वनि प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट, ई-वेस्ट, खतरनाक एवं जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन सहित पर्यावरणीय कानूनों और नियमों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि कैसे होटल और गेस्ट हाउस छोटे-छोटे कदमों से भी पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। ऊर्जा संरक्षण, ग्रीन टूरिज्म, और जिम्मेदार अपशिष्ट निपटान पर विशेष जोर दिया गया। इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने पर्यावरणीय अनुपालन से संबंधित व्यावहारिक प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि सभी प्रतिभागी पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहेंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल धीमान, महासचिव संजीव गांधी, अशोक पठानिया, रशपाल पठानिया सहित 30 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ सुभाष का ढहा कमरा, दुकान के बरामदे में रहने को मजबूर

### बैठक में लिया निर्णय, पंचायत और समाज के सहयोग से करवाया जाएगा पुनर्निर्माण



रोटरी क्लब शाहपुर के पूर्व अध्यक्ष गंधर्व पठानिया और रोटेरियन करनैल चौहान ने प्रधान के साथ स्थल का किया निरीक्षण।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** कांगड़ा जिले में हो रही भारी बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। इसी कड़ी में दुर्गेला गांव निवासी सुभाष चंद पुत्र कंशी राम का कमरा पूरी तरह ढह गया है।

अब उनके पास न तो रहने के लिए सुरक्षित स्थान है और न ही कोई आवश्यक दस्तावेज। वर्तमान में वे पास की एक दुकान के बरामदे में रात गुजारने को मजबूर हैं। इस मानवीय संकट को देखते हुए रोटरी क्लब शाहपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला साक्षरता चेयर रोटेरियन गंधर्व पठानिया और रोटेरियन करनैल चौहान ने स्थानीय प्रधान व पंचायत सदस्यों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और आपात बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत और समाज के सहयोग से सुभाष चंद के कमरे का पुनर्निर्माण तुरंत किया जाएगा। गंधर्व पठानिया ने इसे गंभीर समाज से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि सुभाष चंद मानसिक रूप से अस्वस्थ है और उनके उपचार की पूरी व्यवस्था रोटरी क्लब करेगा। आधार कार्ड और सरकारी योजनाओं से जुड़ने में भी क्लब सहायता करेगा। रोटेरियन करनैल चौहान को पुनर्निर्माण का संयोजक नियुक्त किया गया है। क्लब के अध्यक्ष सत्येंद्र गौतम ने आर्थिक व प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। ग्राम पंचायत प्रधान भारती ने भी हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। समाजसेवियों और संस्थाओं से इस पुनीत कार्य में उदार सहयोग देने की विशेष अपील की गई है।

## मंजू बाला बनी जसवां परागपुर ब्लॉक की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गरली।** लाडली फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकारों में सक्रिय जिला कांगड़ा की महिला समाजसेवी मंजू बाला को जसवां-परागपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर ने उनकी नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि मंजू बाला की सामाजिक सेवाएं संगठन को नई दिशा देंगी। हिम जागृति मंच की चेयरमैन मंजू बाला कई वर्षों से रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच और लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने में जुटी हुई हैं।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा सुरक्षा, कुष्ठ रोग जागरूकता और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जैसे मुद्दों पर अग्रणी भूमिका निभाई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि उनका संकल्प है कि समाज में कोई भी गरीब भूखा न सोए, हर कमजोर वर्ग को न्याय मिले और सामाजिक विसंगतियां समाप्त हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय प्रथा के खिलाफ राज्य स्तरीय आंदोलन शुरू किया जाएगा।

**तैयारी** आज मनेगा यात्री सेवा दिवस, यात्रियों का तिलक लगाकर पारंपरिक ढंग से होगा स्वागत

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर दिखेगी हिमाचली संस्कृति की झलक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** एयरपोर्ट पर बुधवार को हिमाचली संस्कृति की झलक नजर आएगी। एयरपोर्ट पर विभिन्न एयरलाइंस की फ्लाइट्स से आने वाले यात्रियों का पारंपरिक ढंग से तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। कांगड़ा एयरपोर्ट में बुधवार को मनाए जाने वाले यात्री सेवा दिवस के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम विकसित भारत की उड़ान रहेगी। इस दौरान कांगड़ा हवाई अड्डे पर नाटी तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां यात्रियों को हिमाचल की संस्कृति का परिचय देंगी। यात्रा कर रहे बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से इस आयोजन में उनकी भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### एयरपोर्ट में होगी स्वास्थ्य जांच

**साथ** ही यात्रियों, कर्मचारियों तथा सभी हितधारकों के लिए फोर्टिस अस्पताल की ओर से निशुल्क चिकित्सा जांच, टांडा अस्पताल द्वारा रक्तदान शिविर एवं एसएमआई द्वारा नेत्र जांच शिविर जैसी स्वास्थ्य संबंधी पहलें भी आयोजित की जाएंगी।

### भाजपा नेता करेंगे पौधरोपण

एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज सांसद इंदु गोस्वामी, विधायक पवन काजल, सुधीर शर्मा एवं केवल सिंह पठानिया, डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा, एसपी अशोक रत्न सहित अन्य अतिथि पौधरोपण करेंगे।



**एयरपोर्ट** अथॉरिटी आफ इंडिया की यात्री सेवा दिवस की पहल का उद्देश्य यात्री अनुभव को बेहतर बनाना, विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करना तथा एक सहज एवं सुगम यात्रा माहौल सुनिश्चित करना है। इसके तहत यात्री-केंद्रित गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी।

**-धीरेंद्र सिंह, डायरेक्टर कांगड़ा एयरपोर्ट।**

## ढुगियारी स्कूल के स्टूडेंट्स कांगड़ा एयरपोर्ट पर लेंगे प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, गगल**

भारतीय विमानन पतन प्राधिकरण एयरपोर्ट पर बुधवार को यात्री सेवा आयोजित किया जाएगा। कांगड़ा एयरपोर्ट के निर्देशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। नागर विमानन पतन क्षेत्र रोजगार के अनेक स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें लगभग प्रत्येक विषय के छात्र अपना भविष्य संवार सकते हैं। इसी उद्देश्य से राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढुगियारी के 10वीं से 12वीं तक के छात्रों को हवाई अड्डे का दौरा कराया जाएगा तथा नागर विमानन क्षेत्र में विभिन्न रोजगार यथा पायलट, वायु यातायात, नियंत्रक, इंजीनियरिंग, तकनीकी परिचालन एयरपोर्ट में रोजगार संबंधी जानकारी दी जाएगी।

# राज्यपाल शुक्ल ने कांगड़ा एयरपोर्ट में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने मंगलवार को कांगड़ा एयरपोर्ट परिसर में स्थापित हर्बल गार्डन में पौधरोपण किया।

यह कार्यक्रम एयरपोर्ट प्राधिकरण द्वारा आयोजित यात्री सेवा दिवस के अवसर पर मनाया गया। इस पौधरोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा अवसंरचना विकास के साथ हरियाली को बढ़ावा देना है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हरित आवरण के लाभ और सतत जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सभी से अपील की कि वे पौधरोपण में सक्रिय भाग लें और पर्यावरण की रक्षा की जिम्मेदारी स्वयं लें, क्योंकि यह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। राज्यपाल ने इस पहल का हिस्सा बनकर खुशी जताई और आशा व्यक्त की कि यह प्रयास यात्रियों एवं सभी हितधारकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करेगा, जिससे एक हरित और स्वच्छ वातावरण विकसित हो सके। इस अवसर पर कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बेरवा, कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह, एयरपोर्ट प्राधिकरण के अन्य अधिकारी तथा स्थानीय कर्मचारियों भी उपस्थित थे।





कांगड़ा एयरपोर्ट परिसर में मंगलवार को पौधरोपण करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

# यूपी के जेवर एयरपोर्ट से जुड़ेगा कांगड़ा, इंडिगो शुरू करेगा फ्लाइट

## हिसार से कांगड़ा के लिए फ्लाइट शुरू करने के लिए एलाइंस एयर ने दिखाई दिलचस्पी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा कांगड़ा एयरपोर्ट जल्द उत्तर प्रदेश से जुड़ सकता है। यूपी के जेवर एयरपोर्ट से कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट शुरू करने की कवायद परवान चढ़ सकती है। हिसार से कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए फ्लाइट शुरू करने में एलाइंस एयर ने दिलचस्पी दिखाई है। वहीं, कांगड़ा एयरपोर्ट प्रशासन, कुल्लू एयरपोर्ट के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने को लेकर प्रयासरत है। इसके लिए एलाइंस एयर से बातचीत का दौर जारी है। गौरतलब है कि कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए वर्तमान में अप एंड डाउन 12 मूवमेंट चल रही हैं, जिनके माध्यम से हवाई यात्रा कांगड़ा घाटी पहुंच रहे हैं और अन्य राज्यों के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट आ रही फ्लाइटस में घरेलू पर्यटकों के साथ विदेशी पर्यटक भी पहुंच रहे हैं।




### शेड्यूल में जेवर से इंडिगो फ्लाइट का जिक्र

**जानकारी** के अनुसार, सर्दियों में फ्लाइट्स का जो शेड्यूल आया है, उसमें इंडिगो एयरलाइंस ने जेवर एयरपोर्ट से एक हवाई सेवा कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए चलाने की बात कही है। यह भी जानकारी मिली है कि जल्द शुरू होने जा रहे हिसार एयरपोर्ट से एलाइंस एयर ने कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए सेवा शुरू करने में रुचि दिखाई है। इसके अलावा कुल्लू एयरपोर्ट के लिए भी एलाइंस एयर से बातचीत की जा रही है, जिससे कि कुल्लू के लिए भी हवाई सेवा शुरू हो सके।

> **कांगड़ा** एयरपोर्ट पर प्रतिदिन फ्लाइट्स के अप एंड डाउन बारह मूवमेंट चल रहे हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट के लिए देहरादून, जेवर और जयपुर से हवाई सेवा शुरू करने की कवायद चल रही है। एयरपोर्ट प्रशासन इसके लिए लगातार प्रयासरत है।
> **-धीरेंद्र सिंह, डायरेक्टर कांगड़ा एयरपोर्ट**

**कुल्लू के लिए भी एलाइंस एयर से चल रही बातचीत**

# फतेहपुर में बच्चों की जान खतरे में, लकड़ी की कश्ती से स्कूल जाने को मजबूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पौंग** बांध से छोड़े जा रहे पानी ने फतेहपुर की रियाली पंचायत के मंड क्षेत्र के गांवों और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रियाली तक पहुंचने वाले रास्तों को पूरी तरह जलमग्न कर दिया है। स्कूल के लगभग 60-70 छात्र और 12 शिक्षक रोजाना लकड़ी की किश्ती के सहारे ब्यास नदी पार कर जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंच रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि बच्चों की चिंता उन्हें रातों की नींद हराम कर रही है।

मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया, जब स्कूल से लौट रही किश्ती तेज बहाव में बह गई। किश्ती में सवार शिक्षक पानी के बहाव में चले गए, लेकिन किनारे से टकराने व स्थानीय लोगों के कारण सभी सुरक्षित बाहर निकल आए। इस घटना ने बच्चों, शिक्षकों और ग्रामीणों के दिलों में डर और चिंता बढ़ा दी। लगातार बारिश और बांध में बढ़ते जलस्तर के कारण बीबीएमबी प्रशासन रोजाना बड़ी मात्रा में पानी छोड़ रहा है। प्रशासन समय-समय पर इसकी सूचना देता है, लेकिन शिक्षक शॉर्टकट अपनाकर बच्चों को जोखिम में डाल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तलवाड़ा-मुकेरियां (पंजाब) से रियाली तक सुरक्षित मार्ग उपलब्ध है, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है। स्कूल स्टाफ ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए ब्यास नदी पार करने वाले छात्रों के लिए छुट्टियां घोषित करने और किश्ती में लाइफ जैकेट उपलब्ध करवाने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि बच्चों और स्टाफ की सुरक्षा के लिए बेहतर बोट या मोटरबोट मुहैया कराई जाए, ताकि किसी भी दिन बड़ा हादसा न हो और माता-पिता की चिंता भी कम हो।


पौंग से छोड़े पानी से रियाली पंचायत के रास्ते जलमग्न।

### पूर्व मंत्री पठानिया ने सरकार को घेरा

**पूर्व** मंत्री राकेश पठानिया ने सरकार और प्रशासन को घेरा और कहा कि बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने कहा कि मुहैया कराई गई बोट की हालत खराब है और कम से कम अच्छी बोट या मोटर बोट उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि बच्चों और ग्रामीणों की जान सुरक्षित रहे। उन्होंने ग्रामीणों और बच्चों के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। पठानिया ने सरकार को घेरते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार कहीं भी गंभीर नहीं दिख रही है।

## हैप्पी बर्थडे


सदवां के अंकुश ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### घरथोली में बांस का झुंड घर में गिरा, भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा सभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत खड़ौठ के वार्ड-5 घरथोली में सोमवार रात को हुई भारी वर्षा के चलते एक घर में बांस के पेड़ों का झुंड गिर गया। इसके चलते साथ का लगता रास्ता बंद हो गया और घर तक मलबा पहुंच गया। अंजू देवी पत्नी स्व. वीर सिंह निवासी घरथोली (खड़ौठ) तहसील पालमपुर के घर को काफी नुकसान हुआ है। पंचायत प्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान पुष्परंजन उपाध्याय, वार्ड सदस्य विनोद कुमार व सुभाष चौधरी नेमौके का दौरा किया और परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। वहीं, स्थानीय लोगों नरेश चौधरी, अमित चौधरी, गुलशन चौधरी, पवन चौधरी, कर्म सिंह, श्वेता, पूजा तथा अनिता द्वारा घर से मलबे को निकाला गया।

### गगल में बारिश की भेंट चढ़ी गोशाला

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल में भारी बरसात के चलते सोमवार रात को एक गोशाला बारिश की भेंट चढ़ गई। घर के मालिक सुनील कुमार, राजकुमार और अजय कुमार ने बताया कि गनीमत यह रही के समय रहते ही गोशाला के अंदर बने पशुओं को बाहर निकाल लिया था। गोशाला को काफी नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवार ने प्रशासन से गुहार लगाई है।

# पैदल पुल तैयार, राहगीरों को मिलेगी राहत

## लैंडस्लाडिंग होने से खड़ा डंडा-मैक्लोडगंज को जाने वाली संपर्क सड़क पर बढ़ी थी परेशानी

**शुभांजलि, अनंत ज्ञान**

**मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के साथ जोड़ने वाले खड़ा डंडा-मैक्लोडगंज को जाने वाले संपर्क मार्ग पर पैदल पुल तैयार होने से राहगीरों को राहत मिलेगी। भारी बरसात के चलते टूटी सड़क की वजह से राहगीरों को परेशानी पेश आ रही थी। ऐसे में इस पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग को बजट स्वीकृत कर जल्द पैदल पुल बनाने के निर्देश जारी किए थे, जिस पर कार्य करते हुए लोक निर्माण विभाग ने अब पैदल पुल तैयार कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, इस क्षेत्र में लैंडस्लाइड के कारण सड़क का हिस्सा टूटकर गहरी खाई में जा गिरा था, जिसके चलते यह पूरी सड़क वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई थी, जिससे राहगीरों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस पर जिला प्रशासन के आदेशों पर इस स्थान को दोनों ओर से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लोहे के पुल का निर्माण कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि राहगीरों की सुविधा के लिए बन रहे इस पुल को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला प्रशासन को 1.60 लाख रुपए का एस्टिमेट बनाकर भेजा गया था।



लोक निर्माण विभाग ने अब पैदल पुल तैयार कर दिया है।

### धर्मशाला-कांगड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला-कांगड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हनुमान मंदिर के पास भारी भूस्खलन हुआ। बारिश के चलते खुदाई वाले स्थान से मलबा सड़क पर आ गिरा, जिससे वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। सड़क को दो से अढ़ाई घंटे बाद साफ कर यातायात बहाल किया गया, लेकिन तब तक कई वाहन चालकों को वाया शिल्ला चौक होकर यात्रा करनी पड़ी। भूस्खलन से जिले के सबसे व्यस्त सड़क मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ, जिससे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व अन्य राज्यों से धर्मशाला आने वाले पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सौभाग्य से कोई जानमाल की हानि नहीं हुई। धर्मशाला और कांगड़ा के बीच यात्रा कर रहे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। पीडब्ल्यूडी धर्मशाला के अधिशाषी अभियंता ई. दिनेश कुमार ने बताया कि मलबा हटाने का कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया था और शाम तक सड़क मार्ग को सामान्य यातायात के लिए खोल दिया गया।

# बरसात का कहर: बच्छवाई में जमीन खिसकने से 13 परिवार बेघर

## जमीन खिसकने से कई घर धराशायी, विधायक परमार ने लिया जायजा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** भारी बरसात के कारण सोमवार रात को सुलह विधानसभा क्षेत्र की बच्छवाई पंचायत के लोगों पर फिर कहर टूटा पड़ा है। इस बार बच्छवाई पंचायत के गरेहर गांव के 13 परिवार बेघर हो गए हैं। जमीन खिसकने के कारण कई घर धराशायी हो गए। लोग घर को छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

गांव के लगभग 13 घर पूरी तरह तबाह हो गए और अभी भी जमीन का खिसकना जारी है। स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर राहत कार्य शुरू किया। सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों का जायजा लिया और हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी धीरा सलीम आजम ने आधिकारिक तौर पर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 13 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं।


गरेहर गांव भारी बारिश से जमीन खिसकने से 13 घर पूरी तरह तबाह हो गए।

### 21 लोगों को रिलीफ कैंप में ठहराया

21 लोगों को रिलीफ़ कैंप में अस्थायी रूप से ठहराया गया है। प्रशासन द्वारा प्रत्येक पीड़ित परिवार को 10000 रुपए रुपए राहत दी गई है। जानकारी के अनुसार, कोई भी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही पंचायत मुंढी के अर्जुन सिंह पटियाल की गोशाला भी भारी बरसात के कारण धराशाही हुई है। कौना पंचायत के गांव गरथूं में भी प्रेम चंद का मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। वहीं, बलोह पंचायत के गांव मलघुनी निवासी चरण दास का मकान भी पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।

# धर्मशाला में जुटेंगे विश्व के 12 देशों के 200 प्रतिभागी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- सीयू में आयोजित होगा 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मेलो

**धर्मशाला** में 19 से 21 सितंबर तक विश्व के 12 देशों के 200 से अधिक प्रतिभागी जुटेंगे। इन प्रतिभागियों द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे 26वें मेलो (एमईएलओडब्ल्यू) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

इस सम्मेलन में देश और विदेश के तमाम विद्वान, प्रोफेसर, आलोचक और शोधकर्ता अपने विचार साझा करेंगे। इस वर्ष का विषय अनुकूलन की चुनौतियां परंपरा और नवाचार का अंतर्संबंध निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत विश्व साहित्य और अनुकूलन अध्ययन में परंपरा और आधुनिकता के जटिल संबंधों पर चर्चा होगी। गौरतलब है कि मेलो की अंतरराष्ट्रीय पहचान इसके परामर्श मंडल के सदस्यों से झलकती है, जिसमें इटली, अमेरिका, जापान, पोलैंड और नेपाल के प्रतिनिधि शामिल हैं। तीन दिवसीय यह आयोजन वैश्विक विद्वानों को जोड़ने और गंभीर शैक्षणिक संवाद को आगे बढ़ाने की दिशा में मेलो (द सोसाइटी फॉर द स्टडी ऑफ द मल्टी-एथनिक लिटरेचर ऑफ द वर्ल्ड) की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। धौलाधार पर्वत श्रृंखला की मनोरम पृष्ठभूमि में स्थित हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय इस आयोजन को न केवल बौद्धिक बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करेगा।

### 1997 में शुरू हुआ था मेलो

**विश्व** के बहु-जातीय साहित्य के अध्ययन के लिए सोसायटी (मेलो) की शुरुआत 1997 में हुई थी। यह सम्मेलन निरंतर संवाद और आलोचनात्मक विमर्श को प्रोत्साहित करता आया है। पिछले साल 25वां मेलो सम्मेलन नेपाल के काठमांडू विश्वविद्यालय ने आयोजित किया था।

# नारी गांव की उषा देवी के लिए सहारा बने कैप्टन संजय पराशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जसवां**-परागपुर विधानसभा क्षेत्र में कैप्टन संजय पराशर कठिन समय में गरीब परिवारों के साथ खड़े हैं, जिनके मकान बरसात में क्षतिग्रस्त हुए या ढह गए हैं। ऐसे प्रभावित गरीब परिवारों का आर्थिक सहयोग के साथ मनोबल भी पराशर बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कई कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचा है। कई परिवार ऐसे हैं, जिनकी स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। कैप्टन संजय पराशर ने अपने प्रयासों से इन परिवारों को सहारा देने का बीड़ा उठाया है।

जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के कूहना, नारी और अलोह जैसे गांवों में कैप्टन पराशर ने व्यक्तिगत रूप से जाकर प्रभावित परिवारों की स्थिति देखी। उन्होंने केवल औपचारिक सहायता नहीं की, बल्कि प्रत्येक परिवार से मिलकर उनकी आवश्यकताओं का जायजा लिया और त्वरित आर्थिक मदद दी। कूहना गांव में ऐसे कई परिवार हैं जिनके घरों की दीवारें गिर गई हैं, छतों में दरारें आ गई हैं और रहने योग्य जगह नहीं बची है। पराशर ने इन परिवारों के लिए सहयोग दिया है और यह भी आश्वासन दिया है कि यदि भविष्य में भी उन्हें सहयोग देना पड़ा तो वह पीछे नहीं हटेंगे।


नारी गांव में कैप्टन पराशर ने विशेष रूप से बुजुर्ग महिला उषा देवी का हाल जाना।

### महिला का जाना हाल, आर्थिक सहायता प्रदान की

**नारी** गांव में कैप्टन पराशर ने विशेष रूप से बुजुर्ग महिला उषा देवी का हाल जाना। उषा देवी के पति का निधन कई वर्षों पहले हो चुका है और इस बार हुई भारी बारिश में उनका कच्चा मकान पूरी तरह से गिर गया, जिससे उनके पास न रहने की कोई जगह बची। अब वह अपने रिश्तेदारों के पास अस्थायी रूप से रह रही है। पराशर ने उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की और कहा कि आपदा की इस घड़ी में किसी को भी अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। हम सब मिलकर ही इस कठिन समय का सामना कर सकते हैं। उनके इस प्रयास से उषा देवी के साथ पूरे गांव के लोग भावुक हो गए और उन्हें परिवार का सदस्य मानते हुए धन्यवाद दिया।

### राज्य योग स्पर्धा में क्रेयोन्स स्कूल के स्टूडेंट्स छाए



- ऋषभ ने झटका तीसरा स्थान अब नेशनल के लिए चयनित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा में आयोजित 22वीं राज्य योग खेल प्रतियोगिता में क्रेयोन्स वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र ऋषभ बरवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया, जबकि केविन ने राज्य स्तर पर छठा स्थान प्राप्त किया।

स्कूल प्रबंधन ने दोनों छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह बैजनाथ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। स्कूल के निदेशक रिशव अवस्थी ने छात्रों के सुनहरे भविष्य की कामना की है।

# काव्य पाठ प्रतियोगिता में अंकुश शर्मा ने मारी बाजी


धर्मशाला कॉलेज में हिंदी पखवाड़े में स्टूडेंट्स ने किया सराहनीय प्रदर्शन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के हिंदी विभाग की ओर से हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। हिंदी दिवस पर आयोजित विशेष समारोह में छात्रों ने अपनी साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। मंच पर कविताओं, निबंध, भाषण, दोहा वाचन, नारा लेखन और लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति ने वातावरण को हिंदीमय बना दिया।

मुख्य अतिथि और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की पहचान है। युवा पीढ़ी का कर्तव्य है कि वे हिंदी को केवल बोलचाल तक सीमित न रखें, बल्कि इसे ज्ञान विज्ञान और तकनीक से भी सशक्त भाषा बनाएं। हिंदी को गर्व से अपनाइए और विश्व पटल पर इसकी पहचान को मजबूत कीजिए। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. अंजली शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हिंदी हमारे विचारों और अभिव्यक्ति की आत्मा है। यह हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है और विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता को आगे बढ़ाने का अवसर देती है। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में अंकुश शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हर्षिता द्वितीय और मेघा तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम, पुष्पा धीमान द्वितीय और अंकुश तृतीय स्थान पर रहे। दोहा वाचन प्रतियोगिता में कविता प्रथम, दीप राज द्वितीय और स्मृति तृतीय रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में आशा प्रथम, पायल द्वितीय और कृति वैद तृतीय स्थान पर रही।

# पौंग बांध का जलस्तर बढ़ा निचले क्षेत्रों में अलर्ट जारी

## बारिश और बढ़ते इनफ्लो के बीच 59,895 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पौंग** बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार सुबह 9 बजे बांध का जलस्तर 1,393.88 फुट दर्ज किया गया, जबकि इनफ्लो 1,60,369 क्यूसेक तक पहुंच गया। बीते 24 घंटों में कैचमेंट एरिया में भारी बारिश हुई, सबसे अधिक बारिश नगरोटा सूरियां (135.20 मिमी), हरसर (108 मिमी), हरिपुर (62.80 मिमी) और गुलेर (54.20 मिमी) में रिकॉर्ड की गई।

पालमपुर में 48.60 मिमी और बैजनाथ में 52 मिमी बारिश दर्ज की गई। ग्रामीणों ने बताया कि कई जगह सड़कें जलमग्न हैं और लोग जान जोखिम में डालकर ही आवागमन कर रहे हैं। कई स्कूल और घरों में पानी घुसने की स्थिति बनी हुई है।

### आउटफ्लो नियंत्रित, प्रशासन सतर्क

**बीबीएमबी** प्रशासन ने बांध से पानी को नियंत्रित तरीके से छोड़ा। मंगलवार सुबह 12 बजे 1,394.30 फुट जलस्तर, इनफ्लो 1,65,292 क्यूसेक, टरबाइन 16,942 क्यूसेक, स्पिलवे 42,897 क्यूसेक, कुल आउटफ्लो 59,839 क्यूसेक, दोपहर 2 बजे 1,394.60 फुट, इनफ्लो 1,72,881 क्यूसेक, टरबाइन 16,942 क्यूसेक, स्पिलवे 42,953 क्यूसेक, कुल आउटफ्लो 59,895 क्यूसेक, दोपहर 4 बजे 1,394.79 फुट, इनफ्लो 1,20,154 क्यूसेक, टरबाइन 16,942 क्यूसेक, स्पिलवे 42,953 क्यूसेक, कुल आउटफ्लो 59,895 क्यूसेक, शाम 5 बजे 1,394.85 फुट, इनफ्लो 1,05,089 क्यूसेक, टरबाइन 16,942 क्यूसेक, स्पिलवे 42,953 क्यूसेक, कुल आउटफ्लो 59,895 क्यूसेक। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया है और राहत-बचाव दल हर समय तैयार हैं। इस दौरान जलस्तर खतरे के निशान 1,390 फीट से लगातार 4.85 फुट ऊपर रहा।

**साल का इतिहास और ग्रामीणों की तैयारी :** इस वर्ष पौंग बांध का जलस्तर रिकॉर्ड में सबसे अधिक है। 16 सितंबर को जलस्तर 1,394.85 फुट दर्ज किया गया। पिछले वर्षों की तुलना में यह आंकड़ा काफी ज्यादा है। 16 सितंबर, 2023 को 1,387.52 फुट, 17 सितंबर, 2023 को 1,387.73 फुट, 16 सितंबर, 2024 को 1,365.58 फुट और 17 सितंबर, 2024 को 1,365.43 फुट रिकॉर्ड किया गया। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती और उपायुक्त कांगड़ा ने कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रभावित पंचायतों और गांवों में अलर्ट जारी किया गया है और लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई जगह निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है और स्कूल जाने वाले बच्चे व स्टाफ जोखिम में हैं। प्रशासन का कहना है कि सभी राहत और बचाव दल हर समय तैयार हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान की जा सके।

# क्षेत्र में बनी रहेगी सुख-समृद्धि और इंद्रूनाग देवता का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- भेड़े के मेले के दौरान देवता के गूर ने देववाणी में कही बात
- नवरात्र के दौरान विधि विधान से पूजा करने का आदेश

**क्षेत्र** में सुख समृद्धि के साथ भगवान इंद्रुनाग देवता का अशीर्वाद बना रहेगा। यह बात भेड़े मेले के दौरान देवता के गूर ने देववाणी में कही। साथ ही नवरात्र के दौरान विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के भी आदेश दिए। सायर पर्व पर खनियारा के पटोला मैदान में आयोजित भेड़े के मेले के दौरान भगवान इंद्रुनाग देवता के गूर ने देववाणी में क्षेत्र में सुख-समृद्धि के साथ अपना आशीर्वाद बनाए रखने की बात कही। इंद्रुनाग मंदिर के पुजारी विपिन शर्मा ने बताया कि मंगलवार को 4 बजे के बाद मेला स्थल में इंद्रुनाग मंदिर के गूर भानी चेला ने खेलपात्र के दौरान देववाणी में देवता द्वारा क्षेत्र के लोगों पर अपना आशीर्वाद बनाए रखने के साथ आमजन की रक्षा की बात कही। गौरतलब है कि बीते माह ही दैत्यों के साथ युद्ध करके लौटे बारिश के देवता इंद्रुनाग के खनियारा पहुंचने पर विशेष पूजा-पाठ व खेलपात्र का भी आयोजन किया गया था। इसमें इंद्रुनाग के गूर ने खेल पात्र के दौरान डायनों से युद्ध के दौरान इंद्रुनाग देवता व उनके भाइयों में तोरल नाग, मतड़ानाग को तीन-तीन व बुड़ू नाग को दो घाव लगने, जबकि भाले की मार से भी देवता को चोट लगने की बात बताई थी। गूर के आदेशों पर मक्खन-चंदन लेप व औषधियों के साथ इंद्रूनाग देवता का उपचार करने के बाद इंद्रूनाग देवता राधाष्टमी के पवित्र स्नान के लिए मणिमहेश चले गए थे। 4 सितंबर को खनियारा स्थित खवाड़ा नाग मंदिर में राधाअष्टमी स्नान के बाद पहुंचे इंद्रुनाग देवता को खेलपात्र विधि द्वारा पूरी शोभा व पूजा के साथ पालकी के माध्यम से मूलस्थान इंद्रुनाग मंदिर में पहुंचाया गया। जहां खेलपात्र व विधिवत पूजा के साथ इंद्रुनाग देवता को उनके मूलस्थान पर विराजमान किया गया।

### परागपुर में गड्ढों के बीच सफर मुश्किल

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर में कुछ समय पहले सड़क चौड़ीकरण का काम चला था, जिसके चलते काफी समय तक परागपुर का रास्ता बंद भी रहा था, पर अब काम को पूरा हुए तकरीबन एक से डेढ़ महीना गुजर चुका है। अब रास्ते के हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन के लिए भी काफी दिक्कत बन सकती है। पहले तंग सड़क के कारण यहां जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी, लेकिन अब गड्ढों के कारण जाम लग रहा है। यहां ढंगे का काम और सड़क चौड़ीकरण का काम तो हो गया, पर सड़क में गड्ढों का काम अधूरा रह गया। आपको बता दें कि यह रास्ता कालोह से नेहरण पुखर के लिए मिलता है और तकरीबन यहां से 100 से 150 वाहन रोजाना गुजरते हैं । उधर, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राजन कौशल ने बताया कि जल शक्ति विभाग की ओर से सीवरेज की पाइप डाली जानी है, जिस कारण सड़क का काम रुका है। जल शक्ति विभाग का काम पूरा होते ही रास्ते को ठीक कर दिया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षक अजय कुमार को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित जेबीटी शिक्षक अजय कुमार को खंड शिक्षा अधिकारी झंडूता कही की ओर से एक विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम झंडूता में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पाठशाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष पवन चंदेल, केंद्रीय मुख्य शिक्षक राजेंद्र पाल, ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी प्रेम लाल शर्मा, पीटीएफ अध्यक्ष जोगिंदर लाल, तेज पाल, श्याम तथा समस्त केंद्र मुख्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने अजय कुमार की शिक्षा के क्षेत्र में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अजय जैसे शिक्षकों से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

### कार्तिक शर्मा ने हासिल किया 9वां स्थान

**विनोद चड्ढा, अनंत ज्ञान, कुठेड़ा।** उपमंडल घुमारवीं के तहत आदर्श मुख्यमंत्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुठेड़ा के 12वीं कक्षा के छात्र छात्र कार्तिक शर्मा ने स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित संशोधित रिजल्ट में विज्ञान संकाय (नॉन-मेडिकल) की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97.6 फीसदी अंक (488/500) प्राप्त कर प्रदेश भर में 9वां स्थान हासिल किया है। कार्तिक ने छठी कक्षा से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से की है। इससे पूर्व 10वीं की परीक्षा में भी उसने 678 अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 17वां स्थान प्राप्त किया था। वर्तमान में कार्तिक शर्मा का चयन हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर (बंदला) में बी.टेक (कंप्यूटर संकाय) के लिए हुआ है। एक मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले कार्तिक का सपना भविष्य में भारतीय सेना में शामिल होने का है। प्रधानाचार्य ने कार्तिक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे विद्यालय का गौरव बताया। वहीं, कुठेड़ा पंचायत की प्रधान एवं एसएमसी समिति की प्रधान ज्योति धीमान ने कार्तिक को बधाई दी है।

### घुमारवीं में भाजपा कार्यसमिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में भाजपा मंडल स्तरीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन मुख्य अतिथि थे और पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन मजबूती, सेवा कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। सिद्धार्थन ने 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने की घोषणा की, जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, हेल्थ कैम्प आदि शामिल होंगे। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भी मनाई जाएगी। राजेंद्र गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और झूठी गारंटियों का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क अभियान चलाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़े में सक्रिय भागीदारी और प्रदेश में विकास व पारदर्शिता लाने का संकल्प लिया। बैठक में कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पोस्टर मेकिंग में अनु ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में हिंदी पखवाड़े के तहत हिंदी दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार मुख्य अतिथि थे। विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, कविता पाठ, भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। निबंध लेखन में रेशम ने पहला स्थान प्राप्त किया, कविता पाठ में भावना, भाषण में भावना और पोस्टर मेकिंग में अनु प्रथम रहीं। हिंदी विभाग की प्राध्यापिका प्रो. अर्चना शर्मा ने सभी का स्वागत किया। निर्णायक मंडल में प्रो. राजेंद्र कुमार, प्रो. नितेश, प्रो. रंजू समेत अन्य शामिल थे। डॉ. संजय कुमार ने विजेताओं को बधाई देते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर जोर दिया और दैनिक जीवन में इसके उपयोग का आग्रह किया।

### जीवन लता और इंदु बनीं मिस फ्रेशर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा पर्यटन विभाग की ओर से फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर जोर देते हुए मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्साह से भर गया। पत्रकारिता विभाग से भावना व गौरी और पर्यटन विभाग से जीवन लता व इंदु को मिस फ्रेशर चुना गया। डॉ. हेमा ने नए विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन शिवानी वर्मा और प्रिया ने किया।

# बिलासपुर में एयरोस्पोर्ट्स और वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां फिर शुरू

## डीसी ने बंदला-गोबिंदसागर पैराग्लाइडिंग साइट पर एडवांस्ड एसआईवी प्रशिक्षण कोर्स का किया शुभारंभ

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



एडवांस्ड एसआईवी प्रशिक्षण कोर्स के शुभारंभ पर पायलटों को हरी झंडी दिखाते डीसी।

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर अब रोमांच और साहसिक पर्यटन की नई पहचान बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। सुरक्षा कारणों से दो माह तक बंद रहीं एयरोस्पोर्ट्स और वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां मंगलवार से पुनः शुरू हो गई।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बंदला-गोबिंदसागर पैराग्लाइडिंग साइट पर पांच दिवसीय एडवांस्ड एसआईवी प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ करते हुए पायलटों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीसी ने कहा कि बिलासपुर के लिए यह गर्व की बात है कि यहां देश की बेहतरीन पैराग्लाइडिंग साइट्स में से एक उपलब्ध है। बंदला से उड़ान भरने के बाद सीधे गोबिंदसागर झील में लैंडिंग का अनुभव इसे अद्वितीय बनाता है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द यहां वाणिज्यिक उड़ानें भी शुरू होंगी, जिससे रोमांच प्रेमियों को सीधे बिलासपुर का रुख करने का अवसर मिलेगा। इस पहल का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय युवाओं को मिलेगा, उन्हें पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण दिलाकर रोमांचक खेलों में करियर बनाने का अवसर दिया जाएगा। इस कदम से न केवल साहसिक खेलों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए दरवाजे भी खुलेंगे। क्षेत्र के होमस्टे, होटल और टैक्सी सेवाओं को भी सीधा फायदा होगा। बिलासपुर जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रहा है।

डीसी ने बताया कि मार्च में यहां पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजन भी होंगे, जिससे बिलासपुर को साहसिक पर्यटन की राजधानी बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ेंगे। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पर्यटन को नई गति देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# ब्रह्मपुखर में पवित्र पीपल के पेड़ का सफल स्थानांतरण



जड़ों और तनों को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक अपनाई गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**शिमला**-मटौर फोरलेन निर्माण कार्य के बीच जहां आधुनिक विकास की रफ्तार तेज है, वहीं बिलासपुर प्रशासन ने लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं का सम्मान करते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

ब्रह्मपुखर क्षेत्र स्थित प्राचीन पवित्र पीपल वृक्ष जिसे स्थानीय लोग श्रद्धा से 'ब्रह्मा' के नाम से जानते हैं, उसको सफलतापूर्वक जब्बल (निकट मार्कंडे) में स्थानांतरित कर दिया गया। प्रत्यारोपण की प्रक्रिया नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तकनीकी सहयोग, गाबा कंस्ट्रक्शन की सक्रिय भागीदारी और वन विभाग की सतर्क निगरानी में संपन्न हुई। वृक्ष की जड़ों और तनों को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीक अपनाई गई, जिससे इसके जीवित रहने और आगे विकसित होने की संभावनाएं सुनिश्चित हुईं। एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह ने बताया कि विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था का सम्मान करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास तलाई के प्राचीन मंदिर का होगा पुनर्निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**▸ 2.71 करोड़ रुपए से अधिक राशि की जाएगी व्यय**

**बाबा** बालक नाथ मंदिर न्यास तलाई के प्राचीन मंदिर का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर 2 करोड़ 71 लाख 63 हजार 700 रुपए अनुमानित राशि से खर्च की जाएगी। मंदिर प्रभारी एवंम सहायक अभियंता विजय ठाकुर और मंदिर न्यासियों ने बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया मंदिर पुनर्निर्माण में शास्त्रों की विधि अनुसार, धार्मिक ग्रंथो में वर्णित विधियों और नियमों के अनुसार, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं का संरक्षण विशेष रूप से आचार्यों द्वारा बताई विधि गायत्री जाप अनुष्ठान पूजा विधि का पालन करते हुए पुनर्निर्माण कार्य शुरू किया है। यह कार्य एक वर्ष में पूरा किय जाएगा। जर्जर हालत में मंदिर जीर्णोद्धार लिए जिला प्रशासन पिछले कुछ वर्षों से आधिकारिक कार्य में जुटा था, अब पूर्ण औपचारिकता उपरांत पुनर्निर्माण कार्य में गति प्रदान की गई है। पुनर्निर्माण मंदिर प्राक्कलन पर गहन चर्चा कर कहा श्रद्धालुओं की आस्था को मध्यनजर रखते हुए बाबा बालक नाथ मंदिर के प्राचीन स्थल, इतिहास और विशेष रूप से मूर्तियों को सुरक्षित रखा जाएगा और प्राचीन मूर्तियों से कोई छेड़खानी नहीं होगी। वहीं, जिला आयुक्त राहुल कुमार और मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम झंडुता अर्शिया शर्मा द्वारा समय-समय पर निरीक्षण और मार्गदर्शन निरंतर मिल रहा है। बैठक दौरान मंदिर न्यासी नरेंद्र शर्मा, देशराज शर्मा, पवन कौशल, शशि पाल शर्मा, पविंदर शर्मा, सरदीप भारद्वाज, परस राम ठाकुर, अशोक कौशल, राजकुमार कौशल व रोशनी देवी, प्रेम चौहान और शिवम चौहान मंदिर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी इकाई का 'शतुद्री वंदन' सेलिंग अभियान शुरू

## उपायुक्त राहुल ने अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



शतुद्री वंदन सेलिंग अभियान को हरी झंडी दिखाते उपायुक्त। 10 दिवसीय शिविर में तीन राज्यों के 70 कैडेट्स ले रहे भाग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**एनसीसी** निदेशालय चंडीगढ़ के तत्वावधान में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की ओर से आयोजित 10 दिवसीय विशेष नौकायन शिविर 'शतुद्री वंदन सेलिंग अभियान' का शुभारंभ मंगलवार को लुहणू घाट हेलिपैड से हुआ। डीसी राहुल कुमार ने बतौर मुख्यातिथि इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और आयोजन की सफलता के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। शिविर में हिमाचल, हरियाणा और पंजाब से आए लगभग 70 कैडेट्स भाग ले रहे हैं, जिनमें 46 छात्र और 24 छात्राएं शामिल हैं।

कैडेट्स अगले दस दिनों तक गोबिंदसागर झील में नौकायन करते हुए बिलासपुर, जगातखाना, रायपुर और नखराना जैसे पड़ावों पर रात्रि विश्राम करेंगे। कैडेट्स नशा मुक्त भारत, स्वच्छ भारत मिशन और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नुक्कड़ नाटक, रैलियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे। विद्यालयों और पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। डीसी राहुल ने कहा कि इस प्रकार के अभियान युवा कैडेट्स में अनुशासन, साहस और चरित्र निर्माण को सुदृढ़ करते हैं। कैडेट्स ने सतलुज नदी में बोट पुलिंग करते हुए कंदरौर पहुंचकर समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कंदरौर बाजार से शुरू हुई नशा मुक्ति रैली में कैडेट्स ने हाथों में तख्तियां और पोस्टर लेकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। ग्रामीणों और उपस्थित लोगों ने कैडेट्स के जोश और उनके सामाजिक संदेश की प्रशंसा की।

### कैडेट्स को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

**स्वच्छ** भारत मिशन के तहत गोबिंदसागर बांध की सफाई भी की जाएगी, ताकि पर्यावरण संरक्षण और जल स्वच्छता का संदेश समाज तक पहुंच सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने कैडेट्स को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी और यातायात अनुशासन को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिलासपुर डिग्री कॉलेज, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला तथा डीएवी स्कूल बरमाणा के एनसीसी कैडेट्स ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# कविता गायन में मनश्रुति भाटिया प्रथम

## अल्फा पब्लिक स्कूल बरठीं में हिंदी पखवाड़े का समापन



अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में तीन दिवसीय हिंदी पखवाड़े के समापन पर समारोह आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

**अल्फा** पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में तीन दिवसीय हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य टीडी शर्मा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। हिंदी पखवाड़े के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कविता गायन प्रतियोगिता में अनिष्ठा, अनिष्का ने पहला, अनिशठा परमार ने दूसरा और रियांश ठाकुर ने तीसरा स्थान लिया। सुंदर लेख प्रतियोगिता में रेनिया ने प्रथम, कनिष्क ने दूसरा और दक्ष गौतम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता गायन में मनश्रुति भाटिया ने प्रथम, पवित सोहल दूसरा और मनन ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### शब्द अंताक्षरी में वैष्णवी ने मारी बाजी

**शब्द** अंताक्षरी में वैष्णवी ने पहला स्थान, आरुषि ने दूसरा और अनवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अयास द्विवेदी ने प्रथम, सानवी शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चित्र लेखन प्रतियोगिता में अंश गौतम ने प्रथम, अश्विन ने दूसरा और शिवांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। दोहा गायन प्रतियोगिता में समीक्षा प्रथम, वंश ठाकुर द्वितीय और प्रज्ञनय ने तीसरा स्थान हासिल किया। अतिवृष्टि पर आधारित प्रतियोगिता में पतिवत प्रथम, सेजल द्वितीय,और दशिता तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य ठाकुर दास शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है और इसका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पंचायत धनी के उपप्रधान मुकेश कुमार ने प्रदेशभर में अवैध कब्जों को हटाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश सर्वोपरि हैं, परंतु हिमाचल प्रदेश में लाखों लोग ऐसे घरों में रह रहे हैं, जो उन्होंने वर्षों की मेहनत और पूंजी से बनाए हैं।

उन्होंने बताया कि अधिकतर कब्जे वीरान पड़ी सरकारी भूमि पर किए गए हैं, जहां लोगों ने मवेशियों के लिए आश्रय और अपने परिवार के लिए सुरक्षित निवास स्थान बनाया है। कुछ मामलों में लोगों ने प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए इन स्थानों को चुना है।

मुकेश ने सरकार से आग्रह किया कि ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए सर्वे करवाकर पुनर्वास या वैधता की नीति लाई जाए। यह सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदना का भी विषय है।

# मां नेरसा देवी मंदिर में सायर मेला शुरू

## उपमंडल अधिकारी झंडूता अर्शिया ने किया शुभारंभ, कमेटी ने की मां की चुनरी भेंट

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**



मां नेरसा देवी मंदिर में तीन दिवसीय सायर मेले का शुभारंभ करती एसडीएम अर्शिया।

**झंडूता।** मां नेरसा देवी मंदिर में उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) झंडूता अर्शिया शर्मा ने तीन दिवसीय सायर मेले का शुभारंभ किया। मंदिर कमेटी के प्रधान हंसराज शर्मा ने बताया कि मेले में जागरण के साथ-साथ तीनों दिन लंगर की व्यवस्था होगी।

**मेले में अटूट लंगर की व्यवस्था**

उन्होंने प्राचीन मां नेरसा देवी मंदिर के इतिहास से भी उपस्थित भक्तों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मां श्री नेरसा देवी जी का इतिहास लगभग 400 साल पुराना है। एक किंवदंती के अनुसार एक समय मां नयना देवी के मंदिर से एक चमकता हुआ ज्योतिपु आया और यहां स्थित एक सन्नण के वृक्ष से जा टकराया। इससे वृक्ष की डाल टूटकर नीचे गिर गई और तने में गड्ढा पड़ गया। इस प्रकार यह ज्योति तरंग वृक्ष के मूल (जड़) में विलीन हो गई। लोगों ने जब वृक्ष के पास आकर देखा तो आश्चर्य से भर गए, क्योंकि उन्होंने वहां पर वृक्ष की जड़ (मूल) स्थान पर पिंडी को पाया। उन लोगों को ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों मां नयना देवी से आए हुए उस ज्योति ने कई युगों से अपने रूप (मां की पिंडी) की तलाश पूरी की हो। मान्यता के अनुसार राजा कल्याण चंद ने (16वीं शताब्दी में) अपनी रानियों की प्रेरणा से इस मंदिर का निर्माण किया। जो भी भक्तजन सच्चे मन से मां से दुआ मांगता है, उनकी मनकामना पूरी होती है। वहीं, मंदिर कमेटी ने मुख्य अतिथि को माता की चुनरी भेंट करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने मंदिर में पूजा-अर्चना के उपरांत झंडा फहराने की रस्म के साथ मेलों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बृज लाल शर्मा, मस्त राम, सीता देवी, अनिल कुमार, सुनील कुमार समेत अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

### डेवलपमेंट मैनेजर के पदों के लिए इंटरव्यू 23 को

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड घुमारवीं की ओर से डेवलपमेंट मैनेजर के 4 पदों को भरा जाएगा। इन पदों के लिए 23 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे से उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि डेवलपमेंट मैनेजर के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन व एमबीए और 12वीं पास भी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार की आयु 25 से 40 वर्ष के बीच होनी अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों को 20 हजार से 30 हजार रुपए तक मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक पुरुष व महिला उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर उप रोजगार कार्यालय घुमारवीं में उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए श्रीराम इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, घुमारवीं के अधिकारी से मोबाइल नंबर 7807392544 पर संपर्क कर सकते हैं।

**सतर्कता** एसपी संदीप धवल की लोगों से सतर्क रहने की अपील, बोले- डिजिटल ठग बदल रहे तौर-तरीके

# बिलासपुर में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के मामले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**▸ बिलासपुर में हुई थी 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी, जांच जारी**



**इंटरनेट** और स्मार्टफोन ने जहां जीवन को आसान और तेज बनाया है। वहीं, साइबर अपराधियों ने भी इन्हें ठगी का सबसे आसान हथियार बना लिया है। हिमाचल प्रदेश सहित जिला बिलासपुर भी अब साइबर अपराध की चपेट में है। हाल ही में सामने आए कई मामलों ने यह साबित किया है कि जरा-सी लापरवाही जिंदगी भर की पूंजी को पलभर में छीन सकती है।

पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि साइबर अपराधियों के तौर-तरीके लगातार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम जैसे मामलों में अपराधी खुद को पुलिस अधिकारी या सरकारी एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर वीडियो कॉल करते हैं और बैकग्राउंड इस तरह दिखाते हैं, जैसे व्यक्ति थाने या सरकारी दफ्तर में बैठा हो। इसके बाद डराकर मोटी रकम ऐंठी जाती है। हाल ही में बिलासपुर में 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी की जांच जारी है।

### नकली ऐप्स और ब्रांड के नाम पर ठगी

**एसपी** धवल ने बताया कि अपराधी नामी कंपनियों की वेबसाइट और मोबाइल ऐप की कॉपी तैयार कर लोगों को झांसे में ले रहे हैं। बैंकिंग ऐप्स और ई-वॉलेट्स के नाम पर बने नकली एप्स निजी जानकारी और पासवर्ड चुराने का जरिया बनते जा रहे हैं। जिले में ऑनलाइन निवेश घोटाले भी तेजी से बढ़ रहे हैं।

### निवेश और लोन स्कैम में फंस रहे लोग

**व्हाट्सऐप** व टेलीग्राम ग्रुप्स पर 'तेजी से पैसा दोगुना' करने का लालच देकर लोग को शिकार बना रहे हैं। हाल ही में 15 से 20 लोग निवेश घोटाले में फंस गए। इसी तरह नकली लोन ऐप्स सस्ते ब्याज दर का झांसा देकर लोगों की कमाई हड़प रहे हैं। एसपी ने साफ कहा कि लोन केवल आरबीआई से अधिकृत बैंक या वित्तीय संस्थानों से ही लेना चाहिए।

### नागरिकों से अपील

**पुलिस** अधीक्षक संदीप धवल ने स्पष्ट कहा कि साइबर अपराध से लड़ाई में हर नागरिक की सतर्कता जरूरी है। किसी भी कॉलर को एटीएम पिन, ओटीपी या इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड न बताएं। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। कोई भी एप केवल आधिकारिक वेबसाइट या गूगल प्ले स्टोर से ही डाउनलोड करें। संदिग्ध मैसेज, लिंक या वीडियो कॉल मिलने पर तुरंत परिवार या पुलिस को सूचित करें। किसी भी वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें।

### फिशिंग और डीपफेक की नई चालें

**फिशिंग** और एपीके लिंक वाले स्कैम भी तेजी से फैल रहे हैं। ट्रैफिक चालान, बिजली बिल या केवाईसी अपडेट के बहाने भेजे गए नकली लिंक पर क्लिक करते ही फोन क्लोन हो जाता है और अपराधियों को मोबाइल का पूरा नियंत्रण मिल जाता है। एसपी धवल ने कहा कि डीपफेक वीडियो और ऑडियो भी अब ठगी का बड़ा हथियार बन रहे हैं। कई लोग अनजाने में अपने नाम पर जारी बैंक अकाउंट या सिम कार्ड दूसरों को दे देते हैं, जिससे वे खुद भी अपराध में फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय रहते सूचना देने से खाते से निकली रकम वापस पाने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा बिलासपुर साइबर सेल और नजदीकी थानों में स्थापित साइबर क्राइम हेल्प डेस्क भी हर समय लोगों की मदद के लिए तैयार है।

# झंडूता में पेंशनर्स 22 को करेंगे शांतिपूर्ण संघर्ष

## बैठकः बोले- भत्ते, एरियर और चिकित्सा बिलों का हो निपटारा

**मदन गोपाल, अनंत ज्ञान**



बरठीं में आयोजित बैठक में पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के उपस्थित पदाधिकारी।

**बरठीं।** जिला बिलासपुर पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक विश्राम गृह बरठीं में हुई, जिसमें जिलेभर से करीब चार दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में तय हुआ कि सरकार द्वारा पेंशनरों की लंबित मांगों पर कार्रवाई न होने के चलते 22 सितंबर को झंडूता में शांतिपूर्ण संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान उपमंडलाधिकारी झंडूत्ता के माध्यम से उपायुक्त बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पेंशनरों ने सरकार से 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वित्तीय लाभों का तत्काल भुगतान करने, लंबे समय से लंबित पड़े चिकित्सा बिलों के निपटारे, पेंशनरों की संयुक्त सलाहकार समिति गठित करने तथा महंगाई भत्ते की किस्तों और बकाया एरियर के भुगतान की मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि पेंशनरों के हक को लेकर कई बार सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस अवसर पर जिला प्रधान जगदीश दिनेश, महासचिव नरोत्तम धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान कर्म देव गौतम, वित्त सचिव सुरेश जोशी आदि मौजूद रहे।

### जुखाला में 92 लोगों की जांची आंखें, 16 को मोतियाबिंद की समस्या

**अनंत ज्ञान, जुखाला।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर और ई-सोमसा विभाग के सहयोग से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) जुखाला में वृद्धजनों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 92 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 52 वरिष्ठ नागरिक थे। 60 वर्ष से अधिक आयु के 16 व्यक्तियों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। स्वास्थ्य विभाग के संजय शर्मा ने लाभार्थियों को आवश्यक परामर्श और चिकित्सा मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस के सचिव अमित कुमार, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र बावा, पंचायत प्रधान जगदीश ठाकुर और डाइट के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मेधावियों ने किया बेंगलुरु शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत जिला चंबा के 36 मेधावी विद्यार्थियों ने 11 से 15 सितंबर 2025 तक बेंगलुरु का शैक्षणिक भ्रमण किया। पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव करने वाले इन बच्चों ने अमृतसर से बेंगलुरु तक की उड़ान भरी। भ्रमण में विद्यार्थियों ने वंडरला वाटर पार्क, चंद्रयान प्रदर्शनी, विज्ञान अजायबघर, फिनिक्स मॉल, ऐस्कॉन मंदिर, बेंगलुरु महल सहित कई ज्ञानवर्धक स्थलों का भ्रमण किया। अमृतसर में उन्होंने स्वर्ण मंदिर दर्शन और वाघा बॉर्डर की परेड भी देखी। यात्रा का नेतृत्व पीएम श्री जिला समन्वयक रोहित शर्मा ने किया। यह भ्रमण मुख्यमंत्री सुक्खु, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और शिक्षा विभाग के सहयोग से सफल रहा। दो एस्कॉर्ट शिक्षक डॉ. मदन लाल और रचना महाजन भी साथ रहे।

### लंगर सेवा संचालक ने डीसी का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पिछले 14 वर्षों से चंबा के ऐतिहासिक चौगान में मणिमहेश लंगर सेवा श्रद्धालुओं को सेवा प्रदान करती आ रही है। इस बार भारी बारिश के कारण इस सेवा को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। लंगर सेवा के संचालक विजय कुमार सम्मी ने जिला प्रशासन का तह दिल से धन्यवाद किया। बारिश की तबाही के बीच प्रशासन और पुलिस ने लंगर को आवश्यक पानी और गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाकर सेवा को जारी रखने में मदद की। विजय कुमार सम्मी उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे और इस कठिन समय में प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। डीसी चंबा ने बताया कि 24 से 26 जुलाई तक हुई भारी बारिश से 10 से 12 हजार श्रद्धालु मणिमहेश यात्रा में फंसे रहे। ऐसे में कई संस्थाओं के साथ लंगर सेवा ने भी श्रद्धालुओं की सेवा में अहम भूमिका निभाई। डीसी ने विजय की इस सेवा की प्रशंसा की और कहा कि वे इसी तरह लोगों की सेवा करते रहें।

### नाले के पानी से किसानों की फसल तबाह

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** खड़िहार पंचायत के वार्ड नंबर 5, डोल गांव के छो में सड़ाल नाले और सड़क का पानी खेतों में घुस जाने से किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। पानी के साथ आई मिट्टी खेतों में भर गई, जिससे करीब 100 बीघा जमीन की फसल नष्ट हो गई।किसानों का कहना है कि सड़ाल नाले का अनियंत्रित प्रवाह और सड़क से बहकर आने वाला पानी उनकी तबाही का मुख्य कारण है। प्रभावित ग्रामीणों ने सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान करने और उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है।स्थानीय किसानों ने बताया कि उनकी मेहनत और आजीविका पर इस आपदा से गहरा असर डाला है। उनका कहना है कि अब उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने प्रशासन से तुरंत राहत और आर्थिक सहायता की उम्मीद जताई है।इस मामले पर स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### भाजपा आज लगाएगी रक्तदान शिविरः निहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा जिला मंडी के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे आस्था अस्पताल चक्कर, बल्ह विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान महादान है और इस शिविर के माध्यम से समाज की सेवा करना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर वास्तविक कृतज्ञता प्रकट करना है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं समाज के जागरूक नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में मंडी लोकसभा सांसद कंगना रनौत, विधायक और भाजपा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

### सांसद अनुराग से पीड़ितों को मिला ठेंगाः पवन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** निवर्तमान जिला महासचिव पवन कालिया ने जारी बयान में कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे सांसद अनुराग ठाकुर ने पीड़ितों के हालात का जायजा लेने की बजाय कार्यकर्ताओं से स्वागत करवाने और फोटोशूट करने में ही ज्यादा समय बिताया। सांसद के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए और उनका भव्य स्वागत किया, लेकिन आपदा से प्रभावित लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध करवाने के बजाय सांसद ने विधायक से कहा कि पीड़ितों को तिरपाल दिलवा दो, अगर विभाग के पास नहीं होंगे तो खुद दिला देना। इसके बाद सांसद थोड़ी देर की औपचारिकता निभाकर रवाना हो गए थे।

### आपदा पर न करें सियासतः मोंटी संधू

**अनंत ज्ञान, नादौन। हिमाचल** में आई भीषण आपदा के बीच सियासी बयानबाजी पर एचआरटीसी निदेशक मोंटी संधू ने विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि पीड़ितों के साथ खड़े होने का है। दुख की घड़ी में कुछ नेता राहत कार्यों में सहयोग करने की बजाय केवल फोटो खिंचवाने और बयानबाजी में लगे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। संधू ने कहा कि प्रदेश सरकार, प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन राहत और बचाव कार्यों में दिन-रात जुटे हैं, लेकिन कुछ लोग आपदा को अवसर बनाकर सस्ती लोकप्रियता बटोरना चाहते हैं। उन्होंने चेताया कि जनता सब देख रही है और सियासत करने वालों को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से मतभेद भुलाकर राहत कार्यों में सहयोग की अपील की।

### ट्रक की चपेट में आई छात्रा घायल, पीजीआई रेफर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन-हमीरपुर फोरलेन पर गगाल गांव में ट्रक की चपेट में आने से कॉलेज जा रही छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि दो अन्य छात्रों को चोटें आई हैं। छात्रा का दायां पैर बुरी तरह जख्मी हुआ है। उसे उपचार के लिए नादौन अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। गरीब परिवार से संबंधित घायल छात्रा गरिमा पुत्री सूरम सिंह निवासी गांव कुहना नादौन कॉलेज में बीएससी फाइनल की पढ़ाई कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने बताया कि मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### तहसीलदार ने आपदा प्रभावित को दी राहत राशि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मंगलवार को सपनेहड़ा में संतोष कुमारी पत्नी स्वर्गीय मिलाप चंद का मकान दोपहर लगभग 12 बजे वर्षा के कारण गिर गया। तहसीलदार बामसन सौरभ धीमान ने घटना स्थल का दौरा कर मौके पर ही 10,000 रुपए की अंतरिम राहत प्रदान की तथा परिवार को परिजनों के घर में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद तहसीलदार सौरभ धीमान ने दाड़ी बगवाड़ा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां कुछ व्यक्तियों के मकानों को क्षति पहुंची है। प्रभावित परिवारों को प्रावधानों के अनुसार राहत देने का आश्वासन दिया।

### आज धर्मपुर को दौरा करेंगे अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान पर दुःख प्रकट करते हुए आपदा पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी तो हिमाचल के लिए आपदा की इस घड़ी में बहुत कुछ कर रहे हैं, मगर हिमाचल की कांग्रेस सरकार की निष्क्रियता से जनता में सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर प्रदेश सरकार है कहां है? अनुराग बुधवार सुबह 7 बजे धर्मपुर में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हालात विकट हैं। भारी बारिश ने जमकर तांडव मचा रही है और मेरे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के धर्मपुर में बस स्टैंड के डूबने, बसें और कई वाहन के बह जाने की खबर है। धर्मपुर में रजत ठाकुर जनता के बीच हैं। आपदा प्रभावितों की सहायता के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। मैं भी सुबह 7 बजे धर्मपुर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों के साथ रहूंगा।

### मेधावी छात्र सम्मान समारोह आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अटल-प्रेम सेवा संस्था के अध्यक्ष विजय बहल ने कहा कि संस्था द्वारा प्रधानमंत्री जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन 17 सितंबर को किया जाएगा। यह कार्यक्रम ज्योत्सना आईटीआई लोहरी में प्रातः 9:30 बजे से आरंभ होगा। बहल ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. (डॉ.) एसपी बंसल शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्योत्सना प्राइवेट आईटीआई के प्रबंध निदेशक जेके चौहान उपस्थित रहेंगे।

### भारी बारिश से प्रभावित पंचायतों में पहुंचे विधायक नीरज नैय्यर

# हर पीड़ित तक पहुंचेगी मदद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने मंगलवार को सराहन पंचायत, बाट पंचायत और भाला क्षेत्र का दौरा कर भारी बारिश से प्रभावित लोगों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की, उनका दुख-दर्द सुना और भरोसा दिलाया कि आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। दौरे के दौरान विधायक ने अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि राहत और पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्रभावित परिवारों को तुरंत सहायता सामग्री और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश से हुए नुकसान का आकलन तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि पीड़ित परिवारों को मुआवजा और मदद जल्द मिल सके। विधायक ने कहा कि जनता की तकलीफ हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है और किसी भी पीड़ित को अकेला महसूस नहीं होने दिया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से चंबा जिला में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा है, वहीं, सड़क मार्ग बाधित होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज कर दिए हैं।



विधायक नीरज नैय्यर प्रभावित लोगों की स्थिति का बारीकी से जायजा लेते हुए।

### डॉ. कविता को मिला नारी शक्ति सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्लासिक एरा पब्लिकेशन द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में चंबा की प्रसिद्ध लेखिका और शिक्षाविद डॉ. कविता बिजलवान को नारी शक्ति सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान और रचनात्मकता के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 2025 में डॉ. कविता बिजलवान ने दो साझा पुस्तकें 'मेरे हिस्से का आसमान' और 'सरहद के उस पार' प्रकाशित की हैं। यह पुरस्कार मेरे हिस्से का आसमान पुस्तक के मुख्य संपादक टीसी सावन द्वारा उन्हें प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लेखिका दिव्या बदली और शीतल भी मौजूद रहीं। मेरे हिस्से का आसमान में शामिल रचनाएं भावनाओं की गहराई को उजागर करती हैं और समाज, प्रेम, जीवन व प्रकृति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालती हैं। कवित्रियों की संप्रेषण शैली ने काव्य को नई ऊंचाइयां दी हैं।

**कवित्रियों की संप्रेषण शैली ने काव्य को नई ऊंचाइयां दीं**

## आपदा में महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी दुर्गेठी पंचायत की कमला देवी

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** भरमौर के ग्राम पंचायत दुर्गेठी के गांव दुर्गेठा की कमला देवी पिछले महीने आई आपदा में मणिमहेश यात्रियों के लिए मसीहा बनकर सामने आई। उनके द्वारा बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया गया।



आपदा के दौरान फंसे यात्रियों के लिए कमला देवी ने ना केवल अपने घर में पनाह दी बल्कि उनका खाने-पीने और सेहत का भी खूब ख्याल रखा। जिसके लिए अतिथि देवो भवः किसी सपने को साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उन्हें शिमला में सम्मानित भी किया है। इस दौरान कमला देवी ने घायल मणिमहेश यात्रियों के लिए अपने घर में उनका फर्स्ट एड भी किया। हालांकि कुछ महीने पहले ही उनके पति ओम प्रकाश की दुखद मृत्यु हुई है जो पेशे से सरकारी ठेकेदार थे, लेकिन बावजूद इसके वह आपदा के इस दौर में अपनी पीड़ा को भुलाकर श्रद्धालुओं की पीड़ा को दूर करने में लगी रही। 28 अगस्त से जब पूरे प्रदेश में लैंडस्लाइड वह बारिश के कारण जगह-जगह सड़के बंद थी और मणिमहेश श्रद्धालु आश्रय के लिए तरस रहे थे। उस दौरान कमला देवी ने इस रास्ते से गुजरने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने रहने व उनकी सेहत का भी खूब ख्याल रखा। वह सभी यहां से आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए दिन-रात खड़ी रही और जब सोने के लिए कपड़े कम पड़ जाते तो पड़ोसियों से कपड़े मांग कर लाती ताकि कोई भी बिना कंबल ना रहे। उन्होंने एक दिन में डेढ़ सौ से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने खाने-पीने का प्रबंध किया।

इसके बदले में जब यहां पर रुकने वाले श्रद्धालुओं ने उन्हें बदले में पैसे देने चाहे तो उन्होंने कहा यह सेवा है बिजनेस नहीं। उनकी इस सेवा से यह सिद्ध कर दिया की नई सिर्फ परिवार ही नहीं मानवता को भी संवार सकती है।

## राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा में चंबा का शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

कांगड़ा जिला में 13 और 14 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में चंबा जिला के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले और चंबा योगा एसोसिएशन का नाम रोशन किया।

चंबा योगा एसोसिएशन से जुड़े संतोष कुमार गांव कुन्हा, पंचायत कोहलड़ी ने 35 से 45 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उनका यह प्रदर्शन पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बना।

इसी प्रतियोगिता में दिव्यांश गर्ग गांव रुमाली, पंचायत साच ने 14 से 16 वर्ष आयु वर्ग में छठा स्थान हासिल कर चंबा व एसोसिएशन का नाम रोशन किया। इसके अलावा चंबा से गए अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन किया और योगासन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चंबा योगा एसोसिएशन ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि आने वाले समय में चंबा के युवा और ऊंचाइयों को छूकर प्रदेश व देश स्तर पर पहचान बनाएंगे। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और जिले में योग व खेलों की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है।

### किलोड पंचायत के युवक ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को सौंपा ज्ञापन

## विपन ने विकास कार्यों में गड़बड़ी पर कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी, आत्मदाह की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**विकास** खंड मैहला की पंचायत किलोड के निवासी विपन शर्मा पुत्र जयकृष्ण शर्मा ने किलोड पंचायत में हो रहे विकास कार्यों में गड़बड़ी को लेकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ज्ञापन सौंपा।

विपन शर्मा ने बताया कि उन्होंने 22 मई 2025 को बीडीओ मैहला डॉ. बशीर खान को किलोड पंचायत के कुछ भवनों के निर्माण कार्यों में धनराशि के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज करवाई थी। उन्हें 15 दिन में कार्रवाई का आश्वासन मिला था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत करने के बाद उल्टा उन्हें विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित किया जाने लगा।

उन्होंने कहा कि इस बारे में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को भी अवगत करवाया, पर वहां भी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आत्महत्या का नोट भी दिया था, लेकिन इस पर भी कोई कदम नहीं उठाया गया। विपन शर्मा ने राज्यपाल से गुहार लगाते हुए कहा कि यह उनकी आखिरी उम्मीद है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 17 सितंबर सुबह 10:30 बजे तक जांच शुरू नहीं की गई तो वह जिला मुख्यालय चंबा में आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे और इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### राज्यपाल शुक्ल ने आपदा प्रभावितों सुनीं की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने दो दिवसीय चंबा दौरे के दौरान भरमौर और चंबा विधानसभा क्षेत्र के आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का नुकसान देखा और प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज, डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर और चंबा के विधायक नीरज नैयर भी मौजूद थे। राज्यपाल ने इस त्रासदी को हिमाचल की अब तक की सबसे बड़ी आपदा बताया और कहा कि भारी नुकसान के बावजूद यहां के लोग अपने मनोबल को बनाए हुए हैं, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से प्रभावितों की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार के प्रयासों की भी सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 1500 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई है। केंद्र सरकार से और आर्थिक मदद मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि इस आपदा में राजनीति को अलग रखा जाना चाहिए और केंद्र से मिलने वाली राशि को पूरी पारदर्शिता के साथ प्रभावितों के हित में खर्च किया जाए।

### भूस्खलन से ठाकुर दास का मकान खतरे की जद में

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सलूणी में नागरिक अस्पताल के नए भवन निर्माण स्थल पर हुए भूस्खलन से साथ लगते ठाकुर दास का मकान खतरे की जद में आ गया है। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एसडीएम सलूणी चंद्रवीर सिंह, तहसीलदार अभिराय सिंह ठाकुर तथा सहायक अभियंता हिमांशु वर्मा भी मौजूद रहे। डीसी ने प्रभावित परिवार से मुलाकात कर हुए नुकसान की जानकारी ली और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूस्खलन से उत्पन्न खतरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएं तथा प्रभावित परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा जाए। साथ ही भवन निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी पक्षों की समीक्षा कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इन दिनों चंबा जिला में लगातार हो रही बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा और संपत्ति पर खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## 9 दिन बाद खत्म विधायक चंद्रशेखर का सत्याग्रह

### उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के आग्रह पर जूस पीकर तोड़ा अनशन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**राष्ट्रीय** उच्च मार्ग मंत्रालय द्वारा निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग 003 में हो रही खामियों के खिलाफ धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने मंगलवार को सशर्त उपमुख्यमंत्री के आग्रह पर अपने अनशन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने जूस पिलाकर विधायक का आमरण अनशन तुड़वाया, जिससे कांग्रेस के कई समर्थकों, राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रभावित परिवारों ने खुशी जाहिर की।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने भी विधायक को उनकी बात मानने के लिए धन्यवाद दिया तथा चंद्रशेखर ने भी उपमुख्यमंत्री स्थानीय जनता, समर्थकों, मीडिया प्रशासन सहित समस्त टीम का तथा क्रमिक अनशन पर बैठे लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि यह हमारे आंदोलन का अर्द्ध विराम है न कि पूर्ण विराम। उन्होंने एनएचएआई की निर्माण कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि अब खामियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा अगला आंदोलन असहयोग आंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि गत रात्रि को जो धर्मपुर क्षेत्र का विशेष कर बस स्टैंड, आसपास के घरों, दुकानों व जान माल तथा सरकारी व निजी वाहनों का नुकसान हुआ। उसको ध्यान में रखते हुए भी मुझे मजबूरन अपने आमरन अनशन को स्थगित करना पड़ा।



### भाजपा ने कहा- विधायक का ड्रामा खत्म

**उधर,** विधायक के सत्याग्रह आंदोलन समाप्त करने को लेकर भाजपा ने इसे फ्लॉप शो और ड्रामा करार दिया है। भाजपा नेता रजत ठाकुर ने कहा कि आंदोलन विधायक के गले की फांस बन गया था। सरकार के किसी भी मंत्री ने 9 दिन तक आना जरूरी नहीं समझा। उप मुख्यमंत्री आपदा के लिए धर्मपुर जा रहे थे, उन्हें यहां हाथ जोड़ जोड़कर लाया गया और आंदोलन खत्म करने का ड्रामा रचा गया। उन्होंने कहा कि धर्मपुर की जनता ऐसे ड्रामेबाजों को अगले चुनाव में सबक सिखाएगी।

## जमीयतुल उलमा यमुनानगर ने मौलाना रोशन कासमी को सौंपी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में भारी बारिश और बादल फटने से आई प्राकृतिक आपदा के कारण हालात अत्यंत खराब हैं। लोगों के घर, खेत, दुकानें और अन्य संपत्तियों को बड़ा नुकसान हुआ है। इस आपदा के बीच जहां सरकारी प्रयास जारी हैं, वहीं समाजसेवी संस्थाएं भी राहत कार्यों में जुटी हैं। इसी कड़ी में मदनी मदरसा मसवाड़ी से जमीयतुल उलमा ए हिंद के बैनर तले राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जमीयतुल उलमा ए हिंद की यमुनानगर शाखा की ओर से राहत सामग्री से भरा एक बड़ा ट्रक मदनी मदरसा मसवाड़ी में पहुंचाया गया। यह सामग्री जमीअतुल उलमा ए हिंद के ऑल इंडिया अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के निर्देश पर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के लोगों द्वारा इकट्ठी कर भेजी गई है। मौलाना रोशन कासमी और अन्य प्रतिनिधियों ने इस राहत सामग्री का स्वागत किया।

मौलाना रोशन कासमी ने कहा कि जमीयतुल उलमा ए हिंद बिना किसी जाति या धर्म के भेदभाव के जरूरतमंदों की मदद कर रही है। उन्होंने राहत सामग्री लाने वाले वफद का धन्यवाद किया और भरोसा दिया कि यह सामग्री सभी जरूरतमंदों तक समान रूप से पहुंचेगी।

## बैलों की पूजा के साथ शुरू हुआ जिला स्तरीय ख्योड नलवाड़ मेला



विधायक विनोद कुमार जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले का शुभारंभ करते हुए।

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर** उपमंडल का जिला स्तरीय ख्योड़ नलवाड़ मेले का नाचन विस क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार ने परंपरा को जारी रखते हुए बैलों की पूजा व खूंटी गाड शुभारंभ किया। लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह से मेला स्थल तक भव्य जलेब का आयोजन किया गया और उसके पश्चात परंपरा को निभाते हुए सात दिवसीय मेले का शुभारंभ किया।

ग्राम पंचायत बासा के उपप्रधान तरुण शर्मा ने मेला स्थल पर पहुंचने पर मुख्यातिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विनोद ने प्रदेश की जनता को सायर उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं।

उपप्रधान तरुण शर्मा ने बताया कि मौसम खराब होने बावजूद व्यापारी वर्ग में व जनता में मेले को लेकर खासा उत्साह है। उन्होंने मेला में आए व्यापारी वर्ग से साफ सफाई अनुशासन का ध्यान रखने और मेला में किसी प्रकार के पोलिथीन का प्रयोग ना करने का आग्रह किया है। उन्होंने मेला के दौरान किसी प्रकार के नशे के प्रयोग ना करने का भी आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी है अगर कोई मेला स्थल में नशा करता बेचता या अनुशासन तोड़ता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### धर्मपुर बस स्टैंड को अंयत्र शिफ्ट करे सरकारः भूपेंद्र सिंह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर में गत रात हुई भारी बारिश से बस स्टैंड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और दो दर्ज़न बसों को भी नुक़सान हुआ है। इसके अलावा और भी करोड़ो रूपये का सार्वजनिक और निजि संम्पति तबाह हो गई है। इस बारे माकपा नेता एवं पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बस स्टैंड का निर्माण शुरू से ही विवादों में रहा है और उस समय भी हमने इसे खड्ड में निर्मित करने का विरोध किया था। बस स्टैंड बनने के बाद ही वहां दुकानें व अन्य भवनों का निर्माण वहां लोगों ने किया, लेकिन अब तक इस बस स्टैंड के कारण करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है और हर साल ख़तरा बना रहता है। इसलिए सरकार को इसे किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करने पर विचार करना चाहिए ताकि हर साल जनता के पैसे की बर्बादी न हो। इसके अलावा उन्होंने इस तबाही के लिए एनएच निर्माण कार्य से हर कहीं की गई अवैध डंम्पिंग से आए मलबे को भी जिम्मेदार ठहराया है जिससे सोन खड्ड में जल स्तर सामान्य से कई गुना ज्यादा बढ़ गया जिसने तबाही मचाई।

**URDU TEACHING AND RESEARCH CENTRE**
**New Shiv Mandir, Old BSNL Building, Saproon, Solan (H.P.)**

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from experienced companies of standing integrity for providing manpower for Watch & Ward Services, Housekeeping Services, Clerical Assistants, and Language Laboratory Assistants.

**The schedule of the tender process is as follows:**

1. Availability of Tender Document : From 17.09.2025, 10:00 AM onwards
2. Last Date & Time for Submission of Tender : 01.10.2025 by 5:30 PM
3. Opening of Technical Bids : 07.10.2025 at 4:30 PM in the office of UTRC, Solan

**The** Tender Document may be obtained from the office of UTRC, Solan during office hours by submitting a Demand Draft of ₹500/- (Rupees Five Hundred only), drawn in favour of "MHRD HIGHER CAS CLG", payable at New Delhi.
**For** detailed terms and conditions, bidders are advised to refer to the Tender Document.
**Corrigendum** and addendum, if any, will be published online at https://ciil.org. Clarifications, if required, may be sought at:

**The** tender should reach the office through speed/registered post only.
**Ph. No.** :01792-293224
**email :** utrcsolanoffice@gmail.com

**Sd/- Principal**
**UTRC, Solan (H.P.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत फनौटी**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

विकास खंड आनी की ग्राम पंचायत फनौटी में वित वर्ष 25-26 में विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकतर विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है 22-09-2025 को सायं 5.00 बजे तक ग्राम पंचायत फनौटी के कार्यालय में पहुंचनी चाहिए निविदाएँ इसी दिनांक 23-09-2025 को दोपहर 12.00 बजे ग्राम पंचायत फनौटी के क्रय कमेटी व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम पंचायत फनौटी के कार्यालय में खोली जायेगी।

**सामग्री का विवरण :-** 1) ग्रेडिंग पैकिंग मशीन

**नियम व शर्तें :-**
1) निविदाएं केवल पंजीकृत डाक द्वारा हि पंचायत कार्यालय मैं प्राप्त की जायेगी किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने पर स्वीकृत नहीं की जायेगी।
2) निविदेताओं के पास अपना पैन संख्या व जीएसटी होना अनिवार्य है।
3) ग्राम पंचायत कि सप्लाई आडर के अनुरूप हि सप्लाई ओडर सवीकार की जायेगी ।
4) निर्माण सामग्री कार्य स्थल या जहाँ तक गाड़ी जाती है वहां उपलब्ध करवानी होगी ।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत फनौटी**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**अनंत Classifieds**

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** अंजना कुमारी माता सर्विस नं. 21007454F रैंक लॉस नायक दीपक कुमार निवासी गांव व डाकघर गोंदपुर बनेहड़ा, तहसील घनारी, जिला ऊना हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा सही नाम अंजना कुमारी व जन्मतिथि 31/08/1975 है, जो कि मेरे आधार कार्ड, परिवार सूची व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। लेकिन मेरे बेटे दीपक कुमार के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अंजना कुमारी के स्थान पर अंजना देवी गलत दर्ज है। इसे दुरुस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** अर्जुन सिंह पिता सर्विस नं. 21007454F रैंक लॉस नायक दीपक कुमार निवासी गांव व डाकघर गोंदपुर बनेहड़ा, तहसील घनारी, जिला ऊना हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा सही नाम अर्जुन सिंह व जन्मतिथि 02/01/1967 है, जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। लेकिन मेरे बेटे दीपक कुमार के आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि 02/01/1967 के स्थान पर 02/04/1967 गलत दर्ज है। इसे दुरुस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**PUBLIC NOTICE**

**I, Bhim Singh Guleri** S/o Sh. Souju Ram R/o Vill. Hukkal, P.O Longni, Teh. Dharampur, Distt. Mandi (H.P) declares that in birth certificate of my son Ansh Guleri, my name & my wife's name wrongly entered as Bhim Singh & Neelam respectively. Whereas my correct name is Bhim Singh Guleri & my wife's correct name is Neelam Guleri. Please note.

शत्रु सबसे अच्छा शिक्षक होता है, क्योंकि वह हमें सहनशीलता का अभ्यास करने का अवसर देता है। -दलाई लामा

## संपादकीय

# हिमाचल की कराह

हिमाचल प्रदेश इस बार मानसून की मार से बुरी तरह कराह उठा है। सामान्यत: जून से सितंबर के बीच सक्रिय रहने वाला मानसून सीजन अब चार महीने से भी लंबा खिंच गया है और सितंबर का मध्य बीतने के बावजूद इसके कमजोर पड़ने के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अनुमान लगाया था कि 15 सितंबर के बाद बारिश घटेगी और धीरे-धीरे मानसून वापसी की ओर बढ़ेगा, लेकिन पिछले 24 घंटों में ही मंडी और शिमला जिलों समेत प्रदेश के अन्य इलाकों में हुई भारी बारिश और तबाही ने इस अनुमान को गलत साबित कर दिया। हालात ये हैं कि लोग रातों को सो नहीं पा रहे हैं। उनके मन में यह डर लगातार बना हुआ है कि कब बादल फट जाएं और कब भूस्खलन घर-परिवार को लील ले। हिमाचल को अब तक करीब पांच हजार करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।

सरकारी और निजी संपत्तियां खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं। हजारों घर ढह गए हैं, सड़कें और पुल बह गए हैं, खेती-किसानी तबाह हो गई है और पर्यटन जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, वह भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इस आपदा में अब तक करीब चार सौ लोगों की जान जा चुकी है और पचास से अधिक लोग अब भी लापता हैं। ऐसे हालात में यह कहना गलत नहीं होगा कि हिमाचल एक अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। इन हालातों को देखते हुए हिमाचल सरकार ने अपने स्तर पर प्रदेश को आपदाग्रस्त घोषित कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू लगातार केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है कि राज्य के पास इतनी बड़ी आपदा से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। प्रदेश के सीमित बजट और कर्ज के बोझ के बीच राहत और पुनर्वास के लिए हजारों करोड़ की आवश्यकता है।

इस स्थिति में केंद्र का सहयोग ही राज्य को नई राह दिखा सकता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हिमाचल का दौरा किया और हवाई सर्वेक्षण के बाद 1500 करोड़ रुपए की तात्कालिक राहत का ऐलान भी किया। यह राशि निस्संदेह मददगार है और इससे कई तात्कालिक काम शुरू हो सकते हैं, लेकिन इस राहत से राज्य के गहरे जख्म नहीं भरने वाले। इतने व्यापक पैमाने पर हुई तबाही के बाद हिमाचल को विशेष पैकेज की आवश्यकता है, जिससे बुनियादी ढांचे को दोबारा खड़ा किया जा सके, लोगों को स्थायी घर मिल सकें और प्रभावित क्षेत्रों में जीवन सामान्य हो सके। दूसरी ओर, इस आपदा के बीच सियासत भी खूब हो रही है। विपक्षी भाजपा कांग्रेस सरकार को लगातार घेरने में जुटी हुई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि सुक्खू सरकार ने राहत और बचाव कार्य में ढिलाई बरती है। वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू का आरोप है कि भाजपा नेता केंद्र सरकार के मंत्रियों को तो प्रदेश में सर्वेक्षण के लिए ले आते हैं, लेकिन कोई भी मंत्री आर्थिक सहायता की घोषणा करके नहीं जाता।

प्रदेश को सहानुभूति और आश्वासन की नहीं, बल्कि नकद सहायता और ठोस आर्थिक पैकेज की आवश्यकता है। भाजपा की ओर से यह दलील दी जा रही है कि हिमाचल को राष्ट्रीय आपदा राज्य घोषित नहीं किया जा सकता, क्योंकि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो उसने ही नियमों में बदलाव कर दिया था। यह तर्क तकनीकी दृष्टि से भले सही हो, लेकिन मौजूदा परिस्थितियां बिलकुल अलग हैं। तब और अब के मौसम में भारी अंतर है। जलवायु परिवर्तन के कारण मानसूनी बारिश का पैटर्न पूरी तरह बदल गया है। अब हर सीजन में बादल फटने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे जान-माल का नुकसान कई गुना बढ़ रहा है। ऐसे में पुरानी नीतियों और नियमों का हवाला देकर आज की जरूरतों को टालना किसी भी रूप में उचित नहीं है। हजारों परिवार अभी भी रिश्तेदारों के घरों और अस्थायी टैंटों में जीवन गुजारने को मजबूर हैं। उन्हें सिर्फ राहत सामग्री से नहीं, बल्कि स्थायी पुनर्वास से ही राहत मिलेगी।

इसके लिए बड़े पैमाने पर आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या केंद्र सरकार सिर्फ इस वजह से हिमाचल को राष्ट्रीय आपदा राज्य घोषित करने से बच रही है, क्योंकि यहां कांग्रेस की सरकार है? अगर ऐसा है तो यह राजनीति की सबसे ओछी मिसाल होगी। आपदा का कोई दल नहीं होता, न ही वह सत्ता और विपक्ष में भेद करती है। यह वक्त केंद्र और राज्य के राजनीतिक मतभेद भुलाकर एकजुट होकर काम करने का है। अगर केंद्र सरकार हिमाचल को राष्ट्रीय आपदा राज्य घोषित करती है और विशेष राहत पैकेज देती है तो यह न सिर्फ हिमाचल की मदद होगी, बल्कि मोदी सरकार की दरियादिली का उदाहरण भी बनेगा। आने वाले समय में इसका राजनीतिक लाभ भी भाजपा को मिलेगा, क्योंकि आम जनता उसी को याद रखेगी जिसने संकट की घड़ी में उनका साथ दिया।

यह भी सही है कि इंसानी गतिविधियों ने भी इस आपदा को और अधिक गंभीर बनाया है। पहाड़ों पर अंधाधुंध कटान, अवैज्ञानिक निर्माण और जंगलों की अंधाधुंध कटाई ने प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है, लेकिन वर्तमान में यह दोषारोपण का समय नहीं है। हिमाचल आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां उसके लिए केंद्र सरकार का सहयोग जीवनरेखा से कम नहीं है। महज सहानुभूति और आश्वासन से काम नहीं चलेगा। वास्तविक मदद पैसे और संसाधनों से ही होगी। ■

# सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के शिल्पी नरेंद्र मोदी

17 सितंबर का दिन कई कारणों से इतिहास में महत्वपूर्ण है। आज के दिन सभी शिल्पकार बंधु व कामगार लोग हर्षोल्लास से विश्वकर्मा जयंती मनाते हैं। आज ही के दिन हैदराबाद को क्रूर निजाम और रजाकारों से मुक्ति मिली थी और आज के ही दिन एक ऐसे जनसेवक का भी जन्म हुआ, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और देशवासियों को समर्पित कर दिया -हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मोदी का यह जन्मदिन विशेष है, क्योंकि यह उनका 75वां जन्मदिन है। मैं 140 करोड़ देशवासियों की ओर से मोदी को मनपूर्वक जन्मदिन की बधाई देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भारत के मजबूत भविष्य के निमित्त वे मोदी को लंबी आयु, ऊर्जा और स्वास्थ्य प्रदान करें।



अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दशकों से कार्य करते हुए मैंने यह अनुभव किया है कि उनका व्यक्तित्व एक राजनेता से कहीं बढ़कर राष्ट्रहित को समर्पित एक ध्येयनिष्ठ नेतृत्वकर्ता का है। ऐसे नेतृत्वकर्ता, जिनके नेतृत्व के मूल में राष्ट्र का उत्थान और जनता का कल्याण ध्येयवाक्य की तरह विद्यमान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विशेषता है कि वे अपने शासन में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि रखते हैं। समाज का कोई भी वर्ग और व्यक्ति विकास से वंचित न रहे, इस उद्देश्य के साथ नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन पर उनका जोर रहता है। वे शासन को सत्ता का साधन नहीं, सेवा का माध्यम मानते हैं। यही कारण है कि उनकी सरकार में गरीब-कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक योजनाएं न केवल शुरू हुईं, अपितु सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को प्राप्त भी कर रही हैं। हम देख सकते हैं कि जनधन योजना ने पचास करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन की नई इबारत लिखी; उज्ज्वला योजना ने घर-घर तक धुएँ से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन का संदेश पहुंचाया; आयुष्मान भारत ने गरीबों को स्वास्थ्य की सुरक्षा दी, तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीब वर्ग को अपने घर का सपना पूरा करने का अवसर दिया।

जब भी मैं ऐसी योजनाओं के किसी लाभार्थी की आंखों में संतोष और भरोसा देखता हूं, तो समझ में आता है कि मोदी का शासन किस प्रकार से जनकल्याण के उद्देश्य को धरातल पर साकार कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रूप में उन्होंने देश के अनेक हिस्सों में समाज के हर वर्ग के साथ संवाद किया। उनके तपस्वी जीवन का यह वह दौर था, जिसमें उन्होंने देश की आत्मा को नजदीकी से न सिर्फ देखा, बल्कि वह उसकी आतंरिक शक्ति से रू-ब-रू हुए। उनका यह अनुभव उनकी शासन की नीति व कार्यशैली में गरीबो-वंचितों के प्रति संवेदना के रूप में परिलक्षित होता है। संघ के प्रचारक के रूप में ही मोदी ने संगठन कला के गुण सीखे और बाद में भाजपा के संगठन शिल्पी के रूप में उन्होंने संगठन कार्य को युगानुकुल बनाने के लिए अनेक सफल नवाचार और प्रयोग किए। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में मुझे मोदी के मार्गदर्शन व उनके संगठनात्मक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर अमल में लाने का अवसर मिला। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता से ही मजबूत नेतृत्व की पहचान होती है।

इस मामले में मोदी की नेतृत्व क्षमता अलग ही लोहे से बनी है। अक्सर मैंने देखा है कि बड़ी से बड़ी परिस्थितियों में भी वे असाधारण धैर्य और स्पष्ट दृष्टि रखते हैं। 2014 के बाद से ऐसे अनेक अवसर आए, जब देश को बड़े और कड़े निर्णयों की आवश्यकता थी। ऐसे सभी अवसरों पर प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व के सूत्रों को पूरी दृढ़ता और कुशलता से थामे रखा और राष्ट्रहित के अनुरूप निर्णय लिए। नोटबंदी और जीएसटी जैसे कदमों ने आर्थिक सुधारों को गति देते हुए हमारी अर्थव्यवस्था में एक नया अध्याय जोड़ा। अनुच्छेद-370 का ऐतिहासिक उन्मूलन तो सदियों तक याद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर विशेष

रखी जाने वाली घटना है। यह निर्णय केवल राजनीतिक साहस को ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति मोदी जी की अटूट आस्था को भी दर्शाता है। तीन तलाक जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने का निर्णय महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा का साहसिक कदम था। ये निर्णय आसान नहीं थे। इनमें से कई निर्णयों का विरोध भी हुआ, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कभी विचलित नहीं हुए। उनके भीतर यह दृढ़ विश्वास था कि यदि राष्ट्रहित में कोई कार्य आवश्यक है, तो उसे विरोध और आलोचना की परवाह किए बिना हर परिस्थिति में पूरा किया जाना चाहिए। अधिक पुरानी बात नहीं है, जब कोविड-19 जैसी महामारी ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया था। ऐसे कठिन समय में भी मोदी जी ने न केवल जनता को आश्वस्त किया, अपितु देश के उद्योगों, वैज्ञानिकों और युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया। विश्व यह सोच रहा था कि इस महामारी में भारत का क्या हाल होगा, लेकिन यह हमारे नेतृत्व की कुशलता का ही कमाल था कि देश में न केवल रिकॉर्ड समय में वैक्सीन का निर्माण हुआ, अपितु तकनीक से संचालित नि:शुल्क टीकाकरण अभियान के माध्यम से हमने दुनिया के सामने कोविड प्रबंधन का अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मसम्मान से कोई समझौता संभव नहीं। उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत अब आतंकवाद का मूकदर्शक नहीं रहेगा।

पुलवामा की घटना के पश्चात हुई बालाकोट एयर-स्ट्राइक ने इस संकल्प को और भी सुदृढ़ किया। हाल ही में पहलगाम हमले के उत्तर में 7 मई 2025 को संचालित 'ऑपरेशन सिन्दूर' ने इस नीति को निर्णायक रूप से स्थापित किया कि जब-जब देश की अस्मिता और नागरिकों की सुरक्षा पर चोट पहुंचेगी, भारत पूरे साहस और दृढ़ता के साथ उसका प्रत्युत्तर देगा। इन कार्रवाइयों ने न केवल देशवासियों के भीतर विश्वास और गौरव की भावना को सशक्त किया, अपितु विश्व को भी यह संदेश दिया कि नया भारत अपने हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति का सामना करने को तैयार है। विदेश नीति के क्षेत्र में भी मोदी की कार्यशैली अद्वितीय है। आज जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर खड़े होकर आत्मविश्वास से भारत का पक्ष रखते हैं, तो हम सबके भीतर भी गर्व की लहर दौड़ जाती है। पहले जहां भारत को अक्सर एक उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब मोदी जी के नेतृत्व में भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका लेने की ओर अग्रसर है। चाहे पेरिस जलवायु समझौता हो, जी-20 सम्मेलन हो या संयुक्त राष्ट्र में दिया गया संबोधन-हर जगह उनका आत्मविश्वास भारत की बढ़ती शक्ति और गौरव का प्रतीक रहा है। नरेंद्र मोदी को जितना मैंने जाना है, उसके आधार पर यह कहता हूं कि उनका व्यक्तित्व केवल नीतियों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है। उनके भीतर एक विशेष करिश्मा है, जिससे वे सीधे जनता से जुड़ जाते हैं।वस्तुत: सच्चा नेतृत्व वही होता है, जो हर क्षण राष्ट्र को समर्पित हो और जिसकी दृष्टि वर्तमान से कहीं आगे भविष्य तक देखती हो। नरेंद्र मोदी का यही व्यक्तित्व आज भारत की सबसे बड़ी शक्ति है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# भारत की बढ़ती आर्थिक रफ्तार पर वैश्विक मुहर

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर दुनिया की प्रमुख आर्थिक एजेंसियां इन दिनों जिस तरह के अनुमान जारी कर रही हैं, वे भरोसा दिला रहे हैं और इस तथ्य को पुष्ट करते हैं कि भारत आज वैश्विक ग्रोथ का केंद्र बन चुका है। हाल ही में फिच रेटिंग्स ने भारत की जीडीपी ग्रोथ दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत कर दिया।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह पहले 6.5 प्रतिशत था। ऐसा कदम किसी भी देश के लिए बड़ी राहत और मजबूती का संकेत होता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बढ़ोतरी उस समय आई है जब अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव को लेकर तमाम तरह की आशंकाओं के बीच फिर से दोनों नए सिरे से टैरिफ संवाद शुरू कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हों या उनके तमाम सहयोगियों के बयान जिनसे भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास हुआ, लेकिन लोगों ने उन पर भरोसा नहीं किया है। अब फिच की ओर से किया गया ये जीडीपी ग्रोथ दर का अनुमान संशोधन ट्रंप की टिप्पणी का करारा जवाब माना जा रहा है। वस्तुत: फिच का ताजा अनुमान भारत की आर्थिक सेहत की गवाही है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2025 में जीडीपी ग्रोथ 7.4 प्रतिशत रही। इसके बाद अप्रैल-जून तिमाही में यह और तेज



होकर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह आंकड़ा फिच की पिछली भविष्यवाणी से कहीं बेहतर है।

जून में एजेंसी ने 6.7 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान दिया था। देखा जाए तो अब उसी को बढ़ाकर पूरे वित्त वर्ष के लिए 6.9 प्रतिशत कर दिया गया है। हालांकि फिच ने यह भी स्पष्ट किया है कि वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ग्रोथ की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ सकती है। यही कारण है कि उसने 2026-27 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत और 2027-28 के लिए 6.2 प्रतिशत रखा है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी पूरी क्षमता से कुछ ऊपर चल रही है। फिच का कहना है कि घरेलू मांग में तेजी भारत की अर्थव्यवस्था को सहारा दे रही है। आय बढ़ने से लोग ज्यादा खर्च कर रहे हैं। कंपनियां निवेश कर रही हैं।

बुनियादी ढांचे में भारी पूंजी डाली जा रही है। सेवा क्षेत्र और सूचना प्रौद्योगिकी लगातार नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। यही वजह है कि भारत फिलहाल दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कुल मिलाकर भारत की आर्थिक कहानी उत्साहजनक है। यह ऐसी घड़ी है जब विकसित देश भी स्थिरता पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, भारत 6 से 7 प्रतिशत की मजबूत गति से बढ़ रहा है। यह स्थिति वर्तमान भारत की आर्थिक ताकत दर्शाती है। कहना होगा कि आज भारत उस मोड़ पर आ पहुंचा है जहां वह न केवल अपनी जनता की आकांक्षाओं को पूरा करता है बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा दे रहा है। वस्तुत: फिच, एसएंडपी, आईएमएफ, विश्व बैंक, एडीबी और मूडीज जैसी संस्थाओं की राय से एक बात तो स्पष्ट है कि यदि नीतिगत स्थिरता बनी रही और वैश्विक चुनौतियों से संतुलित ढंग से निपटा गया तो 2025-26 और आगे के वर्ष भारत की आर्थिक यात्रा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। ऐसे समय में जब बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संकटों से जूझ रही हैं, भारत का यह उभार हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** का हर बेरोजगार रोजगार का हकदार है, लेकिन रोजगार की जवाबदेही का दस्तूर कैसे बुलंद होगा। हमारे पास क्षमता से कहीं अधिक विभिन्न कालेज हैं, लेकिन राज्य के रोजगार में उनकी भूमिका क्या है। विडंबना यह है कि हमारी भागदौड़ ने शिक्षा के उद्धार को सियासी रेहड़ी बना दिया। अब वक्त वास्तविकता को परखने और बेहतर बनाने का है, तो शिक्षा से रोजगार तक सुधार की गुंजाइश को पूरा करना होगा। लिहाजा रोजगार की तुकबंदी में किए गए प्रयोग, आज भी अधूरे हैं। अब सरकार को सोचना होगा कि हम बेरोजगारों के लिए कितना सही कर रहे हैं, क्या अगली पारी में बेरोजगार युवा सरकार के साथ होंगे, आज प्रश्न यह उत्पन्न हुआ है? सरकारों को शिक्षा में ऐसे प्रावधान करने होंगे, जिससे विद्यार्थी को शिक्षा के उपरांत, तुरंत रोजगाार मिल पाए।

**मानचंद, धर्मशाला**

# बनारस के सांसद के जन्मदिन से लोगों में बंधी कई आशाएं

17 सितंबर का दिन काशी या यूं कहें बनारस या वाराणसी के लिए बेहद होगा। इस दिन यहां के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे। इसे हीरक जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। मंदिरों में रुद्राभिषेक, पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शहर को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारियां जोरों पर हैं। चौराहों पर उनके तैल चित्र सजेंगे, घाटों पर दीप जलेंगे, कहीं खिचड़ी बंटेगी तो कहीं भाषण प्रतियोगिता भी होगी। यह सब उस व्यक्ति के लिए जिसे काशी ने तीन बार संसद भेजा। बनारस में हर मोड़, हर गली और हर मंच पर यही चर्चा है कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन इस बार कैसे ऐतिहासिक और विश्व रिकॉर्ड बनाने वाला हो। इस आयोजन के पीछे भावनाएं हैं, सम्मान है और साथ ही कुछ अनकहे प्रश्न। नरेंद्र मोदी जब 2014 में पहली बार बनारस आए थे तो उन्होंने कहा था कि वे यहां आए नहीं, मां गंगा ने बुलाया है।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
सेवानिवृत्त प्रोफेसर कृषि विवि पालमपुर

इस एक वाक्य ने बनारस के लोगों के दिल को छू लिया था। उन्होंने भरोसा किया कि अब बनारस का भाग्य बदलेगा, यहां भी सूरत, अहमदाबाद जैसी चमक दिखेगी। युवाओं ने सोचा कि अब रोजगार यहीं मिलेगा, बाहर जाना नहीं पड़ेगा। व्यापारियों ने सोचा कि अब बनारस में भी उद्योग आएंगे। किसानों ने उम्मीद की कि अब उनकी उपज का सही मूल्य मिलेगा और पढ़े-लिखे नौजवानों को लगा कि अब शहर का स्मार्ट विकास होगा।

गुजरात मॉडल की चर्चा ने पूरे देश में नई उम्मीद जगाई थी। लोग मानने लगे थे कि अगर बनारस को मोदी ने अपनाया है, तो वह वाकई गुजरात से भी सुंदर बनेगा, लेकिन ग्यारह वर्षों में जो विकास हुआ, वह धार्मिक और पर्यटक दृष्टिकोण से अधिक रहा। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, घाटों का सौंदर्यीकरण, नई सड़कें, रोशनी और व्यवस्थाएं, इन सभी ने शहर को नया रूप दिया, लेकिन काशी में अब तक कोई बड़ा उद्योग नहीं आया, आईटी पार्क की बातें हुईं, लेकिन वह जमीन पर नहीं उतरीं। बनारस के युवा रोजगार की तलाश में आज भी मुंबई, दिल्ली या हैदराबाद की ओर पलायन कर रहे हैं।

मोदी ने बनारस में कई यात्राएं कीं,



उद्घाटन और रोड शो हुए, लेकिन इन यात्राओं में कभी बनारस के आम नागरिक से संवाद नहीं हुआ। हालांकि, काशी का धैर्य अद्भुत है। बनारस ने कभी अपने सांसद के खिलाफ विद्रोह नहीं किया।

वह आज भी उन्हें सिर माथे पर बैठाता है, उनके जन्मदिन को पर्व की तरह मनाता है, लेकिन कहीं न कहीं एक खामोश आक्रोश भी मन में है। काशी के लोग अब सवाल कर रहे हैं कि जो वादे 2014 में किए गए थे, वे कब पूरे होंगे? स्मार्ट सिटी की बातें हुई थीं, क्योटो मॉडल की चर्चा हुई थी, लेकिन क्या वास्तव में बनारस को वह स्तर मिला है जिसकी वह अपेक्षा कर रहा था? क्या यहां के युवा को अब भी रोजगार के लिए दूसरे शहरों की राह नहीं पकड़नी पड़ रही? क्या यहां की गलियों, मोहल्लों और सड़कों में वह बदलाव आया है जो दिखाया गया था? काशी का सपना था कि यहां भी उद्योग लगें, यहां भी एम्स जैसा संस्थान खुले, यहां भी एक साइबर सिटी बने, लेकिन यह सब अभी भी सपना है। हर जन्मदिन पर एक नई योजना की घोषणा होती है, एक नया विजन पेश किया जाता है, लेकिन पिछले विजन की समीक्षा कभी नहीं होती। अब तो 2047 की बात हो रही है, कि भारत तब तक दुनिया का सबसे विकसित देश बनेगा।

यह सपना अच्छा है, प्रेरणादायक भी, लेकिन यह भी जरूरी है कि पहले जो वादे किए गए थे, उन पर अमल हो। बनारस के लोग कोई चमत्कार नहीं चाहते, उन्हें केवल अपने हक का विकास चाहिए-सामान्य, ठोस और टिकाऊ। 17 सितंबर को जब पूरा देश प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देगा, बनारस के मन में एक बार फिर उम्मीद जगेगी कि शायद अब कोई घोषणा ऐसी हो जो जमीन पर भी दिखाई दे। शायद अब कोई उद्योग आए, कोई अस्पताल खुले, कोई आईटी संस्थान बनारस में स्थापित हो। शायद अब प्रधानमंत्री केवल प्रधानमंत्री के रूप में नहीं, एक सांसद के रूप में भी काशी के लिए कुछ विशेष करें।

इस हीरक जयंती पर अगर बनारस को सिर्फ सजाया गया और तस्वीरों तक सीमित रखा गया, तो यह अवसर फिर केवल एक रस्म बनकर रह जाएगा, लेकिन अगर इस दिन कोई ठोस कार्य, कोई वास्तविक पहल हुई, तो यह दिन वास्तव में ऐतिहासिक बन जाएगा। काशी आज भी आस्था, संस्कृति और उम्मीदों का शहर है। यहां की जनता धैर्यवान है, लेकिन अब उसे केवल स्वप्न नहीं, सच्चाई भी चाहिए। प्रधानमंत्री का जन्मदिन बनारस के लिए नया मोड़ ला सकता है, बशर्ते कि उसे केवल उत्सव के रूप में न मनाया जाए, बल्कि संवाद और समाधान के अवसर में बदला जाए। बहरहाल, हीरक जयंती पर विशेष आभार, बधाई हो 17 सितंबर हर वर्ष हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अनियंत्रित इसराइल विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा

9 सितंबर को दोपहर बाद इसराइल के 15 फाइटर जेट्स और 10 से अधिक म्यूनिशन ने जिसमें स्टैंड-ऑफ मिसाइलें और स्टील्थ तकनीक शामिल थी, ने इसराइल से 1800 किलोमीटर की उड़ान भरकर कतर की राजधानी दोहा के कटारा और वेस्ट बे लैगून इलाकों में हमले करके उन सभी इमारतों को उड़ा दिया जहां हमास के कई शीर्ष नेता या तो रहा करते थे या उनके कार्यालय थे।



तनवीर जाफरी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस हमले में 40 से ज्यादा लोग मारे गए। हमास ने दावा किया कि इसराइली हमले में उनकी मुख्य वार्ताकार टीम बच गई, लेकिन पांच सदस्य, जिसमें खलील अल-हय्या का बेटा और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी शामिल था, मारे गए। कतर में हुआ यह हमला मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसराइल के इस कदम को क्षेत्रीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है।

यह पहला अवसर है जबकि इसराइल ने अपने लक्ष्य को भेदने की गरज से कतर में हमला किया है। इस हमले के तुरंत बाद कतर ने अपने हवाई क्षेत्र की



निगरानी बढ़ा दी। हालांकि, कतर एयरवेज की उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहीं।

कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल-थानी ने कहा कि यह हमला गज़ा में युद्ध विराम की मध्यस्थता के लिए कतर के प्रयासों को पटरी से उतार सकता है। कतर ने इस हमले को 'कायराना' और 'अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन' करार दिया। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने इस हमले को कतर की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया। उधर इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इसराइल सुरक्षा बलों ने इस हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला सटीक हथियारों से और पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया, ताकि नागरिकों को नुकसान कम हो। इसराइल के अनुसार हमास के नेता, जिन्हें दोहा में निशाना बनाया गया वही 7 अक्तूबर 2023 के हमले के लिए जिम्मेदार थे और गजा में युद्ध को संचालित कर रहे थे। अमेरिका में इसराइल राजदूत ने यह भी कहा कि अगर इस हमले में हमास के कुछ नेता बच गए हैं तो अगले हमले में उन्हें भी निशाना बनाया जाएगा।

इस कदम को इसराइल की आक्रामक रणनीति के उस हिस्से की शक्ल में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य हमास को पूरी तरह समाप्त करना है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न हो। अमेरिका व इसराइल सहित केवल 10 देशों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया जबकि शेष दुनिया फिलिस्तीन के साथ खड़ी दिखाई दी, परंतु अतिवादी सोच के नेतन्याहू पूरी दुनिया को ठेंगा दिखाने की ठाने हुए हैं। कहना गलत नहीं होगा कि मानवता के दुश्मन व अंतरराष्ट्रीय नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले दक्षिणपंथी नेतन्याहू फिलिस्तीन में अपना जंगल राज स्थापित करना चाहते हैं। मानवता की रक्षा के लिए ऐसे कुत्सित इसराइल प्रयासों को पूरे विश्व को मिलकर रोकना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय थल सेना के 22वें सेनाध्यक्ष

**जोगिंदर** जसवंत सिंह भारतीय थल सेना के 22वें सेनाध्यक्ष थे। उनको 27 नवंबर, 2004 को जनरल एनसी विज की सेवानिवृत्ति के बाद सेनाध्यक्ष नियुक्त किया गया था। 31 जनवरी, 2005 को सेवानिवृत्त होने तक वह इस पद पर रहे। सिंह भारतीय सेना का नेतृत्व करने वाले पहले सिक्ख सिपाही हैं। वह चंडीमंदिर में स्थित पश्चिमी कमान से आने वाले 11वें सैन्य प्रमुख हैं। सेवानिवृत्ति के बाद वह 27 जनवरी, 2008 को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बने और 28 मई, 2013 तक इस पद पर रहे। सिंह का जन्म बहावलपुर रियासत के शम्मा सट्टा नगर में हुआ था। वह लेफ्टिनेंट कर्नल जसवंत सिंह मारवाह और उनकी पत्नी जसपाल कौर की प्रथम संतान थे। उनका परिवार मूलत: रावलपिंडी के दोलताला नगर से था। जोगिंदर जसवंत सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कैथोलिक कॉन्वेंट स्कूलों में प्राप्त की; विशेषकर सिकंदराबाद के सेंट एनी में और जम्मू के सेंट मैरी प्रेजेंटेशन कॉन्वेंट में, जहां उनके पिता को रिकवरी कंपनी के प्रमुख कमांडिंग अफसर के रूप में 1956-1960 के बीच तैनात किया गया था। 1958 में उन्होंने जम्मू में मॉडल अकादमी में दाखिला लिया और 1960 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। ■



जोगिंदर जसवंत सिंह
जन्म :17 सितंबर, 1945

## कविता



# हवा के रूप

रूद्रांशी भलैक ( कक्षा नवमी )हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर

*कभी समीर बन शीतल छा जाती, थकी देह को ठंडक दिला जाती।*

*कभी बयार बन कानों में गाती, फूलों की खुशबू संग ले आती।*

*कभी आंधी बन क्रोध दिखाती, धरती-आकाश को हिला जाती।*

*कभी तूफान बन भय जगाती, सागर की लहरों को मथ जाती।*

*कभी मंद झोंका गाल सहलाए, मन के सूखे फूल खिलाए।*

*कभी पवन बन संदेश सुनाए, जीवन में आशा के दीप जलाए।*

*तेरे ही रूप अनेक सुहाए, जीवन तुझ बिन कहां निभाए।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## उपमुख्यमंत्री ने धर्मपुर में की राहत व बहाली कार्यों की समीक्षा, प्रभावितों को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

# एक हफ्ते में बहाल करें बस योग्य सड़कें : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने धर्मपुर में सोन खड्ड में आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लेने के उपरांत धर्मपुर में स्थानीय प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत व बहाली कार्यों की समीक्षा व मूल्यांकन किया।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस बाढ़ एवं भारी बारिश से धर्मपुर में शुरूआती आंकड़ों के अनुसार लगभग 10 करोड़ रुपए का नुकसान सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को हुआ है। उन्होंने कहा कि इस आपदा में केवल हिमाचल पथ परिवहन निगम को ही आरंभिक तौर पर लगभग छह करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। निगम की 20 बसें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें 18 धर्मपुर डिपो व एक-एक सरकाघाट व बिलासपुर डिपो की बस शामिल है। बस अड्डे को भी भारी नुकसान हुआ है। हालांकि निगम का स्टाफ सुरक्षित है। जलशक्ति विभाग की कई योजनाओं को भी नुकसान पहुंचा है। खंड विकास कार्यालय के सारे कंप्यूटर, रिकॉर्ड और फर्नीचर इत्यादि को भारी नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त सड़कों, बिजली बोर्ड सहित अन्य सार्वजनिक संपत्ति व लोगों की निजी संपत्ति को भारी क्षति पहुंची है। उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह में सभी बस योग्य सड़कें खोलने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व उन्होंने धर्मपुर बस अड्डे सहित बाजार में हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित लोगों से भी संवाद किया और प्रदेश सरकार की ओर से उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उप मुख्य-सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक चंद्रशेखर, कविता शेखर, एसपी साक्षी वर्मा, एडीएम डॉ. मदन कुमार, एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल, एचआरटीसी की बीओडी के सदस्य धर्मेंद्र धामी, मुख्य अभियंता जलशक्ति रोहित दुबे, पीडब्ल्यूडी प्रमोद कश्यप, एक्सईएन विद्युत संतोष कुमार सहित एचआरटीसी, ग्रामीण विकास व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विधायक चंद्रशेखर धर्मपुर में भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए।

### दस साल पहले भी हुई थी तबाही

**रितेश, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 2015 में धर्मपुर बस अड्डे में सात से आठ फुट तक पानी का भराव हुआ था, लेकिन इस बार ठीक 10 वर्ष के बाद हुए इस फ्लड का जलस्तर उससे भी दो गुना ज्यादा रहा, जिससे धर्मपुर बस अड्डे सहित दुकानदारों को ज्यादा नुकसान हुआ है। धर्मपुर प्रशासन ने फिलहाल प्रभावित दुकानदारों को दस-दस हजार फौरी राहत के तौर पर राहत राशि प्रदान की है तथा राजस्व अधिकारियों को नुकसान का जायजा लेने बारे आदेश कर दिए हैं, रात दो बजे से ही एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटयाल डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद एसएचओ धर्मपुर विनोद कुमार दल बल सहित राहत कार्य में जुट गए।

# नंगे पांव घटनास्थल पर पहुंचे डीसी मंडी

## आपदा के बीच अपनी सूझबूझ से संभाले प्रभावित और राहत कार्य

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** जिला मंडी में हाल ही में हुई भूस्खलन की एक दुखद घटना में जहां तीन लोगों की जान चली गई, वहीं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने अपनी कार्यक्षमता और निस्वार्थ समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। भूस्खलन के बाद जहां रास्ते बंद थे और सड़क में दलदल था, डीसी ने खुद नंगे पांव चलकर घटनास्थल तक पहुंचने का जोखिम उठाया, ताकि राहत कार्यों में कोई कसर न छोड़ी जाए।

सोमवार रात को तेज बारिश के कारण सुंदरनगर के ग्राम पंचायत हाड़ा बोई के बरगाता गांव में भूस्खलन हुआ, जिसमें एक आवासीय मकान मलबे में दब गया। घटना में पांच लोग मलबे में दबे थे, जिसमें तीन की मौत हो गई व दो को स्थानीय लोगों की मदद से बचाया गया। डीसी अपूर्व देवगन को जैसे ही सूचना मिली, वह बिना समय गंवाए राहत कार्यों की देखरेख करने के लिए रवाना हो गए। रास्ता बंद होने के कारण उन्होंने अपनी चप्पलें खो दीं और नंगे पांव ही मलबे में दबे हुए लोगों की मदद करने पहुंचे।



नंगे पांव चलते डीसी अपूर्व देवगन।

डीसी अपूर्व देवगन के इस कठिन समय में न केवल प्रशासन की कार्यशैली में सुधार आया है, बल्कि उन्होंने अपनी निजी हिस्सेदारी से भी यह सिद्ध कर दिया कि अधिकारी केवल निर्देश देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि संकट के समय स्वयं भी मैदान में उतरते हैं। उनका यह कदम न केवल प्रशासनिक स्तर पर, बल्कि जनता के बीच भी एक प्रेरणा बनकर उभरा।

इस वर्ष मंडी जिले में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं लगातार हो रही हैं, और डीसी अपूर्व देवगन इन घटनाओं में राहत के लिए अपनी पूरी तन्मयता से लगे हुए हैं। उनके अथक प्रयासों से प्रभावितों को समय पर राहत मिल रही है और वे खुद सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचने का प्रयास करते हैं।

### निस्वार्थ सेवा की मिसाल

**मंडी** जिले में हुए इस ताजा भूस्खलन में मरने वालों में 64 वर्षीय तांगो देवी, 33 वर्षीय कमला देवी और 8 महीने का भीम सिंह शामिल है, जबकि स्थानीय लोगों की मदद से खूब राम और उनकी पत्नी दर्शनु देवी को सुरक्षित निकाल लिया गया। यहां तक कि आपदा के हालात में भी डीसी अपूर्व देवगन ने अपनी मेहनत और सूझबूझ से प्रशासनिक कार्यों को प्रभावी तरीके से चलाया और प्रभावित क्षेत्रों में दिन-रात राहत कार्य सुनिश्चित किए। उनकी यह अनथक मेहनत और समर्पण क्षेत्रीय अधिकारियों और आम जनता के लिए एक प्रेरणा बन गई है।

# दो सगे भाइयों पर टूटा दुखों का पहाड़ तबाह होने की कगार पर जमीन-घर



मलबे की चपेट में आए मकान।

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

भारी बारिश से बल्ह क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूसरा खाबू निवासी मनोज कुमार व नरेश कुमार दोनों सगे भाइयों पर दुखों का पहाड़ टूट गया।

बारिश ने ऐसी तबाही मचाई की दोनों परिवारों के घरों के पीछे लगती पहाड़ी ही दरक गई जिसका हजारों टन मलबा खिसकता हुआ उनके घरों व गोशालाओं पर आ गिरा, जिससे उनके मकानों और गोशालाओं में बड़ी-बड़ी दरारे आ गई। इस कारण यह ढहने की कगार पर हैं। मनोज कुमार का पांच कमरों का एक मंजिला पक्का मकान है, वहीं उसके भाई नरेश का 9 कमरों का दो मंजिला पक्का मकान है। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों मकानों को खाली करने का काम जारी है। स्थानीय प्रशासन की ओर से दोनों परिवारों को दस- दस हजार रूपये की फोरी राहत प्रदान कर दी गई है। इसके साथ विधायक इंद्र सिंह गांधी ने भी मौका कर प्रभावित परिवारों को अपनी ओर से इतनी ही राशि प्रदान की है तथा मलवा हटाने के लिये विधायक निधि से एक लाख देने की घोषणा की है। वहीं एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने सहायता को लेकर सबंधित विभागीय अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए हैं।

# बारिश से रिवालसर झील में समाया हजारों टन मलबा

## पर्यावरण को गंभीर खतरा, भूस्खलन से झील के पास गिरे बांस और पेड़ व ड्रेनेज सिस्टम फेल

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

क्षेत्र में हुई भारी बारिश से रिवालसर झील के पर्यावरण को नुकसान हुआ है। झमाझम बारिश के दौरान कैचमेंट एरिया से बहने श्वाले नाले उफान पर आ गए और पानी के साथ हजारों टन मलबा पवित्र झील में समां गया, जिससे पानी का रंग मटमैला हो गया।

इस दौरान झील के साथ लगती पहाड़ी पर भारी भूस्खलन हुआ है जिसके कारण भारी संख्या में बांस के पेड़ उखड़ कर मलबे के साथ झील के काफ़ी नजदीक पहुंच गये एक भारी भरकम पेड़ तो जड़ो के साथ उखड़ कर झील के अंदर ही गीर गया गनीमत रही कि इस दौरान यहां पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था जिस से एक बड़ा हादसा होने टल गया। झील को बार- बार हो रहे नुकसान के पीछे ड्रेनेज सिस्टम का फेल होना बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि जब भी रिवालसर में बारिश होती है तो कैचमेंट एरिया से निकलने बाले पानी की निकासी को लेकर बनाई गई नालियां गाद और मिट्टी से भर जाती है।जिसके बाद यह मलबा सड़क मार्ग से बहता हुआ झील में समा जाता है। गत कई वर्षों से ऐसा ही दृश्य देखनो को मिल रहा है। हालांकि नगर पंचायत द्वारा झील परिक्रमा क्षेत्र में लाखों खर्च कर पानी की निकासी को लेकर बड़ी नालियों का निर्माण करवाया है लेकिन उफनते नालों के बीच इन नालियों का आकर बौना पड़ गया है। नालियां बार बार चोक हो रही है जिससे झील के पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। झील में लगातार समा रही मिट्टी से इसके अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है। एडवोकेट हाई कोर्ट शिमला देवन खन्ना, डीएजी संस्था के अध्यक्ष नरेश शर्मा सहित अन्य पर्यावरण प्रेमियों ने झील के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की है, वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष रिवालसर कश्मीर सिंह यादव तथा मनोनीत पार्षद लक्ष्मी दत्त शर्मा ने बारिश से नगर पंचायत को हुए नुकसान की सरकार से भरपाई मांगी है।



रिवालसर झील में गाद आने से हुआ नुकसान।

# धर्मपुर जाकर आपदा प्रभावितों से मिले जयराम ठाकुर, बढ़ाया हौसला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंगलवार को धर्मपुर का दौरा किया और यहां गतरात्रि बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे और उन्होंने बस स्टैंड के आसपास हुए व्यापक नुकसान बारे जानकारी दी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने धर्मपुर बाजार में दुकानदारों और उन लोगों से भी मुलाकात की जिनका देररात 10 से 15 फुट ऊंचाई तक सीर खड्ड और साथ वाले नाले का पानी चढ़ने से भारी नुकसान हुआ। जयराम ठाकुर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप अभी सावधानी बरतें और जागरूक रहें। इस बार बरसात बहुत लंबी चल रही है। हम जहां भी जा रहे हैं लोग पीड़ा और संकट में हैं। हमारी पार्टी लगातार सेवा कार्य कर प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने के काम में लगी हुई है। हमारा आपदा प्रभावित के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। इस दौरान उनके साथ सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर, बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा नेता रजत ठाकुर, बंदना गुलेरिया भी उपस्थित रही।

## छपानू सड़क खुली होती तो न जाती नीटू की जान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर में हुए इस फ्लड में अपनी दुकान से कीमती सामान निकालने के लिए रात को भारी बरसात घर से निकला और जैसे ही धर्मपुर बस अड्डे की कुछ दूरी पर अपने वाहन से आ रहा था और एक दम से सोन खड़ का जलस्तर बढ़न से उसकी कार सोन खड्ड की चपेट में आने से पानी के बहाव में बह गया जो अभी तक मिसिंग चला है। अगर 40 वर्ष पुरानी सड़क जो पहले धर्मपुर से सिद्धपुर को जाती थी, लेकिन कॉलेज की बिल्डिंग बन जाने के बाद यह सड़क मार्ग छपानू भरोरी मढ्डी बनवार मढ़ी को जाती थी और आपातकाल के समय भी इसका इस्तेमाल किआ जाता रहा है, लेकिन दो वर्ष पहले इस सड़क मार्ग को तोड़ दिआ गया, जिसके कारण आपातकाल के समय में काम् आने वाला मार्ग बंद हो गया अगर ये मार्ग चालू होता, तो लेखराज उर्फ नीटू की गाड़ी सोन खड्ड की चपेट मे आने से बच सकती थी।

## न्यूज ब्रीफ

### 645 ग्राम चरस व 18.3 ग्राम हेरोइन बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा दो अलग-2 मामलों में 645 ग्राम चरस व 18.3 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। पहले मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर के अंतर्गत कार नंबर एचआर 27एन 9000 में सवार मंजीत निवासी निवासी डाकघर सापला तहसील सापला हरियाणा, सुमित निवासी निवासी डाकघर कबुलपुर तहसील रोहतक हरियाणा, संदीप निवासी कबुलपुर तहसील हरियाणा, साहिल निवासी डाकघर माजरा तहसील बेरी हरियाणा व राहुल निवासी डाकघर कबुलपुर तहसील रोहतक हरियाणा से 645 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना सुंदरनगर में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है, जिन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करवाया जा रहा है। दूसरे मामले में पुलिस थाना सदर मंडी के अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर किराए के कमरे में रह रहे हंसराज पुत्र चुड़ामणी निवासी डाकघर संगलवाड़ा तहसील थुनाग जिला मंडी व राहुल ठाकुर पुत्र मोहन सिंह निवासी बुंग तहसील थुनाग जिला मंडी के कमरे की तलाशी के दौरान 18.3 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करवाया जा रहा है।

### सायर पर्वः व्यापारियों ने खेला अखरोट का खेल

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सायर पर्व इस बार भी पूरे उत्साह और परंपरागत रंगों के साथ मनाया गया। जोगिंद्रनगर व आसपास के गांवों में सायर पर्व की रौनक देखने को मिली। बच्चे जहां अखरोट से निशाना लगाने का खेल खेलते नजर आए,



वहीं स्थानीय बाजार में व्यापार मंड फल के सदस्यों ने भी इस खेल में बढ़-चढ़कर भाग लिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने बताया कि पहले अखरोट का खेल सैर का मुख्य आकर्षण हुआ करता था, मगर अब यह परंपरा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी इस खेल से अनजान है और इसका कारण मोबाइल फोन की बढ़ती लत है। सायर पर्व बारिश के आखिरी दौर में मनाया जाता है। पहले लोग बरसात समाप्त होने पर ईश्वर का धन्यवाद करते थे कि कोई अनहोनी न हुई। इस अवसर पर देवताओं को नई फसल जैसे धान की बाली, भुट्टा, खट्टा, ककड़ी और अखरोट का भोग लगाया जाता था। परंपरा के अनुसार, इसी दिन राखी भी उतारी जाती है।

### दिव्यांग कर्मचारी संघ ने दी तेजराम को बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश दृष्टि दिव्यांग कर्मचारी कल्याण संघ के महासचिव राजकुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी मदन ठाकुर और कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए हिमाचल प्रदेश वित्त और लेखा सेवाएं 2025 के परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर तेजराम वर्मा को बधाई दी है। तेजराम वर्मा, जो 2008 से मत्स्य विभाग में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ने अपनी मेहनत और समर्पण से इस परीक्षा में सफलता हासिल की। उनका यह सफलता कार्यस्थल और उनके गृह क्षेत्र सरकाघाट के गहरा गांव में खुशी की लहर लेकर आई है। मीडिया प्रभारी मदन ठाकुर ने बताया कि तेजराम वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, धर्मपत्नी कुसुम वर्मा और मित्रों को दिया।

### बास्केटबाल टीम के लिए 12 खिलाड़ी चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला मंडी अंडर-14 गर्ल्स बास्केटबाल टीम के लिए चयन के लिए ट्रायल बलद्वाड़ा स्कूल के खेल मैदान में हुए, जिसमें पूरे जिला मंडी से 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें से जिला मंडी की 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जोकि अंडर 14 सब-जूनियर गर्ल्स एंड ब्वॉयज की बास्केटबाल का टूर्नामेंट जोकि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी में 20 से 22 सितंबर तक आयोजित होगी, इसमें भाग लेंगी। इस चयन में अशोक शर्मा महासचिव, तकनीकी अधिकारी राजू खान, राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज नेगी, चयन समिति, अजय ठाकुर की निगरानी में इस चयन प्रक्रिया को पूरा किया।

# किरतपुर-मनाली फोरलेन पर लैंडस्लाइड, 3 घंटे रहा बाधित



**अनंत ज्ञान, पंडोह**

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित जोगणी मोड़ के पास लैंडस्लाइड से 3 घंटे बंद रहा । जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई।

बता दें कि सुबह 8.15 बजे जोगणी मोड़ के पास एका एक पहाड़ी से बड़ा लैंडस्लाइड हुआ। सड़क मार्ग पत्थरों और मलवे से भर गया। गनिमत रही कि इस की चपेट में कोई गाड़ी नहीं आई। एक घंटे तक रूक रूक कर पत्थर गिरने के कारण सड़क बहाली का कार्य शुरू नहीं हो सका। मगर 11-30 बजे को फ़िर से इस सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही निरंतर शुरू हो गई। लोक निर्माण विभाग ने बड़ी मुस्तैदी के साथ इस लैंडस्लाइड की मलबे को हटाया। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता प्रवीण तलवार ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर हर रोज़ कहीं ना कहीं लैंडस्लाइड हो रहा है। जो वाहनों की आवाजाही को प्रभावित कर रहा है।

### बगडैणा गांव में फिर लैंडस्लाइड, दो घरों पर संकट गहराया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के ग्राम पंचायत खड़िहार के बगडैणा गांव में एक बार फिर लैंडस्लाइड से दहशत का माहौल बन गया है। 30 जून, 2025 को हुई बड़ी लैंडस्लाइड के बाद अब दोबारा हुई इस घटना से दो घरों पर संकट और गहरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि राज कुमार और दूनी चंद के परिवार पिछले तीन महीनों से लगातार सदमे में हैं। हालात यह हैं कि दोनों परिवार अपने ही घरों में रात बिताने से डर रहे हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई है कि प्रभावित परिवारों को त्रिपाल जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए और घरों को बचाने के लिए ठोस रोकथाम के उपाय किए जाएं। गांववासियों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। अब सबकी निगाहें प्रशासन की ओर टिकी हैं कि वह कब तक राहत और सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करता है।

# शिवा खड्ड में बहे एक ही गांव के दो लोग

## बेटे के सामने पिता की दुखद मौत, प्रशासन ने दी 25-25 हजार फौरी राहत

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** सायर पर्व के दिन द्रंग विधानसभा क्षेत्र के इलाका बदार की शिवा खड्ड में दो लोगों की दुखद मौत से शोक में डूब गई। हर तरफ चिखते-चिल्लाते रिश्तेदार व सायरन बजाते आपातकालीन वाहनों की आवाज बता रही थी कि मंगलवार को घाटी में महा अमंगल हुआ है।

स्थानीय निवासी हेम राज ठाकुर ने बताया कि मनोहर लाल व प्रेम सिंह अपने बच्चों और ग्रामीणों के साथ हर वर्ष की भांति सुबह-सुबह ही अपने ईष्ट देवता महर्षि थट्टा के दरबार में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। रास्ते में शिवा खड्ड पार करती बार एक हादसे में दोनों की मौत हो गई। हुआ यूं कि इन दोनों के साथ जब सभी लोग खड्ड पार कर रहे थे तो अचानक मनोहर लाल का पांव फिसला और वह पानी में गिर गया, उसे बचाने के लिए जैसे ही प्रेम सिंह जिसने खड्ड पार कर ली थी, पीछे आया और मनोहर को बचाने लगा तो वह भी तेज बहाव में बह गया। तभी साथ ही कुछ दूर आगे निकले मनोहर लाल के 22 वर्षीय बेटा भवानी पीछे खड्ड तक आया, मगर उसे पानी में कहीं भी कुछ दिखाई नहीं दिया। उसने गांव वालों को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचित किया, मगर तब तक दोनों ही पानी में डूब चुके थे। स्थानीय लोगों ने पहले प्रेम सिंह का शव घटना स्थल से 150 मीटर की दूर मिला। इनके दो बेटे हैं। जिनमें से एक भारतीय सेना में सेवारत हैं, जबकि मनोहर लाल 46 वर्ष के शव की तलाश के लिए एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने चप्पे-चप्पे पर गहन छानबीन करने के 4 घंटे बाद घटनास्थल से मात्र 100 मीटर दूरी पर ही चट्टानों की बीच फंसे शव को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इनके भी दो बेटों में से एक भारतीय सेना में सेवाएं दे रहा है। जबकि दूसरा बेटा भवानी इनके साथ था। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया है। सायर की खुशी गम में बदल गई है। देव कमेटी थट्टा के कारदार मोहनलाल ठाकुर ने इस हादसा पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आज इन दोनों की दुखद मौत से पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

पंचायत प्रधान शिवा खेम सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस खड्ड के आसपास ऊंची पहाड़ियां हैं और फिसलन बहुत ज्यादा है। इस कारण इन दोनों की दुखद मौत हुई है। जिसका हमें बहुत दुख है। पुलिस चौकी प्रभारी पंडोह अनिल कटोच ने बताया कि पहले एक शव का पोस्टमार्टम किया गया। 4 घंटे बाद मिले दूसरे शव को अभी अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। वहीं प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार सदर प्रिंस धीमान ने कहा कि उन्होंने मौके पर जाकर सर्च ऑपरेशन किया। इस दौरान स्थानीय लोगों, एनडीआरएफ और पुलिस के सहयोग से पूरा किया। मौका पर ही दोनों मृतक परिवारों को 25-25 हजार रुपए बतौर फौरी राहत दे दी गई है।

# विदेशी धरती पर एक बार फिर हिमाचल का गबरू लहराएगा भारत का परचम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हैंडबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुने नरेश**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के भराडू गांव का बेटा नरेश कुमार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का झंडा ऊंचा करने जा रहा है। नरेश कुमार को मालदीव में आयोजित होने जा रही कॉमनवेल्थ इंडियन सीनियर बीच हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। यह प्रतियोगिता 16 से 24 सितंबर तक मालदीव के खूबसूरत शहर कुलहुधुफुशी सिटी में आयोजित होगी। इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा दक्षिण अफ्रीका, मालदीव, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

नरेश कुमार का अब तक का खेल करियर बेहद प्रेरणादायक रहा है। हाल ही में उन्होंने उज़्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित चौथी अंतरराष्ट्रीय ओपन सेंट्रल एशिया हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था और वहां देश के लिए कांस्य पदक जीतकर पूरे हिमाचल सहित भारत का नाम रोशन किया। यही नहीं, नरेश कुमार वर्तमान में भारतीय सेना में सेवारत रहते हुए भी खेल के प्रति अपनी मेहनत और जुनून को जारी रखे हुए हैं। सेना में रहते हुए उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। स्थानीय स्तर पर भी नरेश कुमार की इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है। माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर के कोच अंशुल विनय, कामना कुमारी और रेनू शर्मा ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नरेश जैसे खिलाड़ी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। वहीं, सेना के अधिकारियों ने भी उनके आगामी टूर्नामेंट के लिए उत्साह बढ़ाते हुए शुभकामनाएं दीं।

हिमाचल की धरती ने समय-समय पर ऐसे सपूत दिए हैं, जिन्होंने विदेशी जमीन पर भारत का नाम रोशन किया है। नरेश कुमार का चयन इस बात का प्रमाण है कि मेहनत, अनुशासन और जुनून से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। अब सभी की निगाहें मालदीव में होने जा रही इस चैंपियनशिप पर टिकी हैं, जहां विदेशी धरती पर हिमाचल का यह गबरू एक बार फिर भारत का परचम लहराएगा।

**संबल** मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना से 19 को मिली घर बनाने की आर्थिक सहायता

# करसोग में अनाथ युवाओं को मिल रहा अपना घर

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** करसोग घाटी में पल-बढ़ रहे, ऐसे अनाथ व बेसहारा बच्चे और युवा, जिनके सिर से माता-पिता का साया बचपन में ही उठ चुका है और जीवन की कठिन राहों में संघर्ष कर रहे हैं। अब ऐसे युवाओं का अपना घर होने का सपना, राज्य सरकार की मदद से साकार होने जा रहा है। इसमें सहायक बनी है मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना। करसोग क्षेत्र के 19 पात्र युवाओं यानि चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को अपना घर बनाने के लिए तीन-तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत की गई है। इसकी पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की राशि इनके बैंक खातों में भेज भी दी गई है। इस मदद से अब यह सभी युवा अपने जीवन का पहला पक्का घर बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

करसोग के जिन चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को अपना घर बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत हुई है, उनमें पीतांबर लाल, निवासी स्नेच, देश राज व अनु कुमारी, निवासी थली, उत्तम चंद, निवासी स्नेच, सुनील दत्त, निवासी लोहारली, मोनिका, निवासी खील, भूपेंद्र कुमार, पंजोआ (सियांज बगड़ा), दिनेश कुमार व यशवंत शर्मा, निवासी सोपा, बॉबी, निवासी जवान, चमन लाल, निवासी कमांड, राजेंद्र, निवासी चुराग, दिनेश कुमार, गांव समरोग, बृज लाल, गांव धार, संजय कुमार, निवासी मजहास, जगदीश, निवासी चुराग, पुष्प राज, गांव बेलर, मनीष कुमार, निवासी भंडारणु, हिम चंद, निवासी संजोटी शामिल हैं।



घर की ओर पहला कदमः युवा ने शुरू किया निर्माण कार्य

योजना के लाभार्थी संजय कुमार और दिनेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की सुख-आश्रय योजना के अंतर्गत उन्हें घर बनाने के लिए तीन-तीन लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। मनीष कुमार गृह निर्माण संबंधी किसी अन्य योजना के भी लाभार्थी हैं, ऐसे में उन्हें डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इन सभी ने बताया कि राज्य सरकार की आर्थिक मदद से अब उनका अपना घर बनाने का सपना साकार होने जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपए मिल चुके हैं और निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। राज्य सरकार की मदद से अपना घर होने का सपना पूरा होने जा रहा है, जिसके लिए हम सभी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हैं।

### घर बनने से जिंदगी में आएगा स्थायित्व

**सीडीपीओ** करसोग विपाशा भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना एक संवेदनशील और महत्वाकांक्षी पहल है। करसोग के जिन 19 युवाओं को पहली किस्त प्राप्त हुई है, उनके घर बनने से उनकी जिंदगी में सुरक्षा और स्थायित्व आएगा और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम तपस्थली महात्मा अच्युतानंद जी अमलैहड़ में पावन संक्रांति पर्व पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने धूने पर माथा टेका। इस अवसर पर डेरा महाराज हेमानंद का भी लोगों ने आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डेरा में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर लोगों ने डेरा के सदाव्रत लंगर में प्रसाद भी ग्रहण किया।

### चौकी मीनार के गरीब परिवार को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सनातन सेवा समिति भालत(बड़सर), जिला हमीरपुर द्वारा चौकी मीनार के गावं कैंट निवासी केवल सिंह को उनकी बेटी की शादी के लिए 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। केवल सिंह की पुत्री रजनी की शादी आगामी 25 सितंबर को होगी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने और केवल सिंह की गंभीर बीमारी के चलते, समिति ने समाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए यह सहयोग किया। समिति के प्रधान विजय कुमार ने स्वयं कैंट निवासी केवल सिंह के घर जाकर उन्हें 11 हजार रुपए का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि यह सहयोग समिति के प्रत्येक सदस्य के सामूहिक प्रयासों से संभव हो पाया है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समिति के उपप्रधान पुनीत कुमार, सचिव पंकज कुमार खन्ना और सदस्य विनोद भारद्वाज ने बताया कि सनातन सेवा समिति समय-समय पर गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता करती रही है और आज समिति के प्रधान विजय कुमार के माध्यम से गरीब परिवार को उनकी बेटी की शादी के लिए 11000 रुपए का चेक भेंट किया गया। बच्चियों की शादी, जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई व बीमार व्यक्तियों के उपचार जैसे सामाजिक कार्यों में समिति लगातार अपना योगदान दे रही है। केवल सिंह इस समय गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनका इलाज आईजीएमसी शिमला में चल रहा है। सनातन सेवा समिति भालत, जिला हमीरपुर ने उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### लघु कथा संग्रह 'रिश्ते कागज' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट विधानसभा के भंजाल गांव के डॉ. रजनीकांत शर्मा की लघु कथा संग्रह, रिश्ते कागज का विमोचन जिला मुख्यालय पर हुई कहानी लेखन प्रतियोगिता में किया गया। सामाजिक सरोकारों को समर्पित साहित्यिक संस्था दर्पण ने पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया। इस प्रतियोगिता में डॉक्टर रजनीकांत को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम भी उपस्थित रहे। डॉ. रजनीकांत शर्मा को प्रथम पुरस्कार मिलने से इलाके के प्रबुद्ध वर्ग पत्रकार बार लेखक वर्ग में खुशी की लहर है।

### मनुष्य जीवन दुर्लभ : महाराज उपेंद्र पराशर

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** धार्मिक स्थल गद्दी बाबा नकोदर दास धर्मशाला महंता में आयोजित पावन पर्व सायर संक्रांति के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन गद्दी बाबा नकोदर दास धर्मशाला महंत महाराज उपेंद्र पराशर के तत्वाधान से रामायण अखंड पाठ में भजन-कीर्तन पूजन कर किया गया। सायर की संक्रांति के अवसर पर गद्दी पूजन के साथ भजन-कीर्तन व अरदास का भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रवचन वर्षा करते हुए डेरा महाराज उपेंद्र पराशर ने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है तथा इसका लक्ष्य प्रभु भक्ति, सिमरन, सत्संग करते हुए इसे आगे बढ़ाना चाहिए। महाराज ने कहा कि जीवन में भगवान भक्त के भाव के भूखे हैं तथा सच्चे मन से प्रभु भक्ति के मार्ग पर चलते हुए मानव जीवन का सार्थक होना संभव है। उन्होंने कहा कि संसारिक सुख सुविधाओं के पीछे भागते रहना मानव जीवन का लक्ष्य नहीं होना चाहिए। इसी अवसर पर डेरा में विशेष लंगर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें आई संगतों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

### ओजोन परत पर रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री जीएसएसएस मरवाड़ी में मंगलवार को ओजोन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से लेक्चरर फिजिक्स सलील कुमार सोनी द्वारा किया गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य गुलशन पठानिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता प्रमुख रही। विद्यार्थियों ने ओजोन परत संरक्षण के महत्व पर रचनात्मक विचार और संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता कुमार, अर्चना वर्मा, रणेश वीर कंवर ,संजीव कुमार, सूर्य किरण, नीलम जसवाल, संजीवना देवी, स्वाति चौधरी, सविता, जितेंद्र कुमार, अनुज शर्मा, प्रोमिला ठाकुर सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### भजन-कीर्तन से वातावरण हुआ भक्तिमय

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा अच्युतानंद आश्रम में संक्रांति का पर्व बड़ी श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर पवित्र अखंड धूने पर माथा टेकते रहे और आचार्य हेमानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। संकीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। अपने प्रवचन में महाराज हेमानंद ने कहा कि संस्कार ही व्यक्ति के कार्य, व्यवहार और आचरण को प्रभावित करते हैं और जीवन की दिशा तय करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि शुभाशुभ घटनाओं के लिए व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होता है। अच्छे संस्कार ही अच्छे जीवन का आधार हैं, जबकि विकृत प्रवृत्तियां जीवन को दुखमय बना देती हैं। उन्होंने कहा कि जीवन को सुखमय और आनंदमय बनाने के लिए संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक हैं, जैसे केले का छिलका सड़क पर फेंकना विकृति है। वहीं, किसी और द्वारा फेंके गए छिलके को उठाकर कूड़ेदान में डालना सुसंस्कार है। इसी प्रकार भगवान को नैवेद्य अर्पित कर भोजन को प्रसाद रूप में ग्रहण करना भी सुसंस्कार है। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ हुआ। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने डेरे की मनी का प्रसाद ग्रहण किया।

### पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर डाला प्रकाश

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्वार में शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व अध्यापकों के मार्गदर्शन तथा इको क्लब के सौजन्य से विश्व ओजोन दिवस बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न अंतर-सदन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गईं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पटियाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 1,43,275 राशन कार्ड धारकों को लाभ

## खाद्य आपूर्ति विभाग ने जून-अगस्त में किए 850 निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 322 उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से जिले के 1,43,275 राशन कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जा रहा है।

यह जानकारी डीसी जतिन लाल ने मंगलवार को अपने चैंबर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि उना जिले में एपीएल श्रेणी के 83,614, बीपीएल के 18,835, अंत्योदय अन्न योजना के 10,000 तथा प्राथमिक गृहस्थियों के 30,826 उपभोक्ता शामिल हैं। डीसी ने बताया कि जिले में जून माह से अगस्त तक 48,963 क्विंटल आटा, 30,115 क्विंटल चावल, 6,742 क्विंटल चीनी, 528 क्विंटल चना दाल, 1,823 क्विंटल मल्का दाल, 2,450 क्विंटल उर्द की दाल, 85,438 लीटर सरसों का तेल और 2,36547 लीटर


डीसी जतिन लाल की अध्यक्षता में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक संपन्न।

रिफाइंड ऑयल का वितरण किया गया है। डीसी जतिन लाल ने बताया कि जून माह से अगस्त तक जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 850 निरीक्षण किए गए और इस अवधि के दौरान विभिन्न अनियमितताओं के पाए जाने पर 7 मामलों पर कार्रवाई करते हुए 10,055 रुपए का जुर्माना किया गया।

इसके अलावा 17 दुकानदारों और व्यापारियों को पॉलीथीन का उपयोग करने पर 12 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश विनिर्दिष्ट आवश्य वस्तुएं वितरण का विनियमन आदेश 2019 के तहत 403 निरीक्षण किए गए। इसमें 7 मामलों पर कार्रवाई करते हुए कुल 2,54,982 रुपए का जुर्माना किया गया। हिमाचल प्रदेश ब्रिक्स क्लिन नियंत्रण के तहत जिले में कुल 6 ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया गया तथा अनियमितताओं के चलते कुल 20 हजार रुपए का जुर्माना डाला गया। इस अवसर पर जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति व उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री को सौंपा राहत राशि का चेक

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओक-ओवर में मुलाकात की। कबीर पंथ सभा की ओर से प्रदेश में आई बाढ़ त्रासदी से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 1,51,000 का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट किया गया। इस अवसर पर सभा ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें कबीर पंथ कल्याण बोर्ड की अधिसूचना जल्द जारी करने का आग्रह किया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि बोर्ड की अधिसूचना जल्द जारी होगी। सभा सदस्यों ने कहा कि लंबे समय से समाज की अनदेखी हो रही थी, लेकिन अब उन्हें सरकार से नई उम्मीद जगी है। प्रतिनिधिमंडल में राज्य प्रधान मस्त राम, राज्य महासचिव देव राज शांडिल, चीफ पैट्रन व पूर्व अध्यक्ष भाग सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान केडी तंवर, राज्य वित्त सचिव जनक राज, जिला ऊना प्रधान सुरेश मियां, जिला सिरमौर प्रधान गरजा राम, जिला कांगड़ा प्रधान प्रताप चंद, जिला बिलासपुर प्रधान विजय कालिया समेत अन्य जिलों के प्रधान व प्रतिनिधि शामिल रहे।

## विवेक ने आपदा प्रभावित परिवारों का लिया जायजा, दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा ने अनेक परिवारों को बेघर कर दिया है। कई घर जमींदोज हो गए, तो कई परिवारों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित हुई, ऐसे हालात में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा लगातार प्रभावित परिवारों तक पहुंचकर उनकी पीड़ा साझा कर रहे हैं।

उन्होंने न केवल पीड़ितों से मिलकर ढांढस बंधाया, बल्कि उन्हें आर्थिक मदद भी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ में जो भी परिवार इस आपदा से बेघर हुए हैं, उनका सबसे पहले पुनर्वास करवाना मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिनका सबसे अधिक नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार की ओर से विशेष आर्थिक सहायता मिलेगी। इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न पंचायतों व गांवों का दौरा किया और मौके पर नुकसान का जायजा लिया। विवेक शर्मा ने बताया कि पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र में जो नुकसान हुआ है, उसका विस्तृत आकलन दो दिनों के भीतर तैयार कर लिया जाएगा। यह रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को सौंपी जाएगी, ताकि प्रभावित परिवारों के लिए राहत पैकेज व पुनर्वास योजना को जल्द लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से पीड़ितों के साथ खड़ी है और किसी भी परिवार को बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा। विधायक ने कई परिवारों को मौके पर ही आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री व अस्थायी ठहराव की व्यवस्था में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर प्रभावित परिवारों की सूची पारदर्शिता के साथ तैयार की जाए, ताकि सहायता का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिल सके।

## क्षतिग्रस्त मकान पर प्रशासन ने 10 हजार की दी राहत राशि

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हुए रिहायशी मकान के प्रभावित परिवार को प्रशासन ने राहत राशि प्रदान की है।

उपमंडल बंगाणा के तहत उपतहसील जोल के अंतर्गत पंचायत चौली निवासी प्रताप सिंह पुत्र विशन दास को प्रशासन की ओर से 10,000 (दस हजार) रुपए की राहत राशि जारी की गई। इस मौके पर कानूनगो पवन सैनी ने प्रभावित परिवार को नकद सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने कहा, सरकार और प्रशासन हर समय आपदा प्रभावितों के साथ खड़े हैं। किसी भी प्राकृतिक दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित परिवार को त्वरित राहत देना हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर पंचायत प्रधान बलबीर सिंह ठाकुर भी मौजूद रहे। प्रताप सिंह का रिहायशी मकान हाल ही में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। मौके पर राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रभावित परिवार को दस हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। राहत राशि प्राप्त करने के बाद प्रताप सिंह ने कहा, मेरा घर काफी क्षतिग्रस्त हो गया था।

इस मुश्किल घड़ी में प्रशासन ने जो मदद दी है, उससे हमें बड़ी राहत मिली है। इसके लिए मैं विभाग और अधिकारियों का आभारी हूं। गांववासियों ने भी प्रशासन व राजस्व विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। गांव के एक बुजुर्ग ने कहा, ऐसे समय पर मिली मदद पीड़ित परिवार को सहारा देती है। नायब तहसीलदार जोल अश्वनी धीमान ने कहा कि 10000 रुपए राहत राशि दी गई है और भी अधिक नुकसान हुआ नियमानुसार वह भी जल्दी दिया जाएगा।

## ओजोन परत संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय ऊना द्वारा मंगलवार को हरोली ब्लॉक इंडस्ट्री एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राजीव गांधी सामुदायिक केंद्र बाथू में अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपनिदेशक अंशुल धीमान थे, जबकि केसी कॉलेज के प्रधानाचार्य डीएन प्रसाद, डॉक्टर इना ठाकुर एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल भी उपस्थित थे। प्रदूषण बोर्ड के रिजीनल ऑफिसर प्रवीन धीमान ने बताया कि लगभग 60 उद्योगपतियों ने भाग लिया और ओजोन परत संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। उद्योगपतियों ने अधिक पेड़ लगाने की शपथ ली और पौधरोपण किया। कार्यक्रम में कई अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


राजीव गांधी सामुदायिक केंद्र बाथू में अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया।

## क्विज प्रतियोगिता में रक्षिता और अक्षरा प्रथम

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटहेड़ी, जिला ऊना में जागरूकता से भरपूर व ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का जो विषय था, उसके मुताबिक कार्यक्रम की शुरुआत क्विज प्रतियोगिता से हुई। मंच के संचालन में शशि पाल और नवीन कुमार ने बहुत ही अच्छे ढंग से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नवमीं की रक्षिता और अक्षरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमी के आदित्य और कक्षा दसवीं के हर्ष ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी रचनात्मकता का प्रदर्शन देखने को मिला। कक्षा नवमीं की रक्षिता ने प्रथम और कक्षा दसवीं के हर्ष ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रों द्वारा ओजोन परत के संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें ओजोन बचाओ-पृथ्वी बचाओ जैसे नारों के माध्यम से संदेश दिया गया। टीजीटी मेडिकल के नवीन कुमार ने बताया कि ओजोन परत के संरक्षण के लिए 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए थे और तभी से 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि ओजोन परत पृथ्वी की सुरक्षा कवच है।

## सरकार को अंब की चिंता कुटलैहड़ की जनता को किया नजरअंदाज: भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोला। सोमवार को दविंदर कुमार भुट्टो ने भाजपा कार्यालय बंगाणा में कहा कि जिला ऊना के अंब को अगर सब जज कोर्ट की सौगात दी जा रही है, तो बंगाणा क्षेत्र जो लंबे समय से इस सुविधा की मंजूरी का इंतजार कर रहा है, उसे क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है? दविंदर कुमार भुट्टो ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार हमेशा से कुटलैहड़ के साथ सौतेला व्यवहार करती आई है। उन्होंने याद दिलाया कि बंगाणा के लिए सब जज कोर्ट कई वर्षों पहले ही स्वीकृत हो चुका था। इसके बावजूद इसे धरातल पर उतारने में कांग्रेस सरकार ने लापरवाही दिखाई। मैंने खुद सरकार को लिखित रूप से प्रस्ताव भेजकर यह पेशकश की थी कि बंगाणा में सब जज कोर्ट के लिए मुफ्त यानी बिना किसी चार्ज के भवन उपलब्ध करवाया जा सकता है। इसके बावजूद सरकार का ध्यान अंब की ओर है, जबकि कुटलैहड़ की जनता की सुविधा को पूरी तरह से भुला दिया गया है।

## भाषण प्रतियोगिता में वंशिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने कॉलेज परिसर में विश्व ओजोन दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और सतत विकास लक्ष्य जैसे विषयों पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। प्रतियोगिता में वंशिका सिंह (बीए प्रथम वर्ष) ने पहला, कशिश (बीए तृतीय वर्ष) ने दूसरा तथा हर्ष जसवाल (बीएससी प्रथम वर्ष) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. प्रियंका, प्रो. नेहा जसवाल और प्रो. रितिका रानी ने निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सतिंदर कुमार और डॉ. निधि शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## महाराज ने प्रभु स्मृति व भक्ति के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आश्रम कुटीया सलोह के संस्थापक श्री श्री 1008 स्वामी यशगिरी जी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को संक्रांति पर्व बड़ी धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर स्वामी श्री यशगिरी जी महाराज द्वारा संकीर्तन, भजनों व प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए समस्त श्रद्धालुओं व अनुयायियों को नव माह का नाम श्रवण कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया। स्वामी श्री यशगिरी महाराज ने कहा कि प्रभु से जुड़ने के लिए संत महापुरुषों की ईश्वरीय सतसंग रूपी वाणी को अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, ताकि समाज में हम एक दूसरे के संपर्क में रह सकें। महाराज द्वारा आज के प्रसंग में बताया कि हर पल पूजा बन सकता है यदि कर्म में परमात्मा की स्मृति बनी रहे। संसार के भटके हुए जीवों को किनारे लगाने वाला उत्तम साधन है परमात्मा


हरोली क्षेत्र में संक्रांति पर्व बड़ी धूमधाम तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

की स्मृति, जैसे भुने हुए बीज पुनः अंकुरित नहीं होते। इसी प्रकार ईश्वर चिंतन करते हुए जिन्होंने अपने सभी कर्मों को दग्ध कर दिया है, वे फिर इस भवसागर में नहीं आते। उन्होंने कहा कि मनुष्य की वासनाएं ही हमें जीवन भर उलझनों की चक्की में पिसती रहती हैं, जो लोग देह व गेह को तुच्छ समझ कर भगवान में तन्मय रहते हैं, वे परम वैष्णव हैं। संसार में कोई ऐसी विद्या एवं साधन नहीं है, जो हमें मृत्यु से बचा सके। इससे मनुष्य तभी बचता है, जब उसके अज्ञान की निवृत्ति होकर प्रभु की महिमा का बोध हो जाय। अभिमान छोड़कर हमें इस जीवन का आदर करना चाहिए, जो लोग समय का आदर नहीं करते, वे अपने भाग्य को ही ठोकर मार पतन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। महाराज ने कहा कि प्रभु की भक्ति व ज्ञान में ही जीवन का समाधान है। आलस्य परमार्थ मार्ग का प्रबल शत्रु है। इस अवसर पर श्री श्री 1008 महाराज के सानिध्य में आयोजित संक्रांति पर्व पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं व अनुयायिओं द्वारा अपने सदगुरुदेव महाराज जी के चरणों में नतमस्तक हो कर आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य किया गया।

## सर्वहितकारी सभा कमेटी की बैठक में जरूरतमंदों की मदद को लेकर लिए फैसले

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



उपमंडल अंब की पंचायत पंजोआ लड़ोली में सर्वहितकारी सभा कमेटी की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान मदन धीमान ने की, जबकि उपप्रधान अधिवक्ता अनिल शर्मा, केशियर फतेह सिंह, सचिव कुशल धीमान सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

पंचायत प्रधान व सभा के सलाहकार बलविंदर सिंह (बिल्ला) भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभा ने सर्वसम्मति से तय किया कि थड़ा गांव की एक गरीब परिवार से संबंध रखने वाली प्रतिभावान छात्रा की पढ़ाई का संपूर्ण खर्च कमेटी उठाएगी। इसके अलावा जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहयोग देने पर जोर दिया गया। प्रधान मदन धीमान ने कहा कि सर्वहितकारी सभा पूरी तरह सामाजिक सेवा को समर्पित संस्था है और इसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि संस्था के सभी कार्य सामूहिक विचार-विमर्श, आपसी तालमेल और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सेवा कार्यों को और अधिक व्यवस्थित व संगठित ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विशेष समितियों का गठन किया जाएगा। साथ ही युवाओं को भी इन कार्यों में शामिल करने व जनसहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई।

**कार्यक्रम** नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से गांव-गांव पहुंचाई जा रही शिक्षा ऋण योजना की जानकारी

# 1.5 लाख तक का ऋण, न्यूनतम ब्याज पर उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति से संबंधित युवाओं को मैट्रिक के बाद तकनीकी विषयों और व्यवसायों में शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षा ऋण योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के अंतर्गत 75 हजार रुपए तक का ऋण ब्याज मुक्त और 75 हजार से 1.5 लाख रुपए तक का ऋण 4 से 5 प्रतिशत वार्षिक दर पर उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत आवेदक छात्र के माता-पिता व अभिभावक भी सह-ऋणी होते हैं। यह ऋण केवल उन्हीं परिवारों के छात्रों/छात्राओं को प्रदान किए जाते हैं, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख से कम है। इस योजना में डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सिज जैसे जेबीटी, एमबीबीएस, इंजिनियरिंग, एक वर्षीय होटल मैनेजमेंट, एमबीए, जीएएमएस, एमएस, नर्सिंग आदि के लिए ऋण देने की सुविधा का भी प्रावधान है। इसके साथ ही ऋण


नुक्कड़ नाटक से पिरथीपुर निचला और चलेट अपर के ग्रामीणों को जागरूक करते हुए।

की वसूली कोर्स पूर्ण होने के दो वर्ष बाद शुरू हो जाती है। यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नाट्यदल आरके कलामंच चिंतपूर्णी ने पहले चरण के तीसरे दिन गगरेट उपमंडल के पिरथीपुर निचला और चलेट अपर गांवों में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए दी। कलाकारों ने बताया कि शिक्षा ऋण योजना आर्थिक रूप से एससी व एसटी वर्ग के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद करती है। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। इन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक दलों के माध्यम से विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया है, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित बनाया जा सके। इसी कड़ी में 17 को चौकी और धवाली तथा 18 सितंबर को बंगाणा के त्यार और बौल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं, दूसरे चरण में पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा द्वारा 6 से 10 अक्तूबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 6 अक्तूबर को बंगाणा के बल्ह-खोली और परोइयां कलां, 7 को हरोली के खड्डु खास व भदसाली थोलियां, 8 को सलोह अप्पर और दुलैहड़ अप्परला, 9 को ऊना के धमांदरी और कुरियाला तथा 10 अक्तूबर को बहडाला और सासन में गीत=संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर पिरथीपुर निचला के प्रधान विजय कुमार, वार्ड सदस्य कुलदीप सिंह, पंचायत सचिव बलजीत सिंह, चलेट अप्पर के प्रधान प्रोमिला देवी सचिव सुनीता देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## सुनीता शर्मा का असामयिक निधन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** ऊना जिला से एक अत्यंत दुखद समाचार सामने आया है। दा ट्रिब्यून के जिला ऊना ब्यूरो प्रमुख और हिमाचल के वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा की धर्मपत्नी, सुनीता शर्मा का असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उपमंडल बंगाणा के विभिन्न मीडिया संगठनों से जुड़े पत्रकारों ने इस कठिन घड़ी में राजेश शर्मा व उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। पत्रकार कृष्ण पाल शर्मा, अनिल ठाकुर, जोगेंद्र देव आर्य, विपिन साजन, राकेश राणा, राजेश ठाकुर, विनोद शर्मा, दलजीत शर्मा, जीएस जस्सल आदि ने एक स्वर में ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। वहीं, प्रेस क्लब हरोली के मुख्य संरक्षक दिनेश गौतम, अध्यक्ष नारायण प्रभाकर, महासचिव नवीन महे, राजन चब्बा, एमआर पाठक, अश्वनी प्रभाकर, नीतिश शर्मा, राजीव राणा, नरेश सिंघा, सुलिंदर चोपड़ा, पंकज चोपड़ा ने शोक व्यक्त किया है।

# धुसाड़ा में 13 पंजाब जिंद यूनिट का भव्य स्वागत, गूंजे देशभक्ति के नारे

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** अंब उपमंडल के अंतर्गत धुसाड़ा गांव में दिन ऐतिहासिक बन गया, जब 13 पंजाब जिंद की यूनिट यहां पहुंची। यूनिट के आगमन पर पूरे क्षेत्र में उल्लास का माहौल देखने को मिला।

गांव की गलियां भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से गूंज उठीं। ग्रामीणों और भूतपूर्व सैनिकों ने जवानों का जिस गरिमा और उत्साह के साथ स्वागत किया, उसने हर किसी का दिल छू लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व सैनिकों ने की। कैप्टन जीत सिंह, कैप्टन दीप सिंह, कैप्टन राजेंद्र सिंह, सूबेदार सुभाष चंद, सूबेदार मेजर निर्मल सिंह, हवलदार सुरेंद्र कुमार, राज कुमार और अशोक कुमार ने मिलकर यूनिट के जवानों का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। इस अवसर पर जवानों को चाय-पान परोसा गया और मिठाई बांटी गई। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ सेना के जवानों का अभिनंदन किया। समारोह में एक्स-आर्मी इंजीनियर रामपाल, सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष शर्मा व टकारला ब्लॉक समिति सदस्य तरसेम चंद विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि सेना देश की रीढ़ है और सैनिकों का सम्मान करना केवल कर्तव्य ही नहीं, बल्कि गर्व की अनुभूति है। भूतपूर्व सैनिकों ने अपने संबोधन में कहा कि सेना हमेशा राष्ट्र की सुरक्षा में अग्रणी रहती है। जवान कठिन परिस्थितियों में भी देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं इसलिए उनका स्वागत और सम्मान हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। धुसाड़ा में आयोजित इस स्वागत समारोह ने न केवल ग्रामीणों, बल्कि पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की भावना को और प्रबल कर दिया। उपस्थित लोगों ने इसे धुसाड़ा गांव के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को सेना में भर्ती होकर देशसेवा के लिए प्रेरित करेंगे।


अंब उपमंडल के अंतर्गत धुसाड़ा गांव में पहुंचे पंजाब जिंद की यूनिट के सदस्य।

# राहत : वामतट से कुल्लू जाओ नेशनल हाइवे से मनाली आओ



आखिर 22 दिन बाद कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे पर दौड़े वाहन।

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** आखिर 22 दिन बाद कुल्लू मनाली नेशनल हाइवे वाहनों के लिए बहाल हो गया है। गत 26 अगस्त को ब्यास नदी में आई बाढ़ से यह मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया था।

नेशनल हाइवे के बहाल होने से मनाली वासियों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, वामतट मार्ग से आवाजाही जारी थी, लेकिन तंग सड़क के कारण जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहा था। ट्रैफिक जाम को ध्यान में रखते हुए मनाली पुलिस ने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत अब कुछ दिन वाहन मनाली से वामतट होकर कुल्लू जाएंगे और कुल्लू से नेशनल हाइवे होकर मनाली आएंगे। मनाली से कुल्लू के बीच 22 जगहों पर एनएच बाढ़ के कारण टूट चुका था। मौजूदा समय में अधिकांश मार्ग सुचारु हो चुका था। बिंदु ढांक व क्लाथ के बीच सड़क बनाना चुनौती से कम नहीं था। एनएचएआई ने पूरी ताकत झोंकी और इस प्वाइंट को 72 घंटों के बीच तैयार कर लिया। स्थानीय पर्यटन कारोबारियों होटल कारोबारी बुद्धि प्रकाश ठाकुर, हिमाचल प्रदेश ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हीरा लाल राणा तथा मनाली टैक्सी यूनियन के पूर्व अध्यक्ष राज कुमार डोगरा ने इस कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। वे कई दिनों से सड़क बहाली में लगे कर्मचारियों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करते रहे।

## बेसब्री से कर रहे थे इंतजार

**मनाली** पर्यटन व्यवसायी सड़क के खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पर्यटन कारोबारी रोशन ठाकुर, इंद्र ठाकुर, हैप्पी, विंपी बक्शी, किशन राणा, रवि ब्यास, राजू शर्मा तथा बंशी ठाकुर ने सड़क बहाल होने पर खुशी जताई, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि जब तक एनएच वोल्वो बसों के चलने लायक नहीं होगा, तब तक पर्यटन व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित रहेगा। व्यवसायियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि एनएच की अस्थायी बहाली के बाद इसे स्थायी तौर पर मजबूत बनाया जाए।

"मनाली की ओर से कुल्लू जाने वाले वाहन वामतट से होकर कुल्लू जाएंगे तथा कुल्लू से मनाली आने वाले वाहन रायसन से नेशनल हाइवे राइट बैंक होते हुए मनाली आएंगे। इससे आम जनता को असुविधा नहीं होगी और यातायात सुचारू रूप से चलता रहेगा।"

**केडी शर्मा डीपीसी मनाली।**

# भुंतर के हवाई अड्डा में आज मनाया जाएगा यात्री सेवा दिवस

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कुल्लू मनाली हवाई अड्डा भुंतर में (एएआइ) की ओर से बुधवार को देशभर के सभी हवाई अड्डों पर यात्री सेवा दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कुल्लू मनाली एयरपोर्ट पर यात्री सुविधा, सामुदायिक संपर्क और सामाजिक कल्याण पहलों को उजागर करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एयरपोर्ट पर होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों में यात्रियों का पारंपरिक स्वागत, पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम, लोक नृत्य प्रस्तुतियां, बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिताएं, यात्री प्रतिक्रिया सत्र, रक्तदान शिविर, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, विमानन क्षेत्र में करियर संबंधी जानकारी। सिद्धार्थ निदेशक कुल्लू मनाली हवाई अड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य यात्री अनुभव को बेहतर बनाना है, साथ ही एएआई की विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करने व एक सहज यात्रा वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में यात्रियों को केंद्र में रखकर कई गतिविधियां की जाएंगी।

# उबड़-खाबड़ रास्ते पर पैदल चलकर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंची डीसी

अनंत ज्ञान, निरमंड

आपदा के दौर में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश हर प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर हालातों का जायजा लेने के लिए लगातार प्रयासरत है।

इसी कड़ी में डीसी ने निरमंड उपमंडल में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। यहां पर उबड़ खाबड़ और टूटे रास्तों पर चलकर डीसी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं और लोगों का हालात जाने। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि विभिन्न आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाए। विशेष तौर से बागवानों को राहत प्रदान करने के लिए सड़क मार्गों को खोलने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। डीसी ने सुबह सबसे पहले निरमंड बस अड्डे का निरीक्षण किया। इसके पश्चात डीसी ने निरमंड के साथ लगते हट्टल गांव का दौरा किया और भारी भूस्खलन के कारण भूमि का कटाव और इसके कारण भवन धंसने के मामले पर भी प्रशासन को उचित दिशा-निर्देश दिए। साथ ही भवन मालिकों को प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने हट्टल गांव में दर्जन भर प्रभावितों से बातचीत भी की फिर नोर और राहणू पंचायत में विभिन्न धंसे हुए भवनों का निरीक्षण किया। साथ ही आपदा की दृष्टि से संवेदनशील भवनों को बचाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने पर मंथन किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भवन भूस्खलन की चपेट में आने से बच गए हैं, उनको स्थिर करने के लिए सभी पहलुओं पर गौर करें। डीसी ने राहणु पंचायत के लांज में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जानकारी प्रदान की कि कतमोर और शरशाह इलाके में करीब 6 से 7 हजार सेब की पेटियां फंसी हुई हैं। लोगों ने जल्द सड़क बहाल करने और जिन स्थानों पर सड़क बहाल संभव नहीं है, वहां स्पेन लगाने की भी मांग की। स्थानीय लोगों ने सड़क के कारण घरों में पानी से नुकसान, गैस सिलेंडर की किल्लत, बगीचों के नुकसान पर विस्तार से अपनी बात रखी। गमोग, राहणु, घाटु, शिल्ली पंचायत के लोगों ने आधारभूत सेवाओं की बहाली की मांग की। आपदा के कारण पैदल रास्ते क्षतिग्रस्त होने और स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में पेश आ रही दिक्कतों का मुद्दा भी स्थानीय जनता ने डीसी के समक्ष उठाया। डीसी ने उपरोक्त अति दुर्गम पंचायतों तक का सफर कई स्थानों पर पैदल ही तय किया। सड़क मार्ग न होने के कारण लोगों को पेश आ रही समस्याओं को डीसी ने करीब से देखा। डीसी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागीपुल का दौरा किया और क्षतिग्रस्त हिस्से को तुरंत रिस्टोर करने पर बल दिया। एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने इस दौरे के दौरान डीसी को विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। डीएसपी चंद्रशेखर, तहसीलदार निरमंड रजत शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी इस मौके पर मौजूद रहे।



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश पैदल सफर कर प्रभावित क्षेत्र की ओर जाती हुईं।

## निरमंड बस अड्डे में दरारों का किया निरीक्षण

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने मंगलवार को निरमंड बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस अड्डे की इमारत में आ रही दरारों और धंस रही दीवार पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तुरंत एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखा जा सके। डीसी आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी और निरमंड उपमंडलों में हुए नुकसान का जायजा लेने आई थी। इस दौरान उन्होंने निरमंड बस अड्डे का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि करीब दो करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ यह बहुमंजिला बस अड्डा पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा 20 जुलाई, 2021 को जनता को समर्पित किया गया था, लेकिन महज चार वर्षों में ही यह भवन असुरक्षित होता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार बस अड्डे का वह हिस्सा, जहां बसें खड़ी होती हैं, निर्माण कार्य के दौरान पत्थरों के बजाय मिट्टी से भरा गया था। इसी मिट्टी पर पड़े दबाव के चलते एक दीवार धंस गई है, जबकि भवन के अन्य हिस्सों में दरारें उभर आई हैं। जानकारी यह भी सामने आई है कि जिस जगह जमीन धंस रही है, उसके नीचे पुरानी सीवरेज लाइन मौजूद है, जिससे स्थिति और गंभीर हो रही है।

# 12000 फुट ऊंचे चंद्रखनी जोत को पार कर पैदल मलाणा पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान



**मनाली।** सड़क मार्ग से कट चुके मनाली वासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए बीएमओ नगर ने सीएमओ कुल्लू के मार्ग दर्शन में सराहनीय पहल की है।

बाढ़ के कारण जरी की ओर से सड़क बंद है। मलाणा वासी जरी से कट गए हैं। इस कारण नगर ब्लॉक की स्वास्थ्य टीम ने नगर से चंद्रखनी जोत पारकर मलाणा गांव पहुंचने की ठानी। टीम सुबह साढ़े पांच बजे नगर से रुमसू पहुंची और रुमसू से ट्रैकिंग के रास्ते 12000 फुट ऊंचे चंद्रखनी जोत को पार कर पैदल मलाणा पहुंची। टीम अपने साथ दवाइयां भी ले गई। यह पहली बार हुआ है कि आपदा की इस घड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम चंद्रखनी जोत लांगकर मलाणा पहुंची है। मलाणा के ग्रामीण बरसात के कारण बड़ी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। स्वस्थ व्यक्ति तो पैदल चलकर भुंतर कुल्लू आ रहे हैं, लेकिन बीमार व्यक्ति का अस्पताल तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। बीएमओ नगर डॉ. कर्ण ने बताया कि सीएमओ कुल्लू के मार्ग दर्शन में स्वास्थ्य टीम नगर से चंद्रखनी जोत होते हुए मलाणा भेजी गई है। उन्होंने बताया कि टीम मलाणा गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाएगी। शिविर में डॉ. अंकुर, सीएचओ वीना, एफएच डब्ल्यू अर्चना सहित तीन होम गार्ड के जवान अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि टीम मलाणा में स्वास्थ्य कैंप लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करेगी और दवाइयां भी वितरित करेगी।

# देसी जुगाड़ से पहाड़ों पर लगाए तार स्पेन आपदा में बने सहारा

अनंत ज्ञान, तीर्थन

कुल्लू जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा के कारण अधिकतर सड़कें बंद हैं। इस कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग खाने-पीने के जरूरी सामान को अपने पीठ पर ढोने को मजबूर हैं।

सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लोगों के सेब की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। सेब की पेटियों को सब्जी मंडी तक पहुंचाना काफी महंगा पड़ रहा है, ऐसे में स्थानीय लोगों द्वारा पहाड़ों पर देसी जुगाड़ से लगाए गए तार स्पेन काफी मददगार साबित हो रहे है। इन तार स्पेन के माध्यम से लोग अपने सेब की फसल को सड़क तक पहुंचा रहे हैं और इसके साथ ही अन्य जरुरी सामान का भी परिवहन हो रहा है। उधर, जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी भी हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से जूझ रही है। भारी बारिश और भूसखलन के कारण यहां के दूरदराज क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्य शुरू किया गया है। यहां की क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली का कार्य जारी है। यहां के अधिकतर इलाकों में बिजली, पेयजल व संचार सेवाएं बहाल हो चुकी हैं। इससे हालात कुछ हद तक सामान्य होते दिख रहे हैं। घाटी को जोड़ने वाली बंजार-गुशैणी मुख्य सड़क छोटे वाहनों की बहाली से यहां के लोगों को जरूर कुछ राहत पहुंची है, जबकि तीर्थन घाटी के गुशेनी से बठाहड़ क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क 13 अगस्त से ही यातायात के लिए बंद पड़ी है, जो जल्द ही छोटे वाहनों के लिए खुल सकती है। यह सड़क गुशैणी से थोड़ा आगे कैंची मोड़ पर भारी भूस्खलन के कारण बहुत ज्यादा टूट गई है। इससे घाटी की तीन ग्राम पंचायतों तुंग, मशीयार और शिल्ली का संपर्क यातायात के लिए कट गया है। जानकारी के अनुसार अभी तक यहां की गुशैनी से पेखडी सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ी है। हालांकि, विभाग द्वारा इस सड़क बहाली के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है, जो दो दिन काम करने के बाद मात्र एक किलोमीटर सड़क ही खोल पाई है। इस सड़क पर भारी भूसखलन हुआ है और बड़े-बड़े पत्थर आए है, जिन्हें छोटी मशीन से हटा पाना मुश्किल है। लोगों की मांग है कि इस सड़क मार्ग को खोलने के लिए बड़ी मशीन, टिप्पर और कंप्रेसर तैनात किए जाएं, ताकि कार्य में गति लाई जा सके। इसी के साथ यहां पर देहूरी से कलवारी शनाढ़ सड़क मार्ग को कलवारी तक छोटे वाहनों के लिए बहाल किया जा रहा है। गुशैनी से तिंदर सड़क भी जल्द ही खुलने वाली है, जबकि गुशैनी से शर्ची सड़क और बठाहड़ से मशयार सड़क अभी तक यातायात के लिए बंद पड़ी है, जिनके बहाली के प्रयास किए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग बंजार के अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि तीर्थन घाटी में बंद पड़ी सड़कों को खोलने का कार्य जारी है, इनमें से अधिकतर सड़कें एक-दो दिन में छोटे वाहनों के लिए बहाल हो जाएंगी। इन्होंने बताया कि गुशेनी पेखड़ी सड़क मार्ग को बहाल करने के लिए जल्द ही बड़ी मशीन एलएनटी को भेजा जाएगा।



तार स्पेन के माध्यम से सेब की फसल को आर-पार भेजते हुए।

# जिला कुल्लू भाजपा पीएम के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी : अमित सूद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद पर चुने गए विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को कुल्लू भाजपा धूमधाम से मनाने जा रही है।

यह जानकारी भाजपा जिला कुल्लू के अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में देते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न केवल भारत, बल्कि विश्व के सबसे लोकप्रिय व ताकतवर नेता हैं और पिछले 11 वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत ने विकास व राजनीतिक रूप से नए आयामों को पार किया है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 75 वर्ष के हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कुल्लू उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए जिलेभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रही है और इसे सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर कुल्लू जिले में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहा है और इनमें कम से कम 75 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। इसी के साथ प्रधानमंत्री के स्वच्छता के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

इसमें विभिन्न ऐतिहासिक और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने की मुहिम चलाई जाएगी और स्वच्छता ही सेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, नशा मुक्ति व फिट इंडिया की थीम को लेकर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। अन्य कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के जीवन व संघर्ष के साथ-साथ उनके नेतृत्व में विकास पथ पर अग्रसर भारत की प्रदर्शनियों का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला कुल्लू की समस्त जनता से आग्रह करते हुए कहा कि वे इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी को अपना आशीर्वाद दें, ताकि वे लंबे समय तक भारत देश की सेवा करते रहे।

# केवि सैंज परिवार ने मदद को आगे बढ़ाए हाथ

**अनंत ज्ञान, सैंज।** केंद्रीय विद्यालय सैंज विद्यालय परिवार के एक कर्मठ कर्मचारी धनी राम(माली)का हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से बुरी तरह नुकसान हुआ है। इस आपदा में उनका घर, 5 बीघा जमीन जिसमें खेत और बागीचे थे, पूरी तरह से जमींदोज हो गए। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्या विनीता परशीरा ने बताया कि आपदा के कारण इस मुश्किल समय में उनकी वर्षों की मेहनत और जीवन भर की कमाई पल भर में मलबे में बदल गई। यह क्षति केवल भौतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बहुत गहरी है, ऐसे कठिन समय में विद्यालय परिवार ने अपनी मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। हमारे सभी अध्यापकों ने आगे बढ़कर अपनी क्षमता अनुसार सहयोग राशि प्रदान की। यह राशि विद्यालय की ओर से धनी राम और उनके पिता को सम्मान भेंट की गई। यह केवल धनराशि नहीं, बल्कि उनके दुख को बांटने और हिम्मत देने का एक छोटा-सा प्रयास है। प्राचार्या ने बताया कि यह घटना हमें यह सिखाती है कि जीवन में संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि हम सब एक-दूसरे का हाथ थाम लें, तो हर कठिनाई आसान हो जाती है। विद्यालय परिवार हमेशा अपने सदस्यों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहेगा। हम आशा करते हैं कि इस सहयोग से धनी राम को जीवन की इस कठिन घड़ी में कुछ संबल और आशा मिलेगी तथा वे जल्द ही अपनी स्थिति को संभाल पाएंगे।

# उचित मूल्य की दुकानों में प्राथमिकता पर उपलब्ध करवाया जा रहा राशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



डीसी तोरुल एस रवीश ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकानों में सस्ता राशन पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग ने मलाणा स्थित उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को अब तक 12.50 क्विंटल चावल, 15 क्विंटल आटा, डेढ़ क्विंटल चीनी तथा 440 लीटर खाद्य तेल वितरित किया है।

उन्होंने बताया कि 251 उचित मूल्य की दुकानों में राशनकार्ड धारकों के वितरण के लिए आवश्यक खाद्यान्न उपलब्ध करवा दिया गया है। उचित मूल्यों की दुकानों तक राशन पहुंच सके इसके लिए समस्त विकास खंड अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-2 कार्यक्षेत्र में पैदल चलने योग्य व खच्चर मार्गों को अविलंब मरम्मत करवाकर बहाल करवाएं, ताकि ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का राशन प्राथमिकता पर भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि अधिकतर उचित मूल्य की दुकानों तक खच्चर ढुलाई की दरें भी अनुमोदित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में राशन की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं और वे स्वंय भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर राशन की आपूर्ति व उपलब्धता पर नजर रखें हैं। उन्होंने कहा कि जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता व तत्परता से संज्ञान लिया जा रहा है।

# हर मतदाता का विवरण सही करें सुनिश्चित : कल्याणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कल्याणी गुप्ता की अध्यक्षता में बूथ लेवल अधिकारियों तथा सुपरवाइजर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्य को सुचारु, पारदर्शी व समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना रहा। बैठक में उपस्थित बीएलओ व सुपरवाइजर्स को निर्वाचन कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। विशेष रूप से मतदान केंद्रवार मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों को बताया गया कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची को आधार बनाकर वर्तमान वर्ष 2025 की मतदाता सूची के साथ निर्वाचकों की मैपिंग की जाएगी। इससे प्रत्येक मतदान केंद्र का रिकॉर्ड अद्यतन व सटीक रूप से संधारित हो सके। बैठक के दौरान व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इसमें बीएलओ से अभ्यास करवाकर उन्हें प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। यह प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता व शुद्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी माना गया। इस अवसर पर तहसीलदार व इलेक्शन कानूनगो भी उपस्थित रहे और उन्होंने बीएलओ की जिज्ञासाओं का उत्तर दिया। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से 21-लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ को दिया गया। साथ ही स्पीति क्षेत्र के बीएलओ को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर प्रशिक्षण सुनिश्चित किया गया, ताकि भौगोलिक दूरी के बावजूद वे इस प्रक्रिया से लाभान्वित हो सकें। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी कल्याणी गुप्ता ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर्स से आग्रह किया कि वे पूर्ण गंभीरता व निष्ठा के साथ इस कार्य को करते हुए प्रत्येक मतदाता का विवरण सही-सही सुनिश्चित करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।



बूथ लेवल अधिकारियों तथा सुपरवाइजर्स की बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

# सूरज का आनी कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, आनी।** आठवीं एनसीसी बटालियन रामपुर के अंतर्गत आनी महाविद्यालय की यूनिट में थल सैनिक कैंप (राजधानी दिल्ली) से लौटने पर कॉरपोरल सूरज कुमार का जोरदार स्वागत किया गया। सूरज ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। यह राष्ट्रीय स्तर का कैंप है, जिसमें बटालियन रामपुर से केवल दो ही कैडेट्स दिल्ली तक पहुंच सके, ऐसे में छोटे और सीमित संख्या वाले आनी महाविद्यालय के लिए यह उपलब्धि गौरव का विषय बन गई है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक भारद्वाज ने कहा कि सूरज ने अथक मेहनत कर यह सफलता पाई है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह भविष्य में सेना में बड़ा अधिकारी बनेगा। वहीं, आनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कुंवर ने सूरज को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।


**प्रतिबंध** कुल्लू जिले में 30 सितंबर तक साहसिक गतिविधियों पर रहेगा प्रतिबंध

# साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाने को अभी करना होगा इंतजार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू जिले में अभी पर्यटकों को साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा। जिले में भारी बारिश व बरसात के चलते फिलहाल अभी 30 सितंबर तक सभी साहसिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, हर साल 15 जुलाई से 15 सितंबर तक दो माह तक जिले में सभी साहसिक गतिविधियां बंद रहती थी और इसी कड़ी में इस बार भी इन दो माह तक इन गतिविधियों पर रोक थी, लेकिन इस बार यह प्रतिबंध 30 सितंबर तक रहेगा।

जिला प्रशासन ने यह निर्णय सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर लगाया है। सनद रहे कि साहसिक गतिविधियां शुरू करने से पहले पर्यटन विभाग की टीम ने रिवर राफ्टिंग साइटों रायसन में रायसन से बंदरोल और पिरडी के मध्य ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग के स्ट्रैच का निरीक्षण किया। बता दें कि घाटी में बीते दिनों ब्यास नदी में आई बाढ़ के कारण भारी नुकसान हुआ है, ऐसे में बाढ़ से मनाली से कुल्लू के मध्य कई जगहों पर रिवर राफ्टिंग के स्ट्रैच और पैराग्लाइडिंग भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसको लेकर पर्यटन विभाग की टीम के द्वारा मनाली से कुल्लू के मध्य रिवर राफ्टिंग के स्ट्रैच का निरीक्षण किया गया। जिला पर्यटन अधिकारी रोहित शर्मा ने बताया कि बरसात में डोभी पैराग्लाइडिंग साइट में लैंडिंग साइट पर सरफेस उखड़ा हुआ है और रिवर राफ्टिंग स्टार्टिंग और फिनिशिंग साइट पर भी बाढ़ के मद्देनजर असुरक्षित है। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिंग साइट पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अभी सही नहीं है। इसी के साथ-साथ जिप लाइन और रिवर क्रॉसिंग पर भी रोक लगा दी है। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से जिलेभर में साहसिक गतिविधियों पर फिलहाल 30 सितंबर तक रोक लगा दी है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कुल्लू ने रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग ऑपरेटर्स सहित अन्य साहसिक गतिविधियां चलाने वालों से इन आदेशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने और अब 30 सितंबर तक फिलहाल इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के निर्देश दिए हैं।



विभाग की टीम स्ट्रेच का जायजा लेते हुए, जिप लाइन व रिवर क्रॉसिंग पर भी रोक।

## 15 जुलाई से 15 सितंबर तक बंद रहती हैं गतिविधियां

**बरसात** के मौसम के मद्देनजर कुल्लू जिले में रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग सहित अन्य सभी साहसिक गतिविधियों पर हर साल 15 जुलाई से 15 सितंबर तक पूर्ण प्रतिबंध रहता है। इस मौसम में ब्यास नदी का जलस्तर काफी बढ़ जाता है और इसमें रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग सहित अन्य विभिन्न साहसिक गतिविधियां खतरे से खाली नहीं होती हैं। बरसात में कुल्लू घाटी में पैराग्लाइडिंग और अन्य सभी साहसिक गतिविधियां भी काफी खतरनाक हो सकती हैं इसलिए हर वर्ष कुल्लू जिले में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक इन साहसिक गतिविधियों पर पूर्णतयः रोक लगा दी जाती है, लेकिन इस बार जिले में आपदा के चलते और सुरक्षा की दृष्टि से 15 की बजाए 30 सितंबर तक यह प्रतिबंध जारी रहेगी।

# शौरी ने आपदा प्रभावितों से मुलाकात कर साझा किया दर्द

अनंत ज्ञान, बंजार

बारिश के दौर से कुछ राहत मिलते ही बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी घर-घर जाकर आपदा प्रभावितों का हाल जान रहे हैं और उनका दर्द बांट रहे हैं। उन्होंने पलदी घाटी की थाटीबीड़ और गोपालपुर पंचायतों का दौरा कर आपदा में पूरी तरह नष्ट हुए 24 परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की।

विधायक ने कहा कि इस वर्ष अभूतपूर्व बारिश हुई है, जिससे खेतों और खलिहानों में कई स्थानों पर भूमिगत जल स्रोत फूट पड़े हैं। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों की सुस्त गति पर नाराजगी जताई और कहा कि हफ्तों बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से अभी तक घाटी में पर्याप्त राहत सामग्री नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि घाटी में सेब की फसल तैयार हो रही है, लेकिन सड़क व्यवस्था बदहाल होने से किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक शौरी ने पलदी घाटी के घमीर, थाटीबीड़, पटौला और बड़ागांव का दौरा कर आपदा प्रभावितों का दुख साझा किया तथा उन्हें आवश्यक राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे प्रशासनिक स्तर पर भी प्रभावित परिवारों के पुनर्वास व राहत कार्यों के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान दीवान वर्मा, उपप्रधान प्रेम सिंह, पूर्व प्रधान हेमराज, राजकुमार व दूनी चंद आदि मौजूद रहे।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी पलदी घाटी की थाटीबीड़ और गोपालपुर पंचायतों में आपदा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुए।

## ग्रामीण सड़कें बंद, बागवान गंभीर आर्थिक संकट में

अनंत ज्ञान, बंजार

बंजार विधानसभा क्षेत्र में यातायात व परिवहन सुविधाओं की बदहाली को लेकर विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। वर्तमान में क्षेत्र में मालवाहक बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों से बागवानी फसलों को मंडियों तक पहुंचाना बेहद कठिन हो गया है। विधायक शौरी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से मकानों और जमीनों का नुकसान झेल चुके ग्रामीण अब आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बागवानी पर आधारित आजीविका प्रभावित हो रही है और किसानों-बागवानों की मेहनत बेकार जाती दिख रही है। क्षेत्र की अधिकांश ग्रामीण सड़कें बंद हैं, जहां से सेब और अन्य फसलों को मंडियों तक पहुंचाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, ग्रामीण बागवान इन संकटपूर्ण परिस्थितियों से व्याकुल हैं, जबकि सरकार उदासीन बनी हुई है और प्रभावितों की मदद के बजाय उनका तमाशा देख रही है। न तो राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाई जा रही है और न ही बागवानों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर है और तत्काल समाधान की आवश्यकता है। विधायक शौरी ने सरकार से बंजार क्षेत्र की सड़कें जल्द बहाल करने, बागवानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और राहत कार्यों में गति लाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के किसानों-बागवानों को इस संकट से उबारा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### गाड़ी में अवैध शराब बेच रही थी महिला, पुलिस ने दबोचा

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना बद्दी के तहत एक महिला द्वारा गाड़ी में अवैध शराब बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए शराब को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस थाना बद्दी के तहत स्वराज माजरा क्षेत्र में गश्त के दौरान एक महिला मनजीत कौर पत्नी राम सिंह, निवासी वार्ड नंबर 3 सुराजमाजरा एक टोयोटा गाड़ी में मंदिर के पास अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करते हुए पाई गई। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गाड़ी की तलाशी ली, तो तलाशी के दौरान डिग्गी से शराब बरामद हुए। इस पर पुलिस ने मंजीत कौर के खिलाफ पुलिस थाना बद्दी में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)ए के तहत मामला दर्ज कर जांच व आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नकदी के साथ जुआ खेलते दबोचे 3 प्रवासी

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी पुलिस की टीम ने हेट्रो कंपनी के समीप चक्का रोड पर कुछ व्यक्तियों को ताश के पत्तों पर दाव लगाकर जुआ खेलते दबोचा। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश निवासी तीन व्यक्तियों बंटी, ओमपाल व धर्मेंद्र को रंगे हाथों जुआ खेलते हुए काबू किया। आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 3500 रुपए की नकदी बरामद की गई, जो जुआ खेलने में प्रयोग की जा रही थी। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना बद्दी में जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है व आगामी कार्रवाई जारी है।

### प्राकृतिक आपदा पर हुई विस्तृत रूप से चर्चा

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** घृत बाहती चाहंग महासभा जिला सिरमौर की विशेष बैठक का आयोजन शिव मंदिर नारीवाला में अध्यक्ष नंदलाल परवाल की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में विधायक सुखराम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बांगरन में आई प्राकृतिक आपदा पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बिरादरी के साधन संपन्न लोग इस आपदा में आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे और जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और जिनकी गोशालएं टूटी हैं, उन्हें बिरादरी आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने मौके पर ही धन एकत्रित किया व आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सूची तैयार की। बैठक में सुखराम चौधरी ने आग्रह किया कि जो किन्हीं कारणों से बैठक में शामिल नहीं हो सके, वह भी आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आएं। बैठक में महासभा के महासचिव राकेश मेहरालू, सुभाष चौधरी, चरणजीत सिंह, पवन चौधरी, नरेंद्र चौधरी प्रधान, सुरेखा चौधरी, त्रिशला चौधरी, रीना देवी, देवेंद्र चौधरी, शशि पाल, सुरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्रभावित परिवारों को दी एक लाख की सहायता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** शिरगुल जनसेवा समिति राजगढ़ पिछले आठ माह से लगातार जरूरतमंद परिवारों व आपदा पीड़ितों के लिए उम्मीद की किरण बनी हुई है। समिति अब तक मंडी आपदा पीड़ितों को 1 लाख की सहायता राशि प्रदान कर चुकी है और राजगढ़-नोहराधार क्षेत्र के अनेक गरीब, बीमार व बेसहारा परिवारों को भी सहारा दिया है। इसी सेवा भावना के तहत समिति ने पझौता क्षेत्र के पेन कुफ्फर गांव के भूस्खलन प्रभावित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान की। बीते सप्ताह भारी बारिश से हुए भूस्खलन में जितेंद्र ठाकुर का मकान पूरी तरह ढह गया। इससे उनका परिवार बेघर हो गया। इस कठिन परिस्थिति में समिति ने आगे आकर परिवार को 21 हजार की आर्थिक मदद दी। समिति के संस्थापक देवा रविंद्र कंवर ने कहा कि समिति का उद्देश्य नर सेवा ही नारायण सेवा है। पिछले आठ महीनों में अनेक परिवारों तक राहत पहुंचाई है और यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। पीड़ित जितेंद्र ठाकुर ने समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में समिति का सहयोग मेरे परिवार के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। समिति के सह-सचिव दीक्षांत ने बताया कि समिति का उद्देश्य निजी स्वार्थ नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंदों की सेवा करना है।

### 87 पीड़ितों को 77.20 लाख की राहत राशि वितरित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला स्तरीय सतर्कता व प्रबोधन समिति की बैठक आयोजित हुई। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत सिरमौर जिला में वर्ष 2022 से 2025 तक कुल 71 मामलों में 87 पीड़ित व्यक्तियों को 77 लाख 20 हजार रुपए की राहत राशी प्रदान की गई। यह जानकारी डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता व प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। डीसी ने कहा कि राहत राशि पीड़ित व्यक्ति को नियमानुसार जल्द प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोगों के साथ किसी भी प्रकार के अत्याचार के मामलों को गंभीरतापूर्वक लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अधिनियम के अनुरूप वर्ष 2025 में अब तक 15 पीड़ित मामलों के पक्ष में 9 लाख रुपए की राहत राशि जारी की गई है। उन्होंने पुलिस को विभिन्न थानों में पंजीकृत होने वाले अत्याचार के मामलों की मासिक रिपोर्ट के साथ एफआईआर तथा मेडिकल की रिपोर्ट भी जिला कल्याण अधिकारी को सौंपने को कहा। इसके उपरांत डीसी ने अल्पसंख्यकों के लिए प्रधानमंत्री नया-15 सूत्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला सिरमौर की कुल जनसंख्या 5 लाख 29 हजार 855 है। इसमें अल्पसंख्यक वर्ग की कुल जनसंख्या 53 हजार 25 है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 10.01 प्रतिशत है।

### एक प्रयास संस्था ने स्कूल को भेंट किए पंखे



**अनंत ज्ञान, बद्दी।** औद्योगिक नगर बीबीएन की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था ने अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला झाड़माजरी में पंखे भेंट किए। संस्था के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि गत दिनों स्कूल के 200 छात्रों को स्टेशनरी किट्स भेंट की थी, तभी स्कूल केंद्राध्यक्ष नीलम कुमारी ने पंखे देने का आग्रह संस्था से किया था। इसके चलते स्कूल को यह पंखे भेंट किए गए। नवीन शर्मा ने कहा कि स्कूल को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। केंद्राध्यक्ष नीलम कुमारी ने बताया कि स्कूल में करीब एक हजार से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और बच्चों को सहयोग से बेहतर शिक्षा का माहौल और सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। एक प्रयास संस्था का सहयोग समय-समय पर मिलता है। उन्होंने संस्था का सहयोग के लिए आभार जताया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर नवीन शर्मा, बलबीर सिंह, बीडीसी मेंबर पुष्पिंदर कौर, नीलम कुमारी, यादवेंद्र बंटी, तरसेम लाल व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### छठी से 12वीं तक पढ़ाने के आदेश पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ ने शिक्षा विभाग के उन निर्देशों का कड़ा विरोध किया है, जिनमें प्रवक्ताओं को छठी से 12वीं तक की कक्षाओं को पढ़ाने के आदेश दिए गए हैं। संघ का कहना है कि कुछ विद्यालय प्रमुख इन आदेशों को अनिवार्य बनाकर लागू कर रहे हैं। इससे शैक्षणिक माहौल पर विपरीत असर पड़ रहा है और शिक्षकों के कार्य विभाजन की शिक्षा संहिता के नियमों की अनदेखी हो रही है। विद्यालय प्रवक्ता संघ के राज्य चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, जिला अध्यक्ष डॉ. आईडी राही व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रवक्ता वर्ग हमेशा से आवश्यकता अनुसार सभी कक्षाओं को पढ़ाने का कार्य करता रहा है, लेकिन इसे अनिवार्य बनाने का अर्थ होगा टीजीटी और सीएंडवी शिक्षकों के पदों को समाप्त करना। संघ ने मांग की कि ऐसे तुगलकी आदेश लागू करने वाले विद्यालय प्रमुखों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा विभाग यह स्पष्ट नहीं करता कि कौन सा विषय कौन पढ़ाएगा, तब तक ऐसे आदेश व्यवहारिक नहीं हैं।

### मिलिट्री स्कूल ने मनाया 100वां स्थापना दिवस

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल ने अपना 100वां स्थापना दिवस मनाया। स्कूल के शहीद स्मारकों पर पुष्प अर्पित कर वीरगति को प्राप्त पूर्व छात्रों को श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। स्कूल कैडेट्स ने देशभक्ति गीत, भाषण और स्वरचित कविता सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में विद्यालय के 100 वर्षों के इतिहास का स्मरण किया गया। प्रधानाचार्य वीके गंगवाल जैन ने अपने संबोधन में कहा कि यह शताब्दी उपलब्धि विद्यालय की समृद्ध परंपरा, अनुशासन, कर्मनिष्ठा और छात्रों का देश के प्रति अटूट सेवाभाव को दर्शाती है। स्वर्णिम सदी प्रत्येक छात्र, शिक्षक, पूर्व छात्र और कर्मचारी के कठिन परिश्रम व अनुशासन का परिणाम है। यह दिवस हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी मेजर कपिल सालीमठ, चिकित्सा अधिकारी मेजर अशोक गोयत, सूबेदार मेजर राजीव कुमार, शिक्षा प्रभारी अरुण कुमार धारवाल, सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अर्की में राज्यस्तरीय सायर मेला शुरू, सजी सुरों की महफिल

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** तीन दिवसीय राज्यस्तरीय अर्की के सायर मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या संगीत और सुरों की महफिल से सराबोर रही। हिमाचल के पहाड़ी गायक हनी नेगी ने अपनी गायकी से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक झूमते रहे।

मंच पर आते ही अभिजया बैंड ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। इस मौके पर अर्की विधायक संजय अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत हनी नेगी ने की। कलाकार हनी नेगी ने जब हिमाचली गीत मेरी बेगमा, अपना गांव, ठकरानिये, प्यारी संजना, हो सरला, रुक्मणि, और लाडी कामलो सुनाकर उन्होंने दर्शकों को मस्ती में डुबो कर थिरकने पर मजबूर कर दिया। लोग अपनी जगह से उठकर नाचने लगे और देर तक तालियां बजाते रहे। इसके बाद जब अभिजया बैंड ने मंच संभाला।



तीन दिवसीय राज्यस्तरीय सायर मेले में स्थानीय कलाकारों ने नृत्य पेश कर बांधा समां।

उन्होंने हिंदी गीत जरा जरा से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की। उनकी मधुर आवाज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक सुपरहिट गीत प्रस्तुत किए- ए दिल है मुश्किल, बगड़ बम बम, हवाएं जैसे गीतों पर दर्शक झूम उठे। बैंड के मुख्य गायक अंशुल ने जब पहाड़ी गीत धुडू नचाया व लाल चिड़िया गाया तो युवा दर्शक सीटियां बजाने लगे और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पूरी सांस्कृतिक संध्या में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक कलाकारों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। जहां युवा दर्शक सीटियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार करते नजर आए। वहीं, बुजुर्ग भी तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि सायर मेले की यह सांस्कृतिक संध्या लंबे समय तक याद रहेगी। कलाकारों ने अपनी गायकी से ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शक हर पल झूमते रहे और मंच से उठने को तैयार ही नहीं थे। वहीं, स्कूली बच्चों और विभिन्न सांस्कृतिक समूहों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें सरस्वती विद्या मंदिर अर्की द्वारा पंजाबी नृत्य, जीपीएस जलाणा के बच्चों का बम-बम भोले नृत्य ताल पे ताल मिला व एकल गायन प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इसके साथ ही मदर प्राइड किड्स गार्डन स्कूल अर्की के बच्चों ने पहाड़ी नृत्य, ब्लू स्टार स्कूल के छात्रों ने पंजाबी डांस नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की तथा लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मन्जयाट द्वारा भारती की विविध संस्कृतिक व जी डांस टिनी टॉट्स पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्कूल के छात्रों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतिक को नृत्यों के द्वारा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात पीएम श्री जीसीपी स्कूल द्वारा लोकनृत्य व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा तबला वादन प्रतुत किया गया। लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मन्जयाट द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही हिमाचल होमगार्ड के बैंड का प्रदर्शन भी विशेष आकर्षण रहा।

## सायरोत्सव जन-जन की आस्था का प्रतीक : अवस्थी



झोटा पूजन के साथ तीन दिवसीय सायरोत्सव का शुभारंभ करते विधायक संजय अवस्थी।

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने अर्की के ऐतिहासिक एवं प्राचीन मां काली मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना व समृद्धि के प्रतीक झोटा पूजन के साथ तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सायरोत्सव अर्की का शुभारंभ किया।

संजय अवस्थी ने प्राचीन मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुखद व खुशहाल जीवन की कामना की। विधायक ने तदोपरांत सभी को सायर उत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सायरोत्सव अर्की सहित प्रदेश के जन-जन की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह उत्सव हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। संजय अवस्थी ने कहा कि मेले न केवल हमारी संस्कृति, परंपरा और लोक जीवन के द्योतक हैं। हमारे मेले, उत्सव एवं त्योहार समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण कड़ी भी हैं। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में हिमाचल प्राकृतिक आपदा से पुनः ग्रस्त है। प्रदेश सरकार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए आपदा से निपटने के लिए यथा संभव प्रयास कर रही है, ताकि प्रभावित क्षेत्रों व लोगों को जल्द राहत प्रदान की जा सके। प्रदेश सरकार सीमित संसाधानों से राहत व पुनर्वास कार्य कर रही है।

## विधायक सोलंकी ने बनोग-धारक्यारी सड़क का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हाल ही में हुई भारी बारिश व भूस्खलन से सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहनों के लिए इस सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है।

विधायक ने कहा कि सड़क की मौजूदा हालत सुधारना उनकी प्राथमिकता है, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। विधायक सोलंकी ने बताया कि इस सड़क के लिए 12 करोड़ रुपए का बजट पहले ही मंजूर हो चुका है और भविष्य में इसे नेशनल हाईवे 907ए से जोड़ा जाएगा। इससे नाहन शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को सुविधाजनक मार्ग मिलेगा। इस अवसर पर नाहन पंचायत के पूर्व प्रधान बाबूराम, पूर्व वार्ड सदस्य जितेंद्र, राकेश, भजन सैनी, तेज बहादुर और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने विधायक के त्वरित हस्तक्षेप का स्वागत किया और सड़क को प्राथमिकता देने के लिए धन्यवाद किया।

## मुकेश शर्मा ने दूसरी बार संभाला जोगिंद्रा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन का पदभार



जोगिंद्रा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन बनने पर मुकेश शर्मा का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जोगिंद्रा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन पद पर दूसरी बार नियुक्ति के बाद मुकेश शर्मा ने मंगलवार को विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व व सहयोग से सहकारिता क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करना संभव हो पाया है। नवनियुक्त चेयरमैन शर्मा ने बैंक के भविष्य को और सुदृढ़ बनाने के लिए एक नया विकास रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, ग्राहक सेवाओं के विस्तार व किसानों व आमजन को और अधिक सहूलियत उपलब्ध कराने की दिशा में बैंक निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैंक को प्रदेश की सहकारी बैंकों की श्रेणी में एक मॉडल संस्था के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुकेश शर्मा का भव्य स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## बिजली पोल से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के टाली भुज्जल पंचायत में एक दुखद घटना हुई, जब पुजेरली गांव के सुरजीत (26 वर्ष) की बिजली पोल से गिरने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। सुरजीत कोटी पधोग आटीआई में इलेक्ट्रीशियन ट्रेड का छात्र था और पिछले कई वर्षों से बिजली विभाग के कार्य में संलग्न था। मिली जानकारी के अनुसार, जब बिजली विभाग के अधिकारी किसी लाइन खराबी के सिलसिले में सुरजीत को बुलाते थे, तो वह मदद के लिए तुरंत पहुंच जाता था। बीते दिन भी इसी प्रकार लाइन ठीक करने के लिए सुरजीत पोल पर चढ़ा। इसी दौरान पोल पर करंट लगने से वह नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना स्थल पर बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त रहा। परिजनों ने बताया कि सुरजीत विभाग को वर्षों से सेवा दे रहा था, लेकिन अंतिम समय में विभाग की ओर से कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। उन्होंने शीला बाग पुलिस चौकी को सूचना दी, लेकिन संतोषजनक कार्रवाई न मिलने पर वे राजगढ़ पुलिस थाना पहुंचे।

## पोस्टर व डॉक्यूमेंट्री मेकिंग प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर वैश्विक जलवायु परिवर्तन , ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत के क्षरण के कारणों व संरक्षण के उपाय इस विषय पर इको क्लब, भूगोल तथा बॉटनी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग कंपटीशन, डाक्यूमेंट्री मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इनके अतिरिक्त कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण समूहगान, कविता और लघु नाटिका रहे । इन गतिविधियों द्वारा छात्रों ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण और प्रभाव , वैश्विक जलवायु परिवर्तन के लिए वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉक्टर मनीषा कोहली ने छात्रों को इस प्रकार के जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और समाज में इनसे संबंधित जानकारी का प्रसार करने के लिए प्रोत्साहित किया । इन प्रतियोगिताओं में डॉक्टर चमन शर्मा ,डाक्टर अनिल ठाकुर और प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया ।इको क्लब की संयोजक प्रोफेसर निवेदिता पाठक ,डॉक्टर एन आर कश्यप ,डॉक्टर प्रेम प्रकाश नेगी ,डॉ आरती नेगी और डॉक्टर तन्वी कपूर के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम का प्रबंधन और संचालन सुचारू रूप से किया गया । डॉक्युमेंट्री मेकिंग कंपटीशन में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता शर्मा , द्वितीय वर्ष की छात्रा निहारिका वर्मा और प्रथम वर्ष के छात्र कृष्ण बख्शी की टीम ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भव्य कुमार नीतीश और रोहन कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर मनीषा कोहली ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## स्वतंत्र प्रेस के लिए मीडिया की अभिव्यक्ति को अलग से परिभाषित करे सरकार : सुरेश

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक विजयवाड़ा आंध्र प्रदेश में संपन्न हुई। इसमें हिमाचल की टीम ने विशेष रूप से भाग लिया।

जानकारी देते हुए हिमाचल इकाई का प्रतिनिधित्व कर रहे योगराज भाटिया व बलबीर ठाकुर ने बताया कि बैठक में एनयूजेआई अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि प्रेस की स्वतंत्रता कथन को सार्थक बनाने के लिए अभिव्यक्ति की आजादी वाले कानून में मीडिया की अभिव्यक्ति को अलग से परिभाषित करना चाहिए। अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार स्वयं के लिए है, जबकि मीडिया दूसरों की अभिव्यक्ति को प्रमुखता देता है। केंद्र सरकार के कई विभागों के साथ राज्यों ने अपने सचिवालय में पत्रकारों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। यह स्वतंत्र प्रेस की परिभाषा के खिलाफ है। पंडित नेहरू से लगाकर अटल जी तक प्रेस की स्वतंत्रता के पुरजोर समर्थक रहे हैं। एनयूजे आई महासिचव त्रियुग नारायण तिवारी ने बैठक में कहा कि एक बार फिर से पत्रकारों को असली पत्रकारिता करना चाहिए। आज के लोकतंत्र को इसी प्रकार की पत्रकारिता की जरूरत है। हिमाचल इकाई के योगराज भाटिया व बलबीर ठाकुर ने बताया कि बैठक में कई प्रस्तावों को स्वीकार किया गया है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर छात्रों को मिला मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल तथा निंबस अकादमी चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्रों के लिए दो दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. चमन शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में निंबस अकादमी चंडीगढ़ के निदेशक राजीव कुमार ने छात्रों को आईएएस, एचएएस, तहसीलदार तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की चरणबद्ध एवं सुनियोजित तैयारी के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं उपयुक्त सिद्ध होगी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को इससे मार्गदर्शन व प्रेरणा प्राप्त होगी।

## हिमाचली सुरों से सजी हिमाचल उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, सोलन**



हिमाचल उत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पूरी तरह सुरों और नृत्य रंगों से सराबोर रही। हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल व रंजन रघुवंशी ने हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी गीतों का ऐसा संगम पेश किया कि दर्शक झूम उठे।

उनकी शानदार प्रस्तुति ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। इसके बाद सिरमौर के गायक और हिमाचल आइडल दीपक चौहान मंच पर आए। उन्होंने बॉलीवुड गीत से शुरुआत कर एक के बाद एक नाटियों की प्रस्तुति से युवाओं का खूब मनोरंजन किया। उभरते हुए इस स्टार की प्रतिभा को दर्शकों ने जमकर सराहा। पहाड़ी गायक रामेश्वर शर्मा के गीतों ने भी माहौल को और रंगीन बना दिया। मैदान में मौजूद युवा समूह गीतों की धुन पर जगह-जगह थिरकते नजर आए। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी डॉक्टर संजय अग्रवाल अपनी पत्नी सविता अग्रवाल के साथ मौजूद रहे। डायनामिक इंडिया युवा मंडल द्वारा आयोजित 21वां हिमाचल उत्सव का आगाज ऐतिहासिक ठोडो मैदान में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। इस मौके पर युवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पंकज सूद, संस्थापक उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा और संस्थापक महासचिव कीर्ति कौशल ने पूजा-अर्चना की अगुवाई की। वहीं, युवा मंडल के सदस्य अंकुश सूद, मनोज ठाकुर, रितु दमन सिंह, डॉक्टर कुशल तिवारी, कुलदीप, विजय, भानू, विशाल सूद, अजय भाटिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## नवयुवक मंडल ने मनाया हिंदी दिवस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बडगला में नवयुवक मंडल बड़गला व रंकूल प्रबंधन बड़गला के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नारा लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नारा लेखन प्रतियोगिता में दिव्या धीमान ने प्रथम, सृष्टि शर्मा ने द्वितीय तथा कृतिका ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंबिका ठाकुर प्रथम, ईशान ठाकुर द्वितीय तथा कृतिका तृतीय स्थान पर रहीं। नवयुवक मंडल व बच्चों ने विद्यालय तथा गांव परिसर में नारे लिखकर लोगों को राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर नवयुवक मंडल के दीपेश ठाकुर, पाठशाला प्रभारी प्रदीप कुमार, प्रताप सिंह, सुरेश, चंद्रकला, अरुणा, कविता, रितु, हंसराज आदि मौजूद रहे।

**जायजा** नाहन के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का डॉ. राजीव बिंदल ने किया दौरा

# पीड़ितों को जल्द मिले राहत व मुआवजा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मंगलवार को नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बनकला, सतीवाला, फतेहपुर और हरिपुर खोल पंचायतों का दौरा कर भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया।



डॉ. राजीव बिंदल पंचायतों का दौरा कर भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेते हुए।

उन्होंने आपदा से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेशभर में आई आपदा से हुए जान-माल के भारी नुकसान से मन अत्यंत व्यथित है। उन्होंने कहा कि लोगों की वर्षों की मेहनत और पसीने की कमाई पल भर में तबाह हो गई है और प्रभावित परिवारों को फिर से खड़ा होने में काफी समय लग सकता है, ऐसे में सरकार को तुरंत राहत व उचित मुआवजा सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नाहन क्षेत्र में हुई भीषण वर्षा के कारण कई घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जबकि सैकड़ों बीघा खेती की भूमि बह गई है। मारकंडे नदी, जलाल नदी और उनकी सहायक नदियों व नालों से भूमि कटाव ने स्थिति को और अधिक भयावह बना दिया है। डॉ. बिंदल ने प्रदेश सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि जिन मकानों में अब रहना संभव नहीं है, उन्हें पूर्ण रूप से ध्वस्त की श्रेणी में डाला जाए और तदनुसार राहत दी जाए। उन्होंने आंशिक नुकसान वालों को भी शीघ्र मुआवजा देने और खेतों व जमीनों का तुरंत आकलन करने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए दिल खोलकर मदद की है। पहले जहां 5300 करोड़ रुपए की सहायता दी गई थी, वहीं हाल ही में 1500 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा भाजपा शासित राज्यों ने भी हिमाचल आपदा राहत कोष में 5-5 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। डॉ. बिंदल ने प्रदेश सरकार से मांग की कि केंद्र सरकार की ओर से भेजी गई समस्त राशि सीधे प्रभावित परिवारों को राहत और मुआवजा देने के लिए ही खर्च की जाए। उन्होंने कहा कि यह सहायता भूमि कटाव को रोकने, मकानों, जमीन, फसलों और बाग-बगिचों के नुकसान की भरपाई में उपयोग होनी चाहिए।

## रोजगार संभावनाएं व व्यक्तित्व विकास की जानकारी दी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज के करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार की संभावनाएं व व्यक्तित्व विकास विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। करियर काउंसलिंग सेल व प्लेसमेंट सेल की सदस्य डॉ. बविता शर्मा ने स्त्रोत व्यक्तियों के परिचय के साथ कार्यशाला का उद्घाटन किया। पहले व दूसरे सत्र में डॉ. अरुण कांत पैनोली, प्रोफेसर व डीन, बद्दी विश्वविद्यालय ने रोजगार के विभिन्न अवसरों, सकारात्मक सोच पर विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनसे कई प्रश्न पूछे। दूसरे सत्र में उन्होंने व्यक्तित्व विकास पर विचार रखे। उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व के प्रमुख दो भाग होते हैं आंतरिक और बाह्य। कार्यशाला में नशा मुक्ति क्लब ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। डॉ. अंशु कौशल संयोजक करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल ने समापन सत्र में सफल कार्यशाला की रिपोर्ट के साथ विद्यार्थियों को इसमें मिले ज्ञान का लाभ उठाने का आह्वान किया।

## उचित मूल्य की दुकानों व एलपीजी आपूर्ति की जांच के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्यानों की गुणवत्ता व भंडार तथा एलपीजी के सिलेंडरों के भार की समय-समय पर जांच करना सुनिश्चित करें। मनमोहन शर्मा सार्वजनिक वितरण प्रणाली व जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले में 347 उचित मूल्य की दुकानें हैं।

इसमें से 206 सहकारी सभाएं, 131 व्यक्तिगत, 3 महिला मंडल तथा 7 ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सोलन में उचित मूल्य दुकानों द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मई से अगस्त तक लगभग 9694 क्विंटल चीनी, लगभग 42362 क्विंटल चावल, लगभग 70315 आटा, लगभग 7520 क्विंटल दालें (उड़द, दाल चना, मलका), लगभग 1556 क्विंटल आयोडाईजड नमक तथा 491132 लीटर खाद्य तेल वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में 20 एलपीजी गैस एजेंसियों कार्यरत हैं। इन एजेंसियों के माध्यम से 2,05,510 गैस उपभोक्ता को एलपीजी वितरित की जा रही हैं। डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उचित मूल्य की दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहें, ताकि उचित मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता की खाद्य सामग्री बिल के साथ उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर सिलेंडरों के भार का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने त्योहारों के सीजन में खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के साथ-साथ गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को मिड-डे-मील के राशन का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से उचित मूल्य की दुकानें खोलने के बारे में प्राप्त आवेदनों के अनुसार दुकानें खोलने पर विचार-विमर्श किया गया। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले श्रवण कुमार हिमालयन ने विभागीय कार्य प्रणाली व आवश्यक मदों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसीएम ने मनाया विश्व ओजोन दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ओजोन परत के संरक्षण के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन के वनस्पति विज्ञान विभाग ने, इको-क्लब 'परिवेश' के सहयोग से और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में, इंटर कॉलेज पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा प्रायोजित थी। प्रतियोगिता का उद्देश्य ओज़ोन को नष्ट करने वाले पदार्थों (ओडीएस) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के महत्व पर वैश्विक ध्यान केंद्रित करना और छात्रों को सृजनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से स्थिरता एवं जलवायु पहलों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में ट्राइसिटी के विभिन्न कॉलेजों पीजीजीसी-46, पीजीजीसी-11, जीजीडीएसडी-32, जीसीसीबीए-50, डीएवी-10 और एमसीएम डीएवी-36 से कुल 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया और ओजोन परत क्षरण से जुड़े चिंताओं और समाधानों को दर्शाने वाले विचारोत्तेजक पोस्टर प्रस्तुत किए। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने आयोजन समितियों के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों को उनके कलात्मक कौशल के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों को रेखांकित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने संकाय सदस्यों और छात्रों से अपील की कि वे ओज़ोन संरक्षण और जलवायु के परस्पर संबंध को गहराई से समझें।

### डिजिटल कंपनी में 40 करोड़ की ठगी, छह गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में नूंह जिला से छह लोगों को काबू किया है। आरोपियों ने गुरुग्राम की मोबिक्विक वॉलेट कंपनी में 40.22 करोड़ रुपए की ठगी की। पुलिस ने आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 2500 से अधिक बैंक खाते फ्रीज किए हैं। सेक्टर-53 थाना प्रभारी रामबीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कंपनी से संबंधित दस्तावेज और बैंक की जानकारी मांगी गई है। शक यह भी है कि इस मामले में कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों की भी भूमिका हो। मोबिक्विक कंपनी के कानूनी सलाहकार बालकिशन लाधानिया ने सेक्टर-53 थाने में एफआईआर दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर को खातों की जांच करते समय उन्हें कुछ संदिग्ध लेन-देन मिले। जांच में पता चला कि कुछ मोबिक्विक वॉलेट की गड़बड़ी के कारण ग्राहक उसका फायदा उठाते हुए गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। यूपीआई से कोई ट्रांजेक्शन फेल होती है तो पैसे दूसरे के खाते में ट्रांसफर नहीं होते। यहां तकनीकी खराबी की वजह से फेल हुई ट्रांजेक्शन के रुपए भी लोगों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो रहे थे। कुछ लोगों द्वारा अपने वॉलेट में मौजूद राशि से भी अधिक रुपए ट्रांसफर किए जा रहे थे। इस तरह से कंपनी के साथ 40 करोड़ 22 लाख 32 हजार 210 रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर कोई भी मोबिक्विक ग्राहक अपने यूपीआई के माध्यम से अपने मोबिक्विक वॉलेट से भुगतान करता है या फिर वह क्यूआर कोड या साउंडबॉक्स को स्कैन करके रकम ट्रांसफर करता है। तब जाकर खाते में रकम जमा हो पाती है। यहां तकनीकी गड़बड़ी के चलते कुछ लेन-देन अटके। इसके बाद भी वे व्यापारी के पक्ष में सफल प्रदर्शित किए गए थे। यहीं से गड़बड़ी की आशंका हुई।

### विधायक पवन बने हरियाणा कराटे एसो. के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** हरियाणा ओलंपिक भवन पंचकूला में बीते दिनों हरियाणा कर्राटे एसोसिएशन का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव में विधायक पवन खरखौदा को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव में जस कालरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार, सूर्यदेव, कुमारी अंजली को उपाध्यक्ष, अनूप सिंह को महासचिव, अनिल भारद्वाज, अंकित जागलान व कमलेश नेहरा को सह सचिव, मोहित को कोषाध्यक्ष व नरवीर मलिक, विवेक कुमार, ललित बेदी व जयदेव को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया। चुनाव में एसोसिएशन के अधिकृत सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और मतदान प्रक्रिया को सफल बनाया। यह चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नियुक्त चुनाव अधिकारी रविन्द्र पानू, सह सचिव हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन, नीरज तंवर उपाध्यक्ष हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन व योगेश कालरा, महासचिव कर्राटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया की देखरेख में आयोजित किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष पवन खरखौदा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि हरियाणा में खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### नायब सिंह सैनी ने नई स्टेट एनवायरमेंट प्लान का किया अनावरण, कहा–

# पर्यावरणीय परिदृश्य का होगा संपूर्ण विश्लेषण

**अनंत ज्ञान, पंचकुला**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को यहां नई स्टेट एनवायरमेंट प्लान का अनावरण किया। यह महत्वपूर्ण योजना राज्य के पर्यावरणीय परिदृश्य का संपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसमें कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, परिवहन, उद्योग, और प्रदूषण (वायु और ध्वनि) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर किया गया है, इसके साथ ही जैव विविधता को भी शामिल किया गया है। यह स्टेट एनवायरमेंट प्लान हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इंस्टिट्यूट फॉर गवर्नेस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आईजीएसडी) और ऊर्जा और संसाधन संस्थान के बीच साझेदारी के माध्यम से विकसित की गई है।

इस मौके पर एक उच्च-प्रभाव वाली रिपोर्ट, 'सततता की ओर डुअल स्ट्रैटेजी स्प्रिंट' हरियाणा के लिए नॉन पाथवे' भी जारी की गई।

यह दस्तावेज एक दो-तरफा दृष्टिकोण की मांग करता है। तेजी से सक्रिय होने वाले जलवायु बलों के रूप में प्रदूषण या शॉर्ट-लिव्ड क्लाइमेट पॉल्यूटेंट्स से निपटने पर जोर देता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि शॉर्ट-लिव्ड क्लाइमेट पॉल्यूटेंट्स न्यूनीकरण तुरंत दोहरा लाभ प्रदान करता है। यह हवा की गुणवत्ता को नाटकीय रूप से सुधारता है और जलवायु परिवर्तन से तेजी से लड़ता है। येथाई स्थिति स्पष्ट है। हरियाणा में 2022 गर्मी तनाव के अनुभव ने पहले से ही फसलों को महत्वपूर्ण नुकसान दिखाया। भविष्य के आकलनों में अनुमान लगाया गया है कि मध्य शताब्दी तक आवश्यक सिंचित चावल और गेहूं की पैदावार में 15–17% की कमी आएगी। यह राज्य की खाद्य सुरक्षा के लिए एक गंभीर जोखिम प्रस्तुत करता है। यह रिपोर्ट आईजीएसडी , हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और ऊर्जा और संसाधन संस्थान द्वारा मिलकर विकसित की गई थी।

नायब सिंह सैनी ने कहा, यहां तक कि अगर हमारा जीडीपी दुनिया में सबसे उच्च है, अगर हमारी हवा प्रदूषित है, हमारा पानी प्रदूषित है, और हमारे आवश्यक संसाधन समाप्त हो रहे हैं, तो हमारी जिंदगी का कोई अर्थ नहीं होगा, चाहे हमारी अर्थव्यवस्था कागज पर कितनी मजबूत दिखती हो।

उन्होंने एकजुट मोर्चे की अपील करते हुए कहा कि मानव जीवन की तीन आवश्यकताएं खाद्य, पानी, और ऑक्सीजन आज सभी प्रदूषित हैं। सरकार अपनी कोशिशें जारी रखेगी, लेकिन जब तक एनजीओ, छात्र, समुदाय और सामान्य नागरिक हाथ नहीं मिलाते, कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं बदलेगा।

#### लोग गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण पर अभी जागरूक नहीं

पर्यावरण, वन और वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने सार्वजनिक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, सर्वाधिक समस्या कचरे का पृथक्करण है। लोग गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के बारे में अभी भी जागरूक नहीं हैं। केवल जुर्माना और चालान समस्या का समाधान नहीं कर सकते–बदलाव भीतर से आना चाहिए। सदस्य सचिव एचएसपीसीबी प्रदीप कुमार, आईएएस ने राज्य की दीर्घकालिक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कहा कि हमारा ध्यान केवल अल्पकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने पर नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने पर है कि हरियाणा में विकास हमेशा स्थिरता के सिद्धांतों के साथ संरेखित हो। विकास कभी भी हमारे पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन, प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण, और वायु और जल गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विभागीय प्रयासों का विवरण भी दिया।

## देश में परिवहन और सड़क निर्माण का ढांचा बदल रहा : अजय टम्टा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा का आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर आगमन हुआ। एयरपोर्ट पर मौजूद रहते हुए मुझे भी उनसे विशेष साक्षात्कार करने का अवसर मिला। अजय टम्टा न केवल एक जनप्रिय और सरल स्वभाव के नेता हैं बल्कि अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाने वाले सक्रिय मंत्री के रूप में भी जाने जाते हैं।

अजय टम्टा का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि वे हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी क्षेत्रों से लौट रहे थे, जहां उन्होंने हाल ही में हुई भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से राहत कार्य कर रही है और सड़क परिवहन मंत्रालय की टीमें दिन-रात प्रभावित क्षेत्रों में सड़क मार्ग बहाल करने में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं पर काम चल रहा है, उन्हें समय पर पूरा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसी क्रम में उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे 20 सितंबर तक चल रही परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करें ताकि स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द सुविधा मिल सके।

अपने दौरे के दौरान अजय टम्टा ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम से भी भेंट की और आपदा प्रबंधन एवं विकास परियोजनाओं पर चर्चा की। मंत्री ने बातचीत में यह भी कहा कि देश में परिवहन और सड़क निर्माण का ढांचा अभूतपूर्व गति से बदल रहा है। इस मौके पर उन्होंने 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अखबार जमीनी स्तर पर सच्ची और निष्पक्ष ख़बरें जनता तक पहुंचा रहा है और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दे रहा है।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण दूत बनने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पर्यावरण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन ने विश्व ओजोन दिवस 2025 का आयोजन सरंगपुर स्थित बोटैनिकल गार्डन, चंडीगढ़ में किया। इस वर्ष का विषय था 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: सतत भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग।' कार्यक्रम का आयोजन यूटी चंडीगढ़ के विद्यालयों और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से किया गया, जिसमें 150 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ कुमार, आईएफएस, मुख्य वन संरक्षक सह निदेशक (पर्यावरण), चंडीगढ़ प्रशासन ने शिरकत की। कार्यक्रम में अंतर-विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य जागरूकता फैलाना और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत 'फ्रॉम डिस्कवरी टू रिकवरी ए साइंटिफिक जर्नी' शीर्षक से एक शैक्षिक फिल्म के प्रदर्शन से हुई, जिसमें ओजोन छिद्र की खोज और उसके क्रमिक सुधार के लिए किए गए वैश्विक प्रयासों को दर्शाया गया।

विभाग द्वारा विशेष रूप से तैयार ओजोन संरक्षण संबंधी ज्ञान सामग्री भी जारी की गई, जिसे विद्यार्थियों में वितरित किया गया। अनुप कुमार, आईएफएस, वन संरक्षक सह अतिरिक्त निदेशक (पर्यावरण) ने जटिल वैज्ञानिक तथ्यों को सरल भाषा में समझाया ।

## इनेलो ने लॉन्च किया 'इनेलो सेवक' एप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने शिकायतें दर्ज कराने के लिए एक एप लॉन्च किया। इस एप का नाम 'इनेलो सेवक' है। मंगलवार को इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने एप को लांच किया। उन्होंने कहा कि इनेलो सेवक एप जनसमस्या समाधान का बड़ा विकल्प बनेगा।

अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो सेवक एप के जरिये लोग सीधे मुझसे जुड़ सकेंगे, जिसमें लोग अपनी समस्याओं के बारे में बताएंगे। इसके बाद इनेलो की ओर से जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को लिखा जाएगा और समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। एप पर आने वाली शिकायतों का डाटा हर 15 दिन बाद मीडिया को भी जारी किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी का जीवन जनसेवा को समर्पित : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस और महात्मा गांधी की जयंती को समर्पित सेवा पखवाड़ा के लिए तैयारियों की जानकारी दी। सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक पूरे देशभर में किया जाएगा।

इस अवसर पर पार्टी कार्यालय कमलम में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का मूल भाव 'सेवा ही संगठन' है। इस अवधि में भाजपा कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा, सहयोग और समर्पण का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का पूरा जीवन जनता की सेवा के लिए समर्पित रहा है और इस अवसर पर पार्टी




कार्यक्रम के दौरान मौजूद जितेंद्र पाल मल्होत्रा व अन्य।

कार्यकर्ता विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन मूल्यों को समाज तक पहुंचाएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और पोषण जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, डिजिटल साक्षरता और दिव्यांग व जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, प्रत्येक कार्यक्रम में संकल्प भी कराया जाएगा ताकि जनता राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ सके। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश महामंत्री रामबीर भट्टी, महामंत्री संजीव राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पंचाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा की महामंत्री प्रिया पासवान और प्रदेश मीडिया इंचार्ज रवि रावत उपस्थित रहे।

## देश-विदेश

# तत्काल के बाद जनरल रिजर्वेशन में भी ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




टिकट इंडियन रेलवे एक अक्तूबर से ऑनलाइन टिकट बुकिंग सिस्टम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। रेल मंत्रालय ने ऐलान किया है कि अब तत्काल टिकट की तरह ही जनरल रिजर्वेशन (सामान्य आरक्षण) टिकट की बुकिंग करते वक्त भी ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा।

**पहले 15 मिनट सिर्फ आधार ओटीपी से कर सकेंगे बुक**

रेल मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी कर इसकी जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार आईआरसीटीसी वेबसाइट या एप पर जनरल रिजर्वेशन खुलने के पहले 15 मिनट में टिकट बुक करने के लिए आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इससे फर्जी आईडी, एजेंट्स की टिकटों की कालाबजारी और बॉट्स की बुकिंग पर लगाम लगेगी। अगर आपका आईआरसीटीसी अकाउंट पहले से आधार से लिंक है, तो बुकिंग आसान रहेगी। वेटिंग कम होगी और टिकट्स जल्दी कन्फर्म होंगे। रेलवे के कंप्यूटरीकृत पीआरएस काउंटरों पर जनरल रिजर्वेशन टिकट बुक करने का पुराना शेड्यूल वही रहेगा। साथ ही, रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंट्स के लिए पहले दिन टिकट बुकिंग पर 10 मिनट की पाबंदी भी बिना किसी बदलाव के जारी रहेगी।(अनंत ज्ञान)

### अहमदाबाद में चपरासी ने चुराए 3.80 करोड़ के गहने

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक शोरूम से 3.81 करोड़ की ज्वेलरी चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने सूरत से अरेस्ट कर लिया। आरोपी शोरूम का ही चपरासी था, जो शनिवार की रात चोरी कर फरार हो गया था। मणिनगर इलाके की रामेश्वर सोसायटी में रहने वाले पवित्रो बेरा ने अहमदाबाद के कालूपुर थाने में 3.81 करोड़ रुपए की कीमत के गहने चोरी का मामला दर्ज करवाया था। सीसीटीवी फुटेज में शोरूम में चोरी करते हुए चपरासी शाहरुखुद्दीन मीर साफ नजर आ गया था। इसके बाद पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुटीं और उसे सूरत की सारोली इलाके में गहनों के साथ धर दबोचा। (अनंत ज्ञान)

# युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा और सोनू सूद से ईडी करेगी पूछताछ

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बेटिंग ऐप मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडीने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार, 16 सितंबर को बताया कि ईडी ने कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा और एक्टर सोनू सूद को पूछताछ के लिए तलब किया है। सूत्रों के अनुसार अधिकारियों ने कहा कि रॉबिन उथप्पा, युवराज सिंह और सोनू सूद को 1×Bet नामक प्लेटफॉर्म से जुड़े एक मामले में अगले सप्ताह अलग-अलग दिन पेश होने और मनी लॉन्ड्रिंग कानून (पीएमएलए) के तहत अपने बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

**बेटिंग ऐप मामले ईडी ने भेजा समन**

अधिकारी ने बताया कि उथप्पा को 22 सितंबर को, युवराज सिंह को 23 सितंबर को और सोनू सूद को 24 सितंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। इस जांच एजेंसी ने इस मामले में पिछले कुछ हफ्तों में पूर्व क्रिकेटरों सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की है। इसके अलावा सोमवार को इस मामले में पूर्व टीएमसी सांसद और एक्टर मिमी चक्रवर्ती का बयान भी दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

### जलते बाइक सवार को ट्रक के नीचे से खींचा

**एजेंसी, इंदौर।** इंदौर में बेकाबू ट्रक ने कई लोगों और वाहनों को कुचला। शहर के एयरपोर्ट रोड पर इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान तीसरे व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक, ट्रक ने करीब 15 लोगों को चपेट में लिया। हादसे के दौरान ट्रक में आग लग गई। पहले यह सूचना आई थी कि गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी। फिर पुष्टि हुई कि ट्रक की टक्कर के बाद उसमें एक बाइक फंस गई थी। ट्रक लगातार बाइक को रगड़ते हुए चल रहा था, जिससे उसमें ब्लास्ट हो गया और ट्रक में आग लग गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया है और वे इंदौर के अस्पतालों में भर्ती घायलों से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच के लिए अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है, जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सोना 1.11 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को यानी 16 सितंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,029 रुपए बढ़कर 1,10,540 पर पहुंच गया है। इससे पहले कल यह 1,09,511 रुपए पर था। वहीं, चांदी भी 1,198 रुपए बढ़कर 1,28,989 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी 1,27,791 रुपए पर थी। इस साल अब तक सोने की कीमत 34,378 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,10,540 रुपए का हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 42,972 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,28,989 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

**1.29 लाख रुपए किलो के रिकॉर्ड पर पहुंची चांदी**



# ट्रंप और पाक पीएम शहबाज शरीफ की जल्द हो सकती है मुलाकात

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जल्द ही मुलाकात हो सकती है। दोनों के बीच यह मुलाकात न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान होने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक इस सत्र के लिए पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ अमेरिका जा रहे हैं। जहां शहबाज शरीफ 25 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक कर सकते हैं।

इस दौरान पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर भी मौजूद रहेंगे। मुनीर की यह ट्रंप से तीसरी मुलाकात होगी। इससे पहले जून और अगस्त में भी दोनों के बीच बातचीत हुई थी। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभाला है, तब से पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते लगातार बेहतर हो रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ टैरिफ की वजह से भारत और अमेरिका के बीच की दूरियां बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### जैश ने माना 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारा गया मसूद का परिवार

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के दूसरे दिन मंगलवार को शेयर बाजार हरे निशान पर जाकर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी ने दम दिखाया और एक प्रतिशत का उछाल मारा। 30 शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स की बात करें तो सेंसेक्स 594.95 अंक यानी कि 0.73 प्रतिशत उछला और 82,380.69 अंक पर बंद हुआ।

**ऑटो, रियल्टी, टेलीकॉम शेयरों में दिखी तेजी**

वहीं, 50 शेयरों वाला सूचकांक एनएसई का निफ्टी फिफ्टी 169.90 अंक चढ़ा। इस तरह से निफ्टी 0.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। एनएसई पर आज 3,152 शेयरों में ट्रेडिंग हुई, जिनमें से 2,005 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। इसके साथ ही 1,059 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 88 स्टॉक के रेट में कोई अंतर नहीं आया। (अनंत ज्ञान)

### टीएमसी सांसद पठान को गुजरात हाईकोर्ट से झटका

**एजेंसी, अहमदाबाद।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद युसूफ पठान को करारा झटका लगा है। गुजरात कोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर को जमीन विवाद में कोई भी राहत देने से इनकार करते हुए है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद अब सवाल खड़ा हो गया है कि क्या युसूफ पठान खुद वडोदरा नगर निगम का कब्जाया हुआ प्लॉट खाली करेंगे या फिर वडोदरा नगर निगम बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई करेगी। पठान की तरफ से कोर्ट में कहा कि मैं जमीन की कीमत देने को तैयार हूं। मैंने जमीन पर कब्जा किया है, यह स्वीकार करता हूं और आज की बाजार कीमत चुकाने को तैयार हूं। इस पर भी कोर्ट ने राहत देने से इनकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# गोरखपुर में पशु तस्करों ने की नीट छात्र की हत्या

**एजेंसी, गोरखपुर**

पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगलधूसड़ गांव में सोमवार आधी रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब पशु चोरी करने आए तस्करों ने 19 वर्षीय नीट की तैयारी कर रहे छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी।

गांव वालों ने दावा किया है कि रात करीब 12.30 बजे तीन गाड़ियों से पशु तस्कर गांव पहुंचे। वे मवेशियों को खूंटे से खोल रहे थे, तभी ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। इसी बीच दीपक भी शोर सुनकर बाहर निकला और तस्करों के पीछे दौड़ा। तस्करों ने उसे पकड़ लिया और जबरन गाड़ी में बैठा लिया। उसके बाद आरोपियों ने उसे गोली मार दी और शव को सरैया गांव के पास फेंक दिया।

एसएसपी गोरखपुर राज करण नैय्यर ने बताया कि पिपराइच थाना क्षेत्र में सुबह 3 बजे एक गांव में पशु तस्कर 2 गाड़ियों में आए थे, जिनमें से एक गाड़ी गांव में फंस गई थी, जिससे तस्कर भाग निकले। दूसरी गाड़ी का गांव के एक युवक के द्वारा पीछा किया गया। युवक के सिर पर चोट आई और उसकी मौत हो गई। कुछ लोगों के द्वारा कहा जा रहा था कि गोली मारी गई है, लेकिन प्रथम दृष्टया चोटों को देखने पर कोई गोली लगने की बात सामने नहीं आई है। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश फैल गया। (अनंत ज्ञान)

**ग्राउंड ऑपरेशन** लगभग 3.2 लाख लोगों ने छोड़ा शहर

# इसराइल ने गाजा सिटी में शुरू किए जमीनी हमले, 41 की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव**



इसराइल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सीएनएन ने मंगलवार सुबह दो इसराइली अधिकारियों के हवाले से इसकी पुष्टि की। यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इसराइल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए।

इसराइली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर छोड़ दिया है। इसराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से आतंकियों के ठिकानों पर हमले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे और न ही रुकेंगे, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने बंधकों को लेकर हमास को दी खुली धमकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी कि अगर वे बंधकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो अब कोई रियायत नहीं की जाएगी। ट्रंप ने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दिया। इसके साथ ही ट्रंप ने दोहराया कि इसरायल भविष्य में कतर पर हमला नहीं करेगा। यह बयान उस घटना के बाद आया है, जब इसरायल ने हाल ही में कतर की राजधानी दोहा में फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के राजनीतिक कार्यालयों पर बमबारी की थी। इस हमले की कड़ी निंदा यूरोप और अरब दुनिया ने की थी।

### तेलंगाना में बिजली अधिकारी के ठिकानों पर एसीबी ने मारे छापे, 2 करोड़ जब्त

**एजेंसी, हैदराबाद**

तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को बिजली विभाग के एक अधिकारी के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान अधिकारियों को 2 करोड़ रुपए नकद मिले, जिसे जब्त कर लिया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी के अधिकारी मंगलवार सुबह से ही सहायक मंडल अभियंता अंबेडकर और उनके रिश्तेदारों के घरों और ठिकानों की तलाशी ले रहे हैं।

हैदराबाद के मणिकोंडा इलाके में एडीई (सहायक मंडल अभियंता) के पद पर काम करने वाले अंबेडकर पर आरोप है कि उन्होंने अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से ज्यादा संपत्ति जमा की है। एसीबी की 15 टीमें शहर के कई इलाकों में छापेमारी कर रही थीं।

एसीबी अधिकारियों ने अंबेडकर के नाम पर तीन प्लॉटों की पहचान की है। इसके अलावा, गच्चीबावली इलाके में उनकी एक इमारत भी है। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने सोने के आभूषण भी जब्त किए। वे अब इन आभूषणों की कीमत का आकलन कर रहे हैं। इसके साथ ही, अधिकारी अंबेडकर और उनके रिश्तेदारों की संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्टेसी एचआईएल टीम कलिंगा लांसर्स के कोच नियुक्त

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते। इसके अलावा वह कुआलालंपुर में 1998 राष्ट्रमंडल खेल और 1999 में चैंपियन्स ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। स्टेसी ने वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया। स्टेसी ने दुनिया भर के क्लबों के अलावा ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियम के घरेलू सर्किट में कोच की भूमिका निभाई है। वह एचआईएल के 2016 और 2017 सत्र में मुंबई फ्रेंचाइजी के भी कोच थे। लांसर्स से जुड़ने से पूर्व वह 2022 से ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह खिताब का बचाव करने के लिए उतरेंगे

**एजेंसी, तोक्यो।** भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा। उन्होंने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है। यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। (अनंत ज्ञान)

### गुलवीर, अभिषेक पाल और लिली दास दिल्ली हाफ मैराथन में लेंगे भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह के साथ भारत के कुछ प्रमुख मध्यम और लंबी दूरी के धावक अगले महीने वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लेंगे। एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 5,000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ में दोहरे स्वर्ण पदक विजेता और दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने 12 अक्तूबर को होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। वह इस साल राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक पाल और अन्य के साथ 'एलीट' भारतीय वर्ग में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला वर्ग में मौजूदा दिल्ली हाफ मैराथन की भारतीय चैंपियन लिली दास, संजीवनी जाधव (टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु स्वर्ण पदक विजेता और हाल ही में बेंगलुरु में संपन्न सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर में रजत पदक विजेता) और 2023 दिल्ली हाफ मैराथन विजेता कविता यादव, 'एलीट' भारतीय श्रेणी में खिताब की दावेदार होंगी। अभिषेक 2018 और 2023 में दिल्ली हाफ मैराथन के भारतीय विजेता रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पेशेवर वॉलीबॉल खिलाड़ी जेहरा गुनेस

**जेहरा** गुनेस तुर्की की एक पेशेवर वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं। वह मध्य अवरोधक पद पर खेलती हैं। वर्तमान में वह वाकिफबैंक इस्तांबुल के लिए खेलती हैं और तुर्की महिला राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम की सदस्य हैं। उन्हें 2017-18 वेस्टेल वीनस सुल्तांस लीग का वेस्टेल विशेष पुरस्कार भी मिला है।



### बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती

**एजेंसी, शेनझेन (चीन)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है।

इस साल सिंधू अच्छी लय में नजर आईं और पहला गेम 10 मिनट से थोड़े अधिक समय में जीत लिया। दूसरे गेम में भी यही सिलसिला जारी रहा। पिछले दो मुकाबलों में डेनमार्क की खिलाड़ी को हराने वाली सिंधू ने 4-1 की बढ़त बनाई लेकिन जैकबसन ने स्कोर 4-4 कर दिया। इसके बाद सिंधू ने बेहतरीन तकनीक का नजारा पेश करते हुए प्रतिद्वंद्वी की चुनौती को ध्वस्त कर दिया। सिंधू ने लगातार छह अंक के साथ स्कोर 11-8 से 17-8 पर किया और फिर आसानी से कैच जीत लिया। (अनंत ज्ञान)

## दूसरा महिला वनडे: खराब फील्डिंग के कारण पहले मैच में मिली हार

# आज शृंखला बराबर करने उतरेगा भारत

**एजेंसी, मुलांपुर (पंजाब)**



**मैच दोपहर 1:30 बजे से होगा शुरू**

खराब फील्डिंग के कारण पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हार का सामना करने वाली भारतीय टीम को अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की शृंखला में वापसी करनी है तो उसे बुधवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया।

उसने प्रतीका रावल, करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और हरीन देओल के अर्धशतकों की बदौलत चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया, लेकिन भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही जो उसकी हार का कारण बना।

भारतीय टीम इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप की तैयारी में जुटी है जहां उसे ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में किसी भी विभाग में गलती का उसे बड़ा नुकसान पहुंचेगा। पहले वनडे में भारतीय खिलाड़ियों ने चार कैच छोड़े जिसका फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया 281 रन के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा। भारत को अगर दूसरे वनडे में जीत हासिल करनी है तो उसको अपनी फील्डिंग में काफी सुधार करना पड़ेगा। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया जिस तरह से प्रदर्शन कर रहा है उसे देखते हुए उसने खुद को आठवां विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बना दिया है। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम विश्व कप से पहले अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। घरेलू परिस्थितियां और पिचें उनके अनुकूल हैं, लेकिन फिर भी भारतीय टीम लड़खड़ा गई और इसका दोष उसके क्षेत्ररक्षण, मध्य और निचले क्रम की बल्लेबाजी और स्पिनरों को दिया जा सकता है। भारत को अपने स्पिन आक्रमण के दम पर विश्व कप में जीत का दावेदार माना जा रहा है लेकिन पहले वनडे में उसके स्पिनर ने निराश किया। भारत ने इस मैच में चार स्पिनर उतारी थी लेकिन केवल स्नेह राणा ही विकेट हासिल कर सकी। दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और राधा यादव एक भी विकेट नहीं ले पाईं।

ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी महिला प्रीमियर लीग में खेलने के कारण भारतीय परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है। आस्ट्रेलिया की उप-कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने शृंखला से पहले सही कहा था कि उनके खिलाड़ी काफी भाग्यशाली हैं जो उन्हें समय-समय पर भारत की यात्रा करने का मौका मिलता रहता है। यह हार भारत के लिए खतरे की घंटी है, क्योंकि 300 के आसपास का कोई भी लक्ष्य आस्ट्रेलियाई टीम आसानी से हासिल कर सकती है।

उसके पास हीली, बेथ मूनी, फोएबे लिचफील्ड, एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड जैसे कई टी-20 और एकदिवसीय विश्व कप में खेलने वाले अनुभवी खिलाड़ी हैं। भारत को अगर शृंखला बराबर करनी है तो उसके मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष और दीप्ति शर्मा को भी टिककर खेलना होगा। (अनंत ज्ञान)

### स्मृति मंधाना बनीं नंबर वन बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई।** भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना वनडे में फिर से नंबर एक बल्लेबाज बन गई हैं। आईसीसी की ताजा महिला वनडे रैंकिंग में उन्होंने फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अर्धशतक जड़ने के बाद मिली। मुल्लांपुर में खेले गए तीन मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में मंधाना ने 63 गेंदों में 58 रन बनाए, लेकिन उनका यह प्रयास बेकार गया क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। नंबर एक रैंकिंग 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप से पहले मंधाना के आत्मविश्वास को बढ़ावा देगी। इस अर्धशतक से उन्हें सात रेटिंग प्वॉइंट्स मिले और वे इंग्लैंड की नैट स्किवर-ब्रंट से चार अंक आगे निकल गईं, जो अब दूसरे स्थान पर हैं। मंधाना के अब 735 रेटिंग प्वॉइंट्स हैं, जबकि स्किवर-ब्रंट के 731। मंधाना ने पहली बार 2019 में नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी और अब 2025 में दूसरा मौका है जब वे शीर्ष स्थान पर पहुंची हैं।

## एशिया कप में अफगानिस्तान और बांग्लादेश में कांटे की टक्कर

**एजेंसी, अबुधाबी**

एशिया कप 2025 का 9वां मैच अफगानिस्तान और बांग्लादेश के बीच अबुधाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेला गया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी।

टीम ने 6 ओवर में बिना नुकसान के 59 रन बना लिए थे। तंजीद हसन तमीम और मोहम्मद सैफ हसन क्रीज पर थे। दोनों के फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी थी। बांग्लादेशी टीम ने पिछले मैच की प्लेइंग-11 में 4 बदलाव किए थे। तस्कीन अहमद वापसी कर रहे हैं। वहीं, अफगानिस्तान की टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ था। वहीं अफगानिस्तान और बांग्लादेश में कांटे की टक्कर जारी थी।

अगर आज अफगान टीम जीतती है, तो सुपर-4 में पहुंच जाएगी। हार की स्थिति में भी टीम के पास एक मौका होगा।

वहीं, बांग्लादेश को सुपर-4 की रेस में बने रहना है तो यह मैच जीतना ही होगा, हारने पर टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। श्रीलंका ने सुपर-4 में प्रवेश कर लिया है।



## जैसमीन और मीनाक्षी की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में तीन साल से भी कम समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब वह अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलों के महाकुंभ की तैयारी के लिए करेंगी।

जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर पदक के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया। जैसमीन साथी स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी हुड्डा, निकहत जरीन और नूपुर श्योराण सहित टीम की अन्य साथियों सहित यहां पहुंचीं। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विदेशी धरती पर विश्व चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

विश्व चैंपियनशिप में तीसरे प्रयास में सफलता हासिल करने वाली 24 वर्षीय जैसमीन ने कहा, ''यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं।''

दिग्गज भारतीय मुक्केबाज और एशियाई खेलों के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता हवा सिंह की रिश्तेदार जैसमीन ने कहा, ''मैं दो बार पदक से चूक गई लेकिन अब मैंने स्वर्ण पदक के साथ वापसी की है इसलिए यह बहुत संतोषजनक है। हां, प्रशिक्षण उसके (ओलंपिक पदक) लिए होगा और मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग पर उसी के अनुसार काम करेंगे।'' जैसमीन के कोच संदीप लंबोरिया ने लॉस एंजिलिस में उनके पदक जीतने का भरोसा जताया। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय टीम की जर्सी का प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**तीन साल के लिए 579 करोड़ का सौदा, जल्द होगी इसकी घोषणा**

ऑनलाइन गेम मंच ड्रीम 11 के बाहर होने के बाद अपोलो टायर्स भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी का नया प्रायोजक होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी।

सरकार द्वारा पेश किए गए नए कानून के तहत ड्रीम 11 सहित वास्तविक धनराशि वाले गेमिंग मंच पर प्रतिबंध लगाने के बाद बीसीसीआई के पास टीम की जर्सी के लिए कोई प्रायोजक नहीं था। भारतीय टीम वर्तमान में दुबई में एशिया कप में बिना किसी जर्सी प्रायोजक के खेल रही है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''अपोलो टायर्स के साथ करार हो गया है। हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे।''

विश्वसनीय जानकारी के अनुसार तीन साल के इस सौदे की कीमत 579 करोड़ रुपए है। यह ड्रीम 11 के साथ इसी अवधि के लिए हुए 358 करोड़ रुपये के समझौते से ज्यादा है। टायर क्षेत्र की इस बड़ी कंपनी के साथ हुए इस सौदे में 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं। ड्रीम 11 ने हाल ही में 'ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनिमयन' के कारण अपने वास्तविक धन वाले गेम बंद कर दिए हैं। अधिनियम में कहा गया है कि ''कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाना, प्रेरित, लिप्त या संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए प्रोत्साहित करता हो।

मुख्य प्रायोजक अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने इस महीन की शुरूआत में बोलियां आमंत्रित करने के साथ ही कहा था कि टीम एशिया कप में बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## यूएई के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी पाकिस्तान को

**एजेंसी, दुबई**

**पाकिस्तान की टीम को खेल के हर विभाग में करना होगा सुधार**

अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा।

भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है और पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा।

पाइक्रॉफ्ट को टूर्नामेंट के पाकिस्तान के अंतिम लीग मैच के दौरान मैच रेफरी की भूमिका निभानी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है। भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है, लेकिन यह कहानी का केवल एक पहलू है, क्योंकि पाकिस्तान को मैदान पर इससे भी अधिक गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है।

ओमान जैसी कमजोर टीम को बड़े अंतर से हराने के बाद पाकिस्तान को अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण टी-20 में विश्व चैंपियन भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के बल्लेबाजों के पास भारत के स्पिनरों कुलदीप यादव और अक्षर पटेल का कोई जवाब नहीं था। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के सामने भी मुश्किल में दिखे।

पाकिस्तान के उभरते हुए खिलाड़ियों जैसे सैम अयूब, साहिबजादा फरहान और हसन नवाज ने ही कुछ प्रभाव छोड़ा था।

यूएई के खिलाफ जीत हासिल करने पर पाकिस्तान सुपर 4 में जगह बना लेगा। भारत पहले ही इस ग्रुप से अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर चुका है। पाकिस्तानी गेंदबाजों को भारतीय बल्लेबाजों की आक्रामकता और कौशल के सामने संघर्ष करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### इस वर्ष मैं बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं: आर वैशाली

**एजेंसी, समरकंद (उज्बेकिस्तान)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कहा कि यहां फिडे ग्रैंड स्विस खिताब उनके लिए महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है क्योंकि लगातार सुधार के प्रयासों के बावजूद पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

वैशाली लगातार दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने इस जीत से 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया। वैशाली से जब 2023 में मिली जीत और हाल की जीत के बीच में तुलना करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा,''यह कहना मुश्किल है कि कौन सी जीत बेहतर थी। 2023 में जब मैं संघर्ष कर रही थी तब मुझे जीत हासिल हुई थी और उसके बाद काफी चीज पटरी पर आ गई थी।''

उन्होंने कहा, ''इस वर्ष भी मैं बहुत मेहनत कर रही थी लेकिन परिणाम मेरे अनुकूल नहीं आ रहे थे, यह जीत बहुत महत्वपूर्ण है।'' दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी के बाद वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय बनीं।

वैशाली ने कहा, ''पिछले दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ। इस बीच कई ऐसे मुश्किल क्षण आए जिन्होंने मुझे एक खिलाड़ी और एक इंसान के रूप में मजबूत बनाया। अब मैं पहले से बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं।'' (अनंत ज्ञान)

## दिव्यांग दुर्गा का भारतीय क्रिकेट टीम में हुआ चयन



### महिला टी-20 विश्व कप में मचाएगी धमाल

**एजेंसी, बैतूल।** बैतूल जिले के छोटे से गांव रॉक्सी में रहने वाली आंखों से दिव्यांग बालिका दुर्गा येवले का चयन दिव्यांग टी ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप प्रतियोगिता के लिए हुआ है। भारत में ही आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अमेरिका, श्रीलंका, बांग्लादेश सहित लगभग सात देशों के दिव्यांग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेट के प्रति लगाव और जुनून नहीं रोक पाया रास्ता

**दिव्यांग** बालिका दुर्गा येवले को आर्थिक परिस्थितियों ने रोकने की कोशिश की लेकिन क्रिकेट के प्रति लगाव और जुनून उसका रास्ता नहीं रोक पाया। यही वजह है कि उसकी मेहनत सफल हो पाई है। दुर्गा के इसी जज्बे को देखते हुए कोच मनोज भी जमकर मेहनत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ब्लाइंड टी ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट का आयोजन 11 नवंबर से 25 नवंबर तक नेपाल में आयोजित किया जाएगा।

### बॉल में लगे घुंघरुओं की आवाज से लगाएगी शॉट

**दुर्गा ने जीता ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप का टिकट**

**खास** बात ये है कि दिव्यांग खिलाड़ी बॉल में लगे घुंघरुओं की आवाज सुनकर शॉट्स लगाएंगी तो वहीं बॉल को फील्ड भी कुछ इसी तरीके से किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के पहले दुर्गा शहर के स्टेडियम में जमकर पसीना बहा रही है। दुर्गा का कहना है कि ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप में चयन उसकी सालों की मेहनत का परिणाम है। इसके पूर्व वे जिला, संभाग और तीन बार नेशनल टूर्नामेंट खेल चुकी हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप: आनंद कुमार वेलकुमार ने खेल की दुनिया में छोड़ी छाप

# स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने एक बार फिर खेल की दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है। भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने चीन के बेइदाइहे में चल रही स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। 22 वर्षीय आनंदकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1000 मीटर स्प्रिंट रेस में 1:24.924 मिनट का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया और भारत को इस प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। (अनंत ज्ञान)

### चुनौतीपूर्ण खेल में भारत की ताकत

**बता** दें कि इससे पहले उन्होंने इसी चैंपियनशिप में 500 मीटर स्प्रिंट में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत को उसका पहला सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक दिलाया था। उन्होंने इस रेस को 43.072 सेकंड में पूरा किया था। ऐसे में इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से यह साफ हो गया है कि अब भारत सिर्फ क्रिकेट या बैडमिंटन में ही नहीं, बल्कि स्पीड स्केटिंग जैसे चुनौतीपूर्ण खेलों में भी दुनिया की बड़ी ताकत बनता जा रहा है।



### युवा स्केटर कृष शर्मा भी जीत चुके हैं गोल्ड

**इतना** ही नहीं भारत के लिए यह गर्व की बात यहीं नहीं रुकी। जूनियर कैटेगरी में युवा स्केटर कृष शर्मा ने भी 1000 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीतकर साबित कर दिया कि भारत का भविष्य स्केटिंग में भी बेहद उज्ज्वल है। भारत की स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में पहली जीत पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए लिखा कि भारतीय खेलों के लिए गर्व का पल। आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में 1000 मीटर स्प्रिंट में गोल्ड जीता।

### 130 करोड़ भारतीयों की है विजय

**गौरतलब** है कि भारत की तरफ से इस तरह की ऐतिहासिक उपलब्धि से यह साफ हो गया है कि अब भारतीय खिलाड़ी दुनिया के किसी भी मंच पर पीछे नहीं हैं। आनंदकुमार की इस जीत ने आने वाली पीढ़ियों को न सिर्फ प्रेरणा दी है, बल्कि यह भी बताया है कि सपने अगर बड़े हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई मंजिल दूर नहीं। उन्होंने कहा कि अपनी मंजिल को पाने के लिए हमें हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। यह जीत सिर्फ एक खिलाड़ी की नहीं, 130 करोड़ भारतीयों की जीत है, एक ऐसा पल, जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है।

## झाझरिया को पैरा-एथलेटिक्स में 20 से अधिक पदक जीतने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय पैरालंपिक समिति के प्रमुख देवेंद्र झाझरिया को विश्वास है कि देश का 73 सदस्यीय दल 27 सितंबर से यहां शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 20 से अधिक पदक जीत सकता है। यह चैंपियनशिप भारत में अब तक का सबसे बड़ा पैरा खेल आयोजन होगा, जिसमें 104 देशों के 2,200 से अधिक पैरा-एथलीट और सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल उसका अब तक का सबसे बड़ा दल है।

झाझरिया ने कहा, ''हमारे दल में 73 एथलीट हैं, जो विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा-खेल की प्रगति को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा, ''पिछली बार कोबे में आयोजित की गई चैंपियनशिप में भारत ने 17 पदक जीते थे। इस बार एक मजबूत टीम के साथ, मुझे विश्वास है कि हम 20 पदकों को पार कर लेंगे और घरेलू धरती पर इतिहास रचेंगे।

भारतीय टीम में अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी, दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन सुमित अंतिल के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में प्रवीण कुमार, निषाद, सिमरन शर्मा, प्रीति पाल, नवदीप, धर्मबीर नैन और प्रणव सूरमा जैसे नामचीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)